# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• 8 जून 2025 रविवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 09 • अंक : 22 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

979 : लुई पंचम डी लुए फ्रांस के सम्राट बने।
1557 : इंग्लैंड ने फ्रांस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1655 : यहूदियों ने रोम के खिलाफ बगावत की।
1658 : औरंगजेब ने आगरे के किले पर कब्जा किया।
1786 : आइसक्रीम के लिए व्यावसायिक तौर पर पहला विज्ञापन बनाया गया।
1824 : नोह कुशिंग ने वाशिंग मशीन का पेंटेट कराया।
1830 : जर्मनी के आविष्कारक कैम्बर्ज ने माचिस बनाई।
1948 : भारत की पहली विमान सेवा एयर इंडिया ने भारत और ब्रिटेन के बीच हवाई सेवा शुरू की।

## 24 घंटे में कोरोना के 391 नए मामले आए सामने

### केरल और गुजरात में सबसे ज्यादा मरीज मिले

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। पिछले 21 दिन में एक्टिव केसों की संख्या में 62 गुना की बढ़ोतरी हुई है। 16 मई को देशभर में कोविड के 93 एक्टिव केस थे, जिनकी संख्या अब 5755 पहुंच गई है। केंद्र सरकार के मुताबिक बीते 24 घंटे में 391 नए मामले सामने आए हैं। इनमें से 229 केस केरल और गुजरात में हैं। वहीं, मौत का आंकड़ा बढ़कर 59 पहुंच गया है। 6 जून को 4 और मरीजों की जान चली गई। कोरोना के नए वैरिएंट्स से जनवरी से 6 जून तक 59 मौतें हो चुकी हैं। इनमें 53 मौतें पिछले 16 दिन में हुई हैं। दिल्ली में 5 जून को पांच महीने के एक बच्चे की कोरोना से मौत हो गई। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 18 मरीजों ने जान गंवाई है। इस तरह




जनवरी से 6 जून तक देश में कोरोना के कुल 11,298 मामले आए हैं। इनमें से 48.54% मरीज रिकवर हो चुके हैं, बाकी का इलाज जारी है। सिर्फ 0.52% मामलों में मरीज की मौत हुई। ओडिशा में गर्मी की छुट्टियों के बाद स्कूल कोविड गाइडलाइन के तहत खोले गए हैं। शिक्षा मंत्री नित्यानंद गोंड ने बताया कि जिन बच्चों को सर्दी, खांसी या बुखार जैसे हल्के लक्षण हैं, उन्हें स्कूल में मास्क पहनना अनिवार्य है। गंभीर लक्षण वाले बच्चों को घर पर आइसोलेट होने की सलाह दी गई है।

## सोनिया गांधी की तबीयत बिगड़ी

**शिमला (नबिटा ब्यूरो)।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी का शनिवार को अचानक ब्लड प्रेशर बढ़ गया। इलाज के लिए उन्हें शिमला के इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लाया गया। यहां डॉक्टरों की टीम ने उनकी जांच की। आईजीआईएमएस के सीनियर मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. राहुल राव ने कहा, ''सोनिया गांधी रूटीन जांच के लिए आई थीं। स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स की टीम ने उनके जरूरी टेस्ट किए। जांच के बाद वह अस्पताल से लौट गईं।

## तीन लाख के इनामी नक्सली कमांडर ने किया समर्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया/लखीसराय।** 15 साल से फरार चल रहे कुख्यात नक्सली एरिया कमांडर रावण कोड़ा ने एसपी अजय कुमार के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। रावण पर तीन लाख रुपए का इनाम घोषित था। वह बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ में सक्रिय था। रावण कोड़ा लखीसराय के शीतला कोड़ासी गांव का रहने वाला है। एसटीएफ, एसएसबी और कजरा थाना पुलिस की संयुक्त सर्च ऑपरेशन से दबाव में आकर उसने एसपी कार्यालय में आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण के मौके पर अधिकारियों ने उसे चादर और माला पहनाकर स्वागत किया। रावण कोड़ा पर लखीसराय, जमुई और मुंगेर जिलों में 26 संगीन नक्सली वारदातों में शामिल होने के आरोप है। साल 2013 में धनबाद-पटना इंटरसिटी ट्रेन में यात्रियों, पुलिसकर्मियों और अधिकारियों की हत्या कर हथियार लूटने का भी आरोप है। इसके अलावा वह चानन, कजरा, पीरीबाजार (लखीसराय), बरियापुर (मुंगेर), लड़ैयाटांड, बरहट, खैरा और खड़गपुर (जमुई) थाना क्षेत्रों में दर्ज हत्या, अपहरण, आगजनी और आर्म्स एक्ट जैसे मामलों में वांछित था। एसपी अजय कुमार ने कहा कि राज्य सरकार की नक्सली पुनर्वास नीति के तहत रावण कोड़ा को सभी सुविधाएं दी जाएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि चानन, पीरीबाजार और कजरा के जंगलों में लगातार चल रहे सघन सर्च ऑपरेशन के चलते नक्सलियों पर दबाव बढ़ा है। आत्मसमर्पण के दौरान रावण कोड़ा ने कहा कि वह पिछले दस वर्षों से नक्सली संगठन से जुड़ा था और अब उसे समाज की मुख्यधारा में लौटकर राहत और संतोष मिल रहा है। उसने अपने अन्य साथियों से भी आत्मसमर्पण करने की अपील की है। एसपी अजय कुमार ने भी अन्य वांछित नक्सलियों से अपील की है कि वे मुख्यधारा में लौटकर समाज की सेवा करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ऐसे लोगों को रोजगार, शिक्षा और सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के तहत बिहार में बनेंगे 649 नए पुल

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के अंतर्गत बिहार के सभी जिलों में कुल 649 नए पुलों के निर्माण को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। राज्य सरकार के इस कदम से ग्रामीण इलाकों में संपर्कता और आवागमन बेहतर होगा। सभी स्वीकृत पुलों के निर्माण पर अनुमानित रूप से 297712.077 लाख की लागत आएगी। योजना के तहत राज्य के सभी जिलों को शामिल किया गया है। इसमें पूर्वी चंपारण को सबसे अधिक पुल निर्माण की स्वीकृति मिली है। पूर्वी चंपारण में 54 पुलों का निर्माण किया जाएगा जिसकी कुल लंबाई 1984.21 मीटर होगी। इन पर लगभग 20574.26 लाख खर्च होंगे। यह जिला राज्य में पुल निर्माण के लिहाज से सबसे अग्रणी स्थान पर है। राजधानी पटना की बात करें तो यहां 14 पुलों का निर्माण प्रस्तावित है। इनकी कुल लंबाई 579.13 मीटर होगी। इन पर अनुमानित 7203.72 लाख की लागत आएगी। इससे शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के बीच संपर्क और सुगमता, किसानों को बाजार से जोड़ना, स्वास्थ्य और शिक्षा सेवाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित करना और ग्रामीण क्षेत्रों को उद्योगोन्मुखी बनाना है। इसके माध्यम से राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास को मजबूती मिल रही है।

## राष्ट्रपति का देवघर दौरा स्थगित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का देवघर दौरा फिलहाल स्थगित हो गया है। राष्ट्रपति मुर्मू 11 जून को देवघर के एम्स में आयोजित दीक्षांत समारोह में शामिल होने वाली थीं। उससे पहले बाबा धाम मंदिर में पूजा करने का भी कार्यक्रम था। लेकिन शुक्रवार देर शाम राष्ट्रपति भवन से सूचित करते हुए जिला प्रशासन और राज्य के अधिकारियों को यह जानकारी दी गई कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 10 जून को देवघर नहीं पहुंचेंगी।

## झारखंड में और बढ़ेगी गर्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में तापमान बढ़ रहा है। मौसम विभाग ने तापमान में और बढ़ोतरी की बात कही है। यानी लोगों को अभी और गर्मी सतायेगी। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अपने मौसम पूर्वानुमान में कहा है कि आज रविवार को राज्य के पूर्वी एवं इसके निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्के दर्जे की वर्षा हो सकती है। साथ ही बताया है कि अगले 2 दिन के दौरान अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री तक की वृद्धि होगी। रांची के मौसम केंद्र के मौसम पूर्वानुमान विभाग ने हालांकि, कोई मौसम चेतावनी जारी नहीं की है। कहा है कि रांची में आंशिक बादल छाये रहेंगे। मेघ गर्जन के साथ वर्षा की संभावना है। अधिकतम तापमान 35 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेंटीग्रेड रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के मुताबिक, पिछले 24 घंटे के दौरान कुछ जगहों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हुई। सबसे अधिक वर्षा जामताड़ा के नारायणपुर में हुई। यहां 40.6 डिग्री वर्षा हुई। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 38.2 डिग्री सेंटीग्रेड पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा में रिकॉर्ड किया गया। सबसे कम न्यूनतम तापमान 20.8 डिग्री सेल्सियस धनबाद में रहा। मौसम विभाग ने कहा है कि अभी भी मानसून मुंबई, अहिल्यानगर, आदिलाबाद, भवानीपटना, पुरी, सैंडहेड आईलैंड और बालूरघाट से गुजर रहा है। नारायणपुर के अलावा पुटकी, पुटकी डीवीसी, कोनेर डीवीसी, कोनेर, बरही डीवीसी, चाईबासा, बारियातू, बोकारो केवीके, हजारीबाग केवीके, बोकारो थर्मल और चकुलिया में वर्षा हुई है।




## सावन को लेकर पहाड़ी मंदिर में तैयारियां तेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** भगवान शिव को समर्पित पावन सावन महीना 11 जुलाई से शुरू होने वाला है। इसे लेकर राजधानी रांची के शिवालयों में तैयारियां शुरू हो चुकी है। राज्य के प्रमुख धार्मिक केंद्रों में शामिल रांची के पहाड़ी मंदिर में भी पवित्र श्रावण मास को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। सावन में पहाड़ी मंदिर में भक्तों का सैलाब उमड़ता है, जिसे कंट्रोल करने के लिए मंदिर और जिला प्रशासन की ओर से व्यवस्था की जाती है। इसी कड़ी में एसडीओ सदर उत्कर्ष कुमार ने पहाड़ी मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्य की समीक्षा की। इसके साथ ही उन्होंने श्रावण माह के सफल संचालन को लेकर बैठक की। बैठक में सीढ़ी का निर्माण कार्य सावन माह से पूर्व करने के लिए दिशा-निर्देश दिये गये। सदर एसडीओं ने भी निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य को जल्द से जल्द पूरा किया जाये। सदर एसडीओ ने बताया कि सावन माह में सुबह साढ़े तीन बजे से बाबा के दर्शन-पूजन के लिए मंदिर के द्वार खोल दिये जायेंगे। वहीं, जलाभिषेक के लिए अरघा सिस्टम लगाया जायेगा। सदर एसडीओ ने श्रद्धालुओं से कांच के शीशे, बोतल और प्लास्टिक का पहाड़ी मंदिर परिसर में उपयोग नहीं करने का




अनुरोध किया है। इस दौरान पहाड़ी मंदिर और मंदिर के मुख्य द्वार को फूलों से सजाने और मंदिर में आकर्षक लाइटिंग की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही श्रावण माह के दौरान मंदिर में पुलिस बल, चिकित्सा दल और वॉलंटियर आदि की प्रतिनियुक्ति का भी फैसला लिया गया। वहीं, भक्तों की सुविधा के लिए दो हजार लोटा खरीदने, बैरिकेडिंग करने, खोया-पाया सूचना हेतु लाउडस्पीकर आदि लगाने का भी निर्णय लिया गया। इस बैठक में कोषाध्यक्ष कृष्ण कन्हैया, आनंद गाड़ोदिया, सुनील माथुर, मदन पारिक, जितेंद्र प्रसाद, राजकुमार शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## छत्रपति शिवाजी महाराज से जुड़े स्थलों के दर्शन कराएगी भारत गौरव एक्सप्रेस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे खान-पान एवं पर्यटन निगम लिमिटेड (आईआरसीटीसी) ने छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट भारत गौरव ट्रेन टूर शुरू किया है, जो 9 जून 2025 को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, मुंबई से रवाना होगी। भारत गौरव ट्रेन टूर को 100 प्रतिशत बुकिंग के साथ जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। कुल 710 यात्री इस यात्रा का लाभ उठाएंगे। इनमें से 480 यात्री इकोनॉमी (स्लीपर) में, 190 यात्री कम्फर्ट (3एसी) में और 40 यात्री सुपीरियर (2एसी) में बुक किए गए हैं। भारत गौरव ट्रेन यात्रा की योजना छत्रपति शिवाजी महाराज के 351वें राज्याभिषेक समारोह के अवसर पर बनाई गई है। छत्रपति शिवाजी महाराज के दर्शन के लिए यह ट्रेन 9 जून,




2025 को रायगढ़ पहुंचेगी। छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट एक विशेष रूप से क्यूरेट किया गया टूर है, जो पांच रातों/छह दिनों की यात्रा में छत्रपति शिवाजी महाराज के गौरवशाली इतिहास और भव्य विरासत को प्रदर्शित करता है। यह टूर महाराष्ट्र सरकार, भारतीय रेलवे के बीच एक संयुक्त सहयोग है। यह ट्रेन रायगढ़ किला, शिवनेरी किला, प्रतापगढ़ किला, पन्हाला किला, लाल महल, कस्बा गणपति और शिवसृष्टि जैसे ऐतिहासिक स्थलों को कवर करती है, जो महान छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं को दर्शाते हैं। दो अतिरिक्त आकर्षणों में भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग और कोल्हापुर में महालक्ष्मी मंदिर शामिल हैं। सुविधा और सुलभता के साथ, यह ट्रेन यात्रियों को महाराष्ट्र के गौरवशाली अतीत और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को देखने का एक सहज अनुभव प्रदान करती है। 6 दिनों का यात्रा कार्यक्रम छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, मुंबई से शुरू होगा। पहले दिन, रेलगाड़ी कोंकण रेलवे नेटवर्क पर माणगांव रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी, जो रायगढ़ किले के लिए निकटतम रेलवे लिंक है। पहला गंतव्य रायगढ़ है, जो उसी नाम के पहाड़ी किले के लिए जाना जाता है जहां छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक हुआ था और बाद में यह उनकी राजधानी थी। दर्शनीय स्थलों की यात्रा पूरी होने पर पर्यटक वापस ट्रेन में लौट आएंगे क्योंकि यह अगले गंतव्य पुणे के लिए आगे बढ़ेगी, जहां पर्यटक रात का भोजन करेंगे और पुणे के होटल में रात बिताएंगे। दौरे के दूसरे दिन, पुणे में पर्यटक जिन प्रमुख स्थलों को देखेंगे, वे हैं लाल महल, कस्बा गणपति और शिवसृष्टि। वर्तमान संरचना का पुनर्निर्माण 1984 में उस भूमि के एक हिस्से पर किया गया था, जहां लाल महल खड़ा था और इसमें तेल चित्रों का एक विशाल संग्रह है जो छत्रपति शिवाजी महाराज के महत्वपूर्ण जीवन की घटनाओं को दर्शाता है। पुणे के पीठासीन देवता कस्बा गणपति का मंदिर 1893 का है और माना जाता है कि इसे छत्रपति शिवाजी महाराज की मां जीजाबाई ने बनवाया था।

## खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण आयोग और अति पिछड़ा आयोग का गठन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की नीतीश सरकार बिहार विधानसभा चुनाव से पहले सारे बचे काम निपटा रहे हैं। अब सरकार ने पहले से खाली पड़े बोर्ड और आयोग में अध्यक्षों को सदस्यों की नियुक्ति कर रही है। सरकार की ओर से इसके लिए पत्र भी जारी कर दिया गया है। शनिवार को खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण आयोग और अति पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों ने नाम की घोषणा की गई है। राज्य सरकार ने अति पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष के रूप में पटना निवासी नवीन कुमार आर्या को फिर से अध्यक्ष बनाया है। वहीं मधुबनी निवासी केदारनाथ भंडारी को सदस्य बनाया गया है। गया के अमित कुमार की नियुक्ति सदस्य के रूप में हुई है। इन सभी को आगामी तीन वर्षों के लिए नियुक्त किया गया हे। हालांकि सरकार अति पिछड़ा आयोग में चार सदस्यों की नियुक्ति कर सकती है लेकिन सरकार ने सिर्फ दो सदस्यों की नियुक्ति की है। इधर, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अध्यक्ष के रूप में किशनगंज निवासी प्रह्लाद कुमार सरकार को अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं कैमूर निवासी रिंकी रानी पांडेय को सदस्य बनाया गया है। इनके अलावा पटना निवासी मनोज कुमार, खगड़िया निवासी अंगद कुमार कुशवाहा और सुपौल जिला निवासी नरेंद्र कुमार ऋषि को सदस्य बनाया गया है।

## रांची में नए आरओबी का निर्माण शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी वासियों को जल्द ही एक नये आरओबी की सौगात मिलने वाली है। जानकारी के अनुसार रांची के बिरसा चौक में नये रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) का निर्माण शुरू हो गया है। इसकी लंबाई एप्रोच रोड मिलाकर लगभग 80 मीटर होगी। इसके निर्माण से लोगों को जाम से निजात मिलेगी। बताया गया कि वर्तमान में ब्रिज के नीचे दो लाइन (अप-डाउन) है। रेलवे की योजना दो सेंटिंग लाइन के अलावा वर्तमान ट्रैक के दोनों तरफ एक-एक और लाइन बनाने की है। इसके बाद आरओबी के नीचे कुल छह ट्रैक हो जायेगें। यह योजना अगले 40 सालों के रेल परिचालन को देखते हुए बनायी जा रही है। इसके निर्माण में करीब 20 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसका निर्माण कार्य जून 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। मालूम हो कि रांची से हटिया की तरफ आने वाली ट्रेनों के लिए दो मेन लाइन है। मेन लाइन पर ट्रेनों की संख्या अधिक होने की वजह से अक्सर ट्रेन या मालगाड़ी आधा घंटा तक खड़ी रह जाती है। इससे ट्रेनों के परिचालन में परेशानी होती है। इसलिए बिरसा चौक



ब्रिज के नीचे से दो अतिरिक्त सेंटिंग लाइन बिछायी जायेगी, जिसे यार्ड लाइन से जोड़ दिया जायेगा। ऐसे में यार्ड की तरफ जाने वाली ट्रेनों को परेशानी नहीं होगी। वहीं, नया ब्रिज बनाने के लिए रेलवे की जमीन से अतिक्रमण हटाया गया है। अब रेलवे की जमीन की घेराबंदी की जा रही है। पहाड़ तोड़ने के लिए बड़ी-बड़ी मशीन भी लगायी गयी है। मालूम हो कि नये ब्रिज के निर्माण से लोगों को जाम से निजात मिलेगी। वर्तमान में ब्रिज छोटा होने के कारण जाम की समस्या होती है। बिरसा चौक से विधानसभा, हाइकोर्ट व प्रोजेक्ट भवन के अलावा बाइपास, डीबडीह की तरफ जाने वाले वाहन इसी ब्रिज से होकर गुजरते हैं।


FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT
DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY
GLOBAL VISION
(A Complete Solution in Professional Services)
: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna
Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार प्रशासनिक सेवा के 16 अधिकारियों का तबादला

**पटना, एजेंसी।** बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए बिहार में अधिकारियों के तबादले का दौर लगातार जारी है। राज्य सरकार ने एक बार फिर बिहार प्रशासनिक सेवा के 16 अधिकारियों का तबादला कर दिया है। सामान्य प्रशास विभाग की तरफ से तबादले की अधिसूचना गुरुवार को जारी कर दी गई है। जिन अधिकारियों का ट्रांसफर किया गया है, उनमें अपर सचिव, संयुक्त सचिव एवं अपर समाहर्ता, उप सचिव एवं समकक्ष स्तर के अधिकारी शामिल हैं। सभी अधिकारियों के ट्रांसफर को लेकर नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। राजीव कुमार को पटना जनसंपर्क अपर सचिव की जिम्मेदारी जारी अधिसूचना के अनुसार बेतिया के अपर जिला दंडाधिकारी राजीव कुमार सिंह को पटना जनसंपर्क विभाग का अपर सचिव बनाया गया है। वहीं सुपौल के अपर जिला दंडाधिकारी राशीद कलीम अंसारी को सामान्य प्रशासन का प्रशासिनक पदाधिकारी बनाया गया है। अन्य अधिकारियों के नाम और तबादले की सूची समाचार के साथ संग्लन की गयी तबादले की सूची की कॉपी में है।

### जिला जज एवं डीएम ने किया पर्यवेक्षण गृह का निरीक्षण

**पूर्वी चंपारण।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिलाधिकारी ने गुरूवार को संयुक्त रूप से मोतिहारी स्थित पर्यवेक्षण गृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त, नगर निगम, मोतिहारी, मुख्य न्यायायिक दण्डाधिकारी एवं प्रधान दण्डाधिकारी, किशोर न्याय परिषद उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान गृह में आवासित किशोरों से उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं एवं उनके दिनचर्या तथा पठन पाठन एवं विशेष कर उपलब्ध कराये जा रहे भोजन की गुणवक्ता के बारे में पूछ ताछ की गयी । किशोरों द्वारा उक्त के संबंध में संतोष प्रकट किया गया । निरीक्षण के क्रम में गृह के सुरक्षा व्यवस्था के साथ सतत् निगरानी एवं बालहितैषी माहौल कायम रखते हुए कुशल कार्यदायित्व के निर्वहन का निदेश दिया गया।इस दौरान जिलाधिकारी ने बच्चो से बातचीत कर उन्हें पूर्व की गलतियों को भूला कर नये जीवन की शुरुआत करने और विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया गया। निरीक्षण के दौरान पर्यवेक्षण गृह अधीक्षक को बच्चो को निःशुल्क विधिक सेवा देने हेतु निर्देशित किया गया।

### दिव्यांग मतदाता जागरुकता रैली आयोजित, दिव्यांग मतदाताओं की होगी शत प्रतिशत मतदान

**सहरसा।** अन्तराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर कोशी क्षेत्रीय विकलांग, विधवा, वृद्ध कल्याण समिति प्रधान कार्यालय के द्वारा दिव्यांग मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार समाहरणालय के प्रांगण में उपविकास आयुक्त, निदेशक डीआरडीए एवं संस्थान के अध्यक्ष सह वार्ड सदस्य मोहन कुमार ने हरी झंडी दिखाकर बैट्री चालित ट्रायसाईकिल, हाथ रिक्सा स्कुटी चालक दिव्यांगजनों के रैली का शुभारंभ किया। रैली में लगभग 200 दिव्यांगजनों ने भाग लिया। संस्थान के अध्यक्ष के द्वारा कहा गया कि हम दिव्यांग मतदाता को जागरूक करने का कार्य करेंगे, ताकि अगामी बिहार विधान आमसभा चुनाव में दिव्यांगजन अधिक से अधिक मतदान का प्रयोग करेगे। साथ ही समान्यजनों को भी मतदान करने हेतु प्रेरित किया जायेगा। ताकि अधिक से अधिक मतदान हो सके। इस अवसर पर सुनील ठाकुर कार्यक्रम जिला प्रभारी के द्वारा रैली में दिव्यांगजनों के साथ नून रोटी खायंगे, फिर भी वोट गिरायगे, पहले मतदान फिर जलपान आदि नारा लगाते हुए रैली समाहरणलय गेट से वीर कुवर सिंह चौक, थाना चौक, डीबी रोड होते हुए प्रधान कार्यालय परिसर में रैली को संस्थान के अध्यक्ष,मोहन कुमार महासचिव मुकेश कुमार यादव, कोषाध्यक्ष दिलिप कुमार साह ने सम्बोधित किया।

### तूफान में उड़ा लाखों की लागत से बना डब्लूपीयू, निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर उठे सवाल

**भागलपुर।** जिले के सन्हौला प्रखंड के सिलहन खजुरिया पंचायत के वार्ड नंबर 6 में 8 लाख 56 हजार 200 रुपये की लागत से तीन महीने पहले अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का निर्माण किया गया था लेकिन हल्की आंधी-तूफान के एक झोंके में वह उड़ गया, जिसके कारण राहगीर बाल बाल बचे। डब्लू पी यू का निर्माण सड़क किनारे किया गया है। सड़क पर लोगों की आवाजाही हमेशा बनी रहती है। शेड पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। वार्ड सदस्य श्रीधारी पासवान, वार्ड सदस्य निरंजन सिंह और वार्ड सदस्य प्रतिनिधि नंदलाल हरिजन ने कहा कि डब्लू पी यू का निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर पहले से ही संदेह था, क्योंकि जिस समय डब्लू पी यू का निर्माण किया जा रहा था। उस समय सिर्फ घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा था। डब्लू पी यू का निर्माण सही तकनीकी मानकों और मजबूती के साथ नहीं किया गया था, जिसके कारण यह हल्के से तूफान में भी टिक नहीं सका। इस मामले की सही से जांच होनी चाहिए थी। पंचायत के लोगों का कहना है कि सरकारी योजनाओं के तहत लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन ज़मीनी स्तर पर काम में लापरवाही बरती जाती है। सन्हौला प्रखंड के प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी रवि कुमार ने कहा कि फिर से नये सिरे से शेड का निर्माण किया जायेगा।

## बहुत आसान नहीं है एनडीए के घटक दलों के बीच सीटों का बंटवारा

# क्या फिर जदयू को नुकसान पहुंचाने की तैयारी में चिराग?



**पटना, एजेंसी।** के घटक दलों के बीच विधानसभा की सीटों का बंटवारा उतना आसान नहीं है, जितना सतह पर नजर आ रहा है।

लोजपा (रा.) के अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान मन मुताबिक सीटें न मिलने पर दो-दो हाथ करने का संकेत दे रहे हैं। दूसरी तरफ राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा भी पहले की तरह एनडीए से संबंध को लेकर सहज नहीं लग रहे हैं। चिराग ने तो विधि व्यवस्था की खुली आलोचना कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अप्रसन्नता को आमंत्रित कर लिया है। हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा बीच में है और उसे दो के विवाद में लाभ का भरोसा है। सीटों की संख्या को लेकर जदयू भी सतर्क है।

चिराग के व्यवहार में आ रहे बदलाव पर जदयू सतर्क दृष्टि रख रहा है। चिराग कह रहे हैं कि बिहार में मुख्यमंत्री पद की रिक्ति नहीं है। साथ में यह भी जोड़ रहे हैं कि उन्हें बिहार बुला रहा है। चिराग ने कहा था कि अगर पार्टी अनुमति देगी तो वे विधानसभा का चुनाव भी लड़ सकते हैं।

उनकी इच्छा का सम्मान करते हुए लोजपा (रा.) की ओर से उन्हें विस चुनाव लड़ने का न्यौता भेज दिया गया है। हाल के एक पत्र ने जदयू के बड़े हिस्से की इस आशंका को बल दिया है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर चिराग का मन पूरी तरह साफ नहीं हुआ है।

मुजफ्फरपुर दुष्कर्म कांड को लेकर चिराग ने मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखा है। पत्र का यह हिस्सा नीतीश कुमार के लोगों को पसंद नहीं आ रहा है-राज्य की कानून व्यवस्था, सामाजिक चेतना एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली की विफलता को उजागर करती है। एनडीए का कोई घटक दल राज्य की कानून व्यवस्था पर प्रश्न करे, इसे नीतीश कुमार पसंद नहीं करते हैं। राज्य का गृह विभाग नीतीश कुमार के जिम्मे है।

### क्या भाजपा से निर्देशित हो रहे चिराग

जदयू के रणनीतिकार आज भी 2020 के चुनाव में चिराग की बागी भूमिका को भाजपा निर्देशित मान रहे हैं। इस समय जब चिराग राज्य सरकार की आलोचना कर चुके हैं, जदयू के मन में फिर यह संदेह जाग गया है कि कहीं 2020 के चुनाव की पुनरावृति न हो जाए।

वैसे भी जदयू की राय में लोजपा (रा.) की जवाबदेही भाजपा की है। सीटों के बंटवारे का फार्मूला 2020 वाला ही है। पहले भाजपा और जदयू के बीच सीटों का बंटवारा होगा।

जदयू अपने हिस्से में से हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा को सीट देगा। भाजपा जाने की वह लोजपा (रा.) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के बीच कितनी सीटों का बंटवारा करता है।

जदयू का यही फार्मूला भाजपा के गणित को गड़बड़ कर दे रहा है।वह पिछली बार भी जदयू की तुलना में पांच कम सीटों पर लड़ी थी। वह अगर लोजपा (रा.) को अपने हिस्से में से सीट दे और यह और संख्या कम हो जाएगी। दूसरी तरफ भाजपा के लोग उत्साहित हैं कि इसबार उनकी उपलब्धि अबतक का सर्वश्रेष्ठ हो।

### नीतीश से नरमी दिखा रहे उपेंद्र

मुजफ्फरपुर दुष्कर्म को लेकर राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने भी टिप्पणी की। मगर, उसमें कानून-व्यवस्था पर प्रहार नहीं किया गया। उनकी टिप्पणी थी-आपके (नीतीश कुमार) नेतृत्व में एनडीए सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों से बिहार का कोई कोना अछूता नहीं है।

सरकार की जनहितकारी नीतियां स्पष्ट होने के बावजूद ऐसी कोताही/लापरवाही जिसमें पीएमसीएच जैसे बिहार के मुख्य अस्पताल में भर्ती होने की लंबित प्रक्रिया के कारण पीड़िता की जान चली गई, बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। आपसे विनम्र आग्रह है कि इस घटना का संज्ञान लेते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। चिराग के विपरीत उपेंद्र के मन में नीतीश कुमार को लेकर नरमी है। 30 मई को बिक्रमगंज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा हुई थी। मोदी ने अपने संबोधन के दौरान मंच पर बैठे उपेंद्र कुशवाहा का नाम नहीं लिया।

इसको लेकर उनके कार्यकर्ताओं में गहरी नाराजगी है। उपेंद्र भी लोकसभा चुनाव में अपनी पराजय की पीड़ा को भूल नहीं पा रहे हैं।

## भागलपुर-नवगछिया सड़क होगी चकाचक, रोड का काम पूरा करने का टाइमलाइन भी सेट



**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर और नवगछिया के बीच नौ किलोमीटर सड़क की दुरुस्तीकरण कराई जाएगी। एनएच-131बी पर अलकतरे की परत बिछाने का कार्य किया जाएगा।

इससे राहगीरों को जर्जर सड़क से मुक्ति मिलेगी। सड़क में कई जगह जानलेवा में गड्ढे बन गए हैं। पानी अलकतरा का दुश्मन होता है।

ऐसे में मानसून में सड़क कितना टिकाऊ होगा वह तो आने वाला समय ही बताएगा। इधर, टेंडर प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई है। इस माह के अंतिम सप्ताह में काम शुरू होगा। एनएच विभाग के अभियंता के अनुसार बेगूसराय की मेसर्स विकास कुमार फर्म को इस काम की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। जिसे दिसंबर तक इसे पूरा करना होगा।

इस सड़क की मरम्मत के लिए कुल तीन एजेंसियों ने रुचि दिखाई थी। जिनमें मुंगेर की मेसर्स निरंजन शर्मा और पटना की कौशल्या स्टेट भी शामिल थीं।

एनएच 131बी पर भागलपुर जीरोमाइल चौक से हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मोड़ तक 40 एमएम बिटुमिनस (गिट्टी-अलकतरा मिश्रण) बिछाया जाएगा। जिससे सड़क की मौजूदा खराब स्थिति में सुधार आएगा।

## सामूहिक दुष्कर्म का शिकार होने से बची किशोरी, एक आरोपी गिरफ्तार

**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा जिले के बेंता थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े एक 16 वर्षीय किशोरी के अपहरण और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने की कोशिश का मामला सामने आया है। चार युवकों ने किशोरी को जबरन बाइक पर बैठाकर सुनसान बागीचे में ले गए, लेकिन समय रहते पुलिस की सक्रियता और ग्रामीणों की सतर्कता के कारण किशोरी बड़ी वारदात का शिकार होने से बच गई। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए धीरू पासवान नामक युवक को गिरफ्तार किया है, जो किशोरी को बाइक पर लेकर गया था। बाकी तीन की तलाश में छापेमारी की जा रही है। पीड़ित लड़की की मां ने बताया कि मुहल्ले में नशेबाज लड़के रहते हैं। कुछ लड़के मेरी बेटी को पहले से परेशान किया करते हैं। बेटी का किसी से कोई प्रेम प्रसंग की बात होने से भी इंकार किया गया है। उन्होंने कहा कि मेरी बेटी जब अस्पताल से लौट रही थी, इस दौरान धीरू पासवान ,बबलू पासवान, गुड्डू पासवान सहित एक अन्य लड़कों ने चाकू का भय दिखाकर बाइक पर बैठाकर फरार हो गए।

# तेजस्वी यादव से ज्यादा जदयू दिग्गजों के निशाने पर राहुल गांधी व कांग्रेस, कुछ बयानों पर डालें नजर



**पटना, एजेंसी।** यादव से अधिक इन दिनों राहुल गांधी व कांग्रेस जदयू के निशाने पर हैं। जदयू के दिग्गजों द्वारा निरंतर राहुल गांधी व कांग्रेस पर कई तरह की टिप्पणी की जा रही। इसी वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव को केंद्र में रख राहुल गांधी के बिहार आने का सिलसिला इन दिनों बढ़ा है। इसी के साथ ही राहुल पर जदयू का प्रहार तेज हुआ है।

जिस समय राहुल गांधी अमेरिका की यात्रा पर थे, तब जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा ने यह कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा अमेरिका जाकर भारतीय चुनाव आयोग के खिलाफ बयान देने पर शायद ही किसी को हैरानी हुई।

इंडियन स्टेट के खिलाफ लड़ाई की घोषणा करने वाले राहुल गांधी जब भी विदेश जाते हैं, तो किसी न किसी बहाने देश की निंदा करते ही हैं। कांग्रेस पर उनका प्रहार इस अंदाज में रहा-कांग्रेस ने आजादी के छह दशक तक बिहार की लगातार उपेक्षा की। इसे देश का सबसे पिछड़ा प्रदेश बनाने का पाप किया। दंगों और नरसंहार की आग में बिहार को झोंका।

जदयू के वरिष्ठ नेता व ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र यादव ने राहुल गांधी के पिछड़ा वर्ग से जुड़े एक खास कार्यक्रम के ठीक पहले यह टिप्पणी की कि राहुल गांधी जब विपक्ष में होते हैं तो उन्हें अतिपिछड़ा समाज की चिंता सताती है। इस क्रम में बिजेंद्र यादव ने कांग्रेस को भी लपेट लिया। यह कहा कि दशकों तक कांग्रेस सत्ता में रही। उस समय उन्हें अति पिछड़ा समाज की कोई चिंता नहीं हुई। मंत्री लेशी सिंह व शीला मंडल कहती हैं कि किसी के आने-जाने से जनता की भावना पर कोई फर्क नहीं पड़ता।

जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने राहुल गांधी के गया दौरे के बाद यह कहा कि राहुल गांधी की राजनीतिक सभाएं आम जनता के लिए मनोरंजन का मंच है। राहुल गांधी को न तथ्यों की समझ है और न ही सच्चाई की परख। आधारहीन बातें करना उनकी पुरानी आदत बन चुकी है।

जदयू के प्रवक्ता हिमराज राम और परिमल कुमार ने संयुक्त रूप से कहा कि राहुल गांधी को चुनाव के समय बिहार द्वाह्य लोगों की याद आती है। चुनाव खत्म होने के बाद उनका बिहार के लोगों से कोई वास्ता नहीं रह जाता। इस क्रम में जाति आधारित गणना की भी बात होती है।

यह कहा गया कि राहुल गांधी को तो पहले यह स्पष्ट करना चाहिए कि 2011 की सामाजिक आर्थिक जातीय गणना के आंकड़े उनकी सरकार ने क्यों दबाए रखे। कांग्रेस ने काका कालेलकर एवं मंडल कमीशन की रिपोर्ट को जान बूझकर दबाने का काम किया।

# बिहार में हल्दी और ओल की खेती को बढ़ावा, किसानों को मिलेगा अनुदान



**भभुआ, एजेंसी।** बिहार के भभुआ जिले के किसान परंपरागत खेती के अलावा अब हल्दी व ओल की भी खेती करेंगे। इनकी खेती करने वाले किसानों को उद्यान विभाग के द्वारा अनुदान भी दिया जाएगा।

उद्यान विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में वित्तीय वर्ष 2025-26 में 15 एकड़ में हल्दी व पांच एकड़ में ओल की खेती करने को लक्ष्य विभाग मिला है।

सहायक निदेशक उद्यान डॉ. अभय कुमार गौरव ने बताया कि विभाग की राज्य योजना के अंतर्गत कैमूर में 15 एकड़ में हल्दी व पांच एकड़ में ओल की खेती करने को लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

उन्होंने बताया कि खेती करने वाले किसानों को अनुदान मिलेगा। ओल की खेती करने पर दो लाख 81 हजार 600 की लागत खर्च निर्धारित है।

जिसमें खेती करने वाले किसान को एक लाख 40 हजार का अनुदान दिया जाएगा। जबकि हल्दी की खेती करने पर एक एकड़ में 45 हजार की लागत खर्च निर्धारित है। 22 हजार 500 रुपये का अनुदान देय है।

बता दें कि कैमूर जिले के किसान अब परंपरागत खेती के साथ ही कृषि की संचालित योजनाओं का लाभ प्राप्त कर विभिन्न प्रकार की फसलों की खेती कर रहे है। राज्य में कैमूर की पहचान धान के कटोरा के रूप में बनी है।

अब जिले के किसान कृषि विभाग की संचालित योजना का लाभ लेकर गेहूं, धान की खेती के साथ ही साथ मोटे अनाज की खेती के अलावा सब्जी की खेती कर रहे किसानों को विभाग के द्वारा निर्धारित इकाई लागत पर अनुदान की राशि भी उपलब्ध कराई जा रही है।

## सड़क के बनने के बाद मुजफ्फरपुर से पटना जाने वाले लोगों का सफर और होगा आसान



**मुजफ्फरपुर/पटना, एजेंसी।** कई माह से सड़क पर जलजमाव की पीड़ा झेल रहे शहरवासियों को राहत मिलने वाली है।

माड़ीपुर पावर हाउस चौक से सकरी पथ के जीर्णाद्धार के लिए 16.40 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है।

इससे यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुचारु बनाने, जाम की समस्या को दूर करने तथा आम जनता के आवागमन को सुगम बनाने में सहूलियत होगी।

इस सड़क के जीर्णोद्धार से मुजफ्फरपुर से पटना आने वाले लोग इसे वैकल्पिक मार्ग के रूप में उपयोग कर पाएंगे। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने शुक्रवार को इस आशय की जानकारी दी।

इसमें पटना व मुजफ्फरपुर में बेहतर सड़क संपर्कता के लिए 23 करोड़ रुपये की योजना को प्रशासनिक स्वीकृति देने की बात कही।

पटना की जिस योजना को प्रशासनिक स्वीकृति मिली है वह कंकड़बाग की है। पटना के लिए 6.68 करोड़ की राशि की स्वीकृति मिली है।

पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि नई राजधानी पथ प्रमंडल, पटना अंतर्गत कंकड़बाग रोड नंबर दो से कंकड़बाग रोड नंबर चार वाया केंद्रीय विद्यालय तक पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण को ले 6.68 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है।

# 84 हजार से अधिक जमीनों की रजिस्ट्री पर रोक, सूची में गड़बड़ी से बढ़ी परेशानी

**समस्तीपुर, एजेंसी।** सरकारी स्तर पर जमीन के किस्म गैर मजरुआ आम और खास होने के साथ ही अलग-अलग विभागों और बोर्ड की जमीन को शामिल करते हुए निबंधन कार्यालय में एक रोक सूची तैयार की गई।

इसमें विभाग और बोर्ड ने अपनी अपनी जमीन की खाता खेसरा की जानकारी भेज उसपर रोक लगा दी लेकिन, इस सूची में बहुत सी गड़बड़ी सामने आ रही।

इस वजह से जमीन बेचने वालों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने पर रहे। उन्हें अपनी जमीन को रोक सूची से हटवाने को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही। साथ ही समय भी अधिक लग रहा।

बताया गया कि इस समय जिले के करीब 84 हजार से अधिक भूमि को निबंधन विभाग की रोक सूची में शामिल किया गया है।

एक बार रोक सूची में जमीन दर्ज होने बाद में अंचल स्तर से लेकर जिला स्तर तक के पदाधिकारियों की सहमति के बाद में उसे निबंधन कार्यालय के साथ बैठक करने बाद में हटाया जा रहा। इसमें समय भी अधिक लग रहा।

बताया गया कि एक साथ दर्जनभर से अधिक मामले होने बाद में ही बैठक की जाती है। इसके लिए कोई समय सीमा निर्धारित नहीं है। यही वजह है कि इससे आमजन परेशान हो रहे।



रोक सूची सार्वजनिक नहीं होने से जमीन बेचने वाले को यह पता ही नहीं चलता कि उसकी जमीन कब और कैसे रोक सूची में पहुंच गई जबकि, वे जमीन पर काबिज होने के साथ ही उसकी लगान आदि भी ससमय भरते चले आ रहे।

एक मामले में पीड़ित ने वर्ष 2020 में ही जमीन का निबंधन कराया। किसी कारण बस उसे जमीन बेचने की जरूरत महसूस हुई। उसने खरीदार से बातचीत तय करने बाद में उसे निबंधन को कागजात की तैयारी आदि शुरू की।

इस दौरान उसे पता चला कि उक्त जमीन सरकार की रोक सूची में शामिल है। अब उसके लिए वह विभाग के चक्कर काट रहे।

बताया गया कि एक बार यदि कोई जमीन रोक सूची में चली गई तो उसे निबंधन कार्यालय और राजस्व विभाग की संयुक्त बैठक के जरिए ही हटाया जा सकता है। इसके लिए डीसीएलआर की रिपोर्ट आवश्यक है। रिपोर्ट मिलने पर यदि किसी तरह की कोई त्रुटि या संदेह उत्पन्न हुआ तो उसे रोक सूची से नहीं हटाया जा सकता।

उस मामले में पुनः जांच कराई जा रही। बताया गया कि जमीन के रोक सूची में होने और न होने की जानकारी निबंधन विभाग से ली जा सकती है।

राजस्व विभाग और निबंधन कार्यालय की संयुक्त बैठक में करीब दो दर्जन मामलों में सुनवाई की गई। सभी मामलों को एक-एककर सुना गया। इसमें करीब डेढ़ दर्जन मामलों में सहमति बन सकी जबकि, आधा दर्जन मामलों में पुनः जांच कराने की बात कही गई।

बताया गया कि उक्त बैठक का कोई समय सीमा भी तय नहीं है। बैठक के लिए एक साथ कई मामले जमा होने बाद में ही बैठक की प्रक्रिया पूरी कराई जाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### कुख्यात अपराधियों पर नक्सलियों की तर्ज पर होगी इनाम की घोषणा, 30 लाख तक मिलेगी राशि

**रांची, एजेंसी।** झारखंड सरकार ने कुख्यात अपराधियों को पकड़ने के लिए नक्सलियों की तर्ज पर इनाम की नीति लागू की है। अब फरार चल रहे कुख्यात अपराधियों पर 1 लाख से लेकर 30 लाख रुपये तक की पुरस्कार राशि की घोषणा की जाएगी। इस संबंध में गृह विभाग ने संकल्प जारी कर दिया है। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि पुरस्कार राशि अपराधियों और नक्सलियों की गिरफ्तारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस नीति के तहत नक्सलियों के खिलाफ पहले ही कई सफलताएं हासिल की गई हैं, और अब इसे अपराधियों पर भी लागू किया गया है। हाल ही में कैबिनेट ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इस नीति के तहत उन अपराधियों पर इनाम घोषित किया जाएगा, जो सीआरपीसी की धारा 82 और 83 या भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 84 और 85 के तहत फरार घोषित किए गए हों। इनमें नीचे दिए गए अपराध शामिल हैं।

### महीने भर से पुलिस कप्तान विहीन राज्य की कानून-व्यवस्था क्या होगी ये जग जहिर है- बाबूलाल मरांडी

**गोड्डा, एजेंसी।** नेता प्रतिपक्ष सह बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने डीजीपी के बहाने झारखंड सरकार पर जमकर निशाना साधा है। गोड्डा में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने हेमंत सरकार पर तीखा प्रहार किया है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था नाम की चीज नहीं, रोज हत्या व दुष्कर्म की घटना घट रही है। झारखंड देश का इकलौता राज्य है जहां महीने भर से कोई डीजीपी नहीं है। ऐसे में कानून व्यवस्था का क्या हाल होगा इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। बाबूलाल मरांडी ने गोड्डा में पिछले दिनों हुई घटनाओं पर कहा कि इन इलाकों मे भी कानून व्यवस्था चरमरा गयी है। जिला में बालू का अवैध कारोबार कर रहे माफिया द्वारा पत्रकारों पर आये दिन हमले हो रहे हैं गोड्डा में भी ऐसे घटना हुईं है जो दु:खद है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा जिला इकाई हर जिला में इसी माह स्थानीय समस्या को लेकर धरना प्रदर्शन करेगी। साथ ही केंद्र की योजना को आम लोगों तक चरणबद्ध तरीके घर-घर पहुंचाएगी। वहीं कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि जो कांग्रेस खुद संविधान की धज्जियां आपातकाल मे उड़ा चुकी है वो संविधान की पुस्तक लेकर घूम रहे हैं। इसी वर्ष 25 जून को आपातकाल के 50 वर्ष पूरा होने पर भाजपा देश भर मे कार्यक्रम चलाएगी और लोगों के सामने कांग्रेस का चेहरा प्रस्तुत करेगी।

### धनबाद में दो बाइकों की भीषण टक्कर, दो की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

**धनबाद, एजेंसी।** जिले के तेतुलमारी थाना क्षेत्र अंतर्गत धनबाद-कांको 8 लेन सड़क पर शुक्रवार की देर रात भीषण सड़क हादसा हुआ। भूली बड़की बौआ मोड़ के पास सर्विस लेन पर दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया है। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। परिजनों ने बताया कि पतराकुली चौहान बस्ती निवासी सौरभ बेलदार अपने दोस्त कृष्णा चौहान के साथ पल्सर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान बड़की बौआ मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उनकी सीधी टक्कर हो गई। दूसरी बाइक बरवाटांड़ निवासी गोलू कुमार गोप उर्फ रवि गोप चला रहा था। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आस-पास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और तीनों को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच (शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल) ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने सौरभ बेलदार और गोलू कुमार गोप को मृत घोषित कर दिया। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में रख दिया गया है। सौरभ का दोस्त कृष्णा चौहान गंभीर रूप से घायल है, जिसे परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए असर्फी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। दुर्घटना की खबर जैसे ही मृतक के घर पहुंची, परिजनों में कोहराम मच गया। ईस्ट बसुरिया ओपी पुलिस ने दोनों बाइक को जब्त कर लिया है।

**झारखंड में जल संकट**

# बोतल में कैद जिंदगी, बूंद-बूंद को तरसता भविष्य

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में जल संकट गहराता जा रहा है। भूजल का दोहन, सतही जल का प्रदूषण और जल स्रोतों का विनाश भविष्य के लिए गंभीर खतरा है। सरकार और समाज को मिलकर वर्षा जल संचयन, जल प्रबंधन और प्रदूषण नियंत्रण पर ठोस कदम उठाने होंगे। सुभद्रा कुमारी चौहान की कविता की पंक्तियां हमें याद दिलाती हैं कि हर बूंद कीमती है, और इसे बचाने का व्रत लेना आज समय की मांग है।

हिन्दी साहित्य की प्रसिद्ध कवयित्री सुभद्रा कुमारी चौहान, जिन्हें खूब लड़ी मर्दानी कविता के लिए जाना जाता है, ने अपनी कविता में जल के महत्व को रेखांकित किया है। यह कविता आज के समय में न केवल प्रासंगिक है, बल्कि भविष्य में होने वाले जल संकट के प्रति हमें सचेत भी करती है। आज हमारी जिंदगी बोतलबंद पानी पर निर्भर हो चुकी है, और जल संकट का रास्ता गहराता जा रहा है। झारखंड सहित देश और दुनिया भीषण जल संकट से जूझ रही है। एक तरफ भूजल (ग्राउंड वाटर) का स्तर तेजी से घट रहा है, तो दूसरी तरफ पारंपरिक सतही जल स्रोत (सरफेस वाटर) प्रदूषित हो रहे हैं। ऐसे में पेयजल संकट को दूर करना एक बड़ी चुनौती बन गई है। नल जल योजना के तहत नवंबर 2024 तक 1,80,477 घरों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने का दावा किया गया है। एनएफएचएस-5 (ह्रस्न॥स्-5) रिपोर्ट के मुताबिक, राज्य में अब तक 31।8त्न घरों तक शुद्ध पेयजल पहुंचा है। लेकिन भूजल के अंधाधुंध दोहन और सतही जल के प्रदूषण ने स्थिति को और जटिल बना दिया है।



वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने 16वें वित्त आयोग के समक्ष बताया कि झारखंड में भूजल स्तर घटकर 5।76 बिलियन क्यूबिक मीटर रह गया है और प्रति व्यक्ति वार्षिक जल उपलब्धता 1341 क्यूबिक मीटर है, जो जल तनाव की श्रेणी में आता है। रांची में भूजल स्तर प्रतिवर्ष 20 फीट नीचे खिसक रहा है और कई क्षेत्रों को ड्राइ जोन घोषित किया जा चुका है। ऐसे में माना जा सकता है कि अब खतरे की घंटी बज चुकी है। जल विशेषज्ञ आर। कल्लोल साहा के अनुसार, पहले 80-100 फीट पर मिलने वाला भूजल अब 240-300 फीट की गहराई पर मिलता है, और भविष्य में यह 400 फीट तक जा सकता है। रांची जैसे शहरों में भूजल की उपलब्धता चिंताजनक है। पिछले कुछ वर्षों में आरओ प्लांट और बोतलबंद पानी का उपयोग तेजी से बढ़ा है। रांची में लगभग 450 आरओ प्लांट संचालित हो रहे हैं, जो 20-30 रुपये में 20 लीटर पानी के जार उपलब्ध कराते हैं। लोग बिना गुणवत्ता की परख किए इनका उपयोग कर रहे हैं। नगर निगम ने भूजल दोहन को नियंत्रित करने के लिए वाटर मीटर की अवधारणा प्रस्तुत की थी, लेकिन प्रशासनिक उलझनों के कारण यह लागू नहीं हो सका।

अवैध रूप से चल रहे आरओ संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उन्हें रजिस्ट्रेशन के लिए सार्वजनिक सूचना जारी की गई थी। जो नहीं मान रहे, उनके खिलाफ कार्रवाई जारी है। इसका उद्देश्य भूजल का अनियंत्रित दोहन रोकना है।

संदीप सिंह कहते हैं कि रांची में प्रतिदिन करीब 1 से 1।5 लाख लीटर बोतलबंद पानी की खपत हो रही है। कई कंपनियां स्थानीय स्तर पर विभिन्न ब्रांड्स के तहत पानी बेच रही हैं, जिनकी कीमत 10 रुपये से 40 रुपये प्रति लीटर तक है। कुछ कंपनियां हिमालय का शुद्ध पानी के नाम पर 350 रुपये प्रति लीटर तक की कीमत वसूल रही हैं। झारखंड में साहिबगंज और पाकुड़ को छोड़कर नदी या सतही जल की भारी कमी है। इसलिए हम भूजल पर निर्भर हैं। वर्षा जल संचयन न के बराबर है। भूजल का पहला लेयर (80-100 फीट) खत्म हो चुका है। अब 240-300 फीट की गहराई पर पानी मिलता है, और कहीं-कहीं इससे भी गहरा। यदि यही स्थिति रही, तो भविष्य में 400 फीट की गहराई पर पानी खोजना होगा। बाजार में मिलने वाले आरओ पानी की गुणवत्ता संदिग्ध है। जल विशेषज्ञ आर। कल्लोल साहा इसरो के नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर के वाटर बॉडीज इनफॉरमेशन सिस्टम का हवाला देते हैं। उसके अनुसार, झारखंड में 5217 जलाशय (10-100 हेक्टेयर) हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल 18,554।12 वर्ग किलोमीटर है। इसके अलावा 115 बड़े जलाशय (5000 हेक्टेयर से अधिक) 21,467।023 वर्ग किलोमीटर में फैले हैं। फिर भी, इन जल स्रोतों का तेजी से क्षय हो रहा है।

वहीं, झारखंड स्पेस एप्लीकेशन सेंटर की 2011 की रिपोर्ट में 2436 झीलें (क्षेत्रफल 1568।27 वर्ग किलोमीटर) और 13,327 छोटी झीलें (2।25 हेक्टेयर से कम) दर्ज की गई थीं। लेकिन अतिक्रमण, प्रदूषण और भूमि उपयोग में बदलाव के कारण इनकी संख्या लगातार घट रही है। रांची में 2005 से 2018 के बीच 21 झीलें और तालाब पूरी तरह गायब हो गए, और 5।01 हेक्टेयर क्षेत्र निर्मित भू-भाग में बदल गया।

पिछले 25 वर्षों में जल स्रोतों की संख्या में चिंताजनक गिरावट आई है। शहरीकरण, औद्योगिक गतिविधियां और जल प्रबंधन की असफलताएं इसके प्रमुख कारण हैं।

झारखंड में सतही जल अत्यधिक प्रदूषित है, जिसके कारण गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ रही हैं। रांची, हजारीबाग, चतरा, दुमका, साहिबगंज, जामताड़ा और पाकुड़ जिलों के पानी में आर्सेनिक, फ्लोराइड और लोहा सामान्य से अधिक मात्रा में पाए गए हैं। इससे लीवर, किडनी, कुपोषण और दिव्यांगता जैसी बीमारियां बढ़ने का खतरा है। इस वजह से लोग आरओ और बोतलबंद पानी की ओर आकर्षित हो रहे हैं। झारखंड में पानी की कमी का उद्योग और कारोबार पर गहरा और बहुआयामी प्रभाव पड़ सकता है। भूजल स्तर में निरंतर कमी, सतही जल स्रोतों का प्रदूषण और जल प्रबंधन की कमियों के कारण कई क्षेत्रों में उत्पादन, लागत, और रोजगार कम हो सकते हैं। उद्योग वहीं लगते हैं जहां पानी की उपलब्धता होती है। अगर पानी की कमी हुई तो जाहित तौर पर झारखंड में उद्योग धंधों की कमी हो जाएगी। इससे बोतलबंद पानी उद्योग तो फल-फूल जाएंगे, लेकिन यह भूजल संकट को और गहरा रहा है, जिसका दीर्घकालिक प्रभाव अन्य उद्योगों पर पड़ेगा।

झारखंड में पानी की कमी एक गंभीर और बहुआयामी समस्या है, जो भूजल दोहन, सतही जल के प्रदूषण, अपर्याप्त वर्षा जल संचयन और शहरीकरण के कारण और जटिल हो रही है।

## सरायकेला में डीडीसी ने सखी वन स्टॉप सेंटर का किया औचक निरीक्षण, पौधे भी लगाये

**सरायकेला, एजेंसी।** उपायुक्त नितिश कुमार सिंह के निर्देश पर आज उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल ने समाहरणालय के पास स्थित सखी वन स्टॉप सेंटर गौरांगडीह का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की। साथ ही संबंधित अधिकारियों को महिलाओं एवं बच्चों की सहायता करने के लिए आवश्यक निर्देश दिये। विश्व पर्यावरण दिवस पर उन्होंने पौधारोपण भी किया।




जानकारी के अनुसार, निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त ने केस रजिस्टरों की भी जांच की। इनमें सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा लाभार्थियों को दी गई विभिन्न सेवाओं- जैसे चिकित्सा सहायता, काउंसलिंग एवं निःशुल्क विधिक सहायता का विवरण दर्ज है। उन्होंने कहा कि इस केंद्र का उद्देश्य एक ही छत के नीचे पीड़ित महिलाओं को समग्र सहायता उपलब्ध कराना है, जिसमें त्वरित राहत, परामर्श, पुनर्वास, सुरक्षा और विधिक सहयोग शामिल हैं।डीडीसी आशीष अग्रवाल ने बताया कि घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, बाल शोषण अथवा किसी अन्य प्रकार की हिंसा की शिकार महिलाएं व बच्चे 24म7 संचालित हेल्पलाइन नंबर 181 पर संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। यह हेल्पलाइन न केवल कानूनी परामर्श उपलब्ध कराती है। बल्कि, चिकित्सा सुविधा, मानसिक परामर्श और अन्य सरकारी योजनाओं से जोड़ने में भी सहायक है।

डीडीसी आशीष अग्रवाल ने आमजन को सखी वन स्टॉप सेंटर की सेवाओं के प्रति अधिक से अधिक जागरूक करने की आवश्यकता पर बल दिया। ताकि जरूरतमंद महिलाएं समय पर इसका लाभ उठा सकें।

## नए सिरमटोली फ्लाईओवर पर बाइक से स्टंट करने वालों की तलाश शुरू, खतरनाक स्टंट करते वीडियो हुआ था वायरल

**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची में सड़कों पर स्टंट करने वाले बाइकर्स की एक बड़ी तादात है। ऐसे लोग अपना एक तरह का गैंग बना कर बाइक से स्टंट किया करते हैं, लेकिन इस बार बाइक से स्टंट करने वाले बुरी तरह से फंस गए हैं, क्योंकि अब पुलिस उनकी तलाश में जुट गई है।

कई तरह के विवाद और हंगामा के बाद आखिरकार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसी सप्ताह सिरम टोली फ्लाईओवर का उद्घाटन कर दिया। लोगों को जाम से राहत तो मिली लेकिन रात के समय इस फ्लाईओवर पर स्टंटबाजों से लोग परेशान हो रहे हैं। ये लोग खुले आम हैरतअंगेज स्टंट कर रहे हैं और अपनी और दूसरों की जान जोखिम में डालकर कानून का मजाक उड़ा रहे हैं। यही नहीं स्टंट करने वालों का दुस्साहस इतना बढ़ गया है कि वे इस स्टंट वीडियो भी सोशल मीडिया पर डाल रहे हैं।

मामले को लेकर झारखंड सरकार के मंत्री दीपक बरुआ ने तुरंत ट्रैफिक एसपी रांची को निर्देश दिया कि स्टंट करने वाले लड़कों को चिन्हित कर इन्हें परिवहन का नियम बताएं और अविलंब कार्रवाई करें। यह लोग हुड़दंग करने वाले हैं, इन से यह पूछा जाए की जीवन अनमोल है या जलवा।




मंत्री दीपक बरुआ के एक्स हैंडल पर मामले की जानकारी देते ही रांची पुलिस एक्टिव हो गई है। रांची के ट्रैफिक एसपी ने मंत्री को यह आश्वासन दिया है कि वीडियो में दिख रहे युवाओं की पहचान की जा रही है। उनपर नियम अनुसार कार्रवाई कर उन्हें ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी जाएगी। सड़क सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

दरअसल, इस तरह के हैरतअंगेज स्टंट करने की वजह से एक तो स्टंट करने वालों की जान खतरे में होती ही है, साथ ही साथ जो लोग सड़क पर उसे दौरान गुजरते हैं वह भी खतरे में होते हैं। रांची के ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली ने बताया कि नए फ्लाईओवर पर स्टंट करने वाले स्टंटबाजों की तलाश की जा रही है। जल्दी उन पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। इसके साथ ही साथ जुर्माना भी लगाया जाएगा। इसके अलावा उन्हें ट्रैफिक से जुड़े जागरूकता नियमों का भी पाठ पढ़ाया जाएगा।

## पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने जनजातीय समुदाय को लेकर जताई चिंता

**दुमका, एजेंसी।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास शनिवार को दुमका पहुंचे। भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए रघुवर दास ने कहा कि झारखंड में जनजातीय समुदाय की स्थिति काफी दयनीय हो चुकी है।

हेमंत सरकार अपने वोट बैंक के खातिर इसे पिछड़ा अवस्था में ही रखना चाहती है। रघुवर दास ने यहां तक कह दिया कि इस राज्य का एक ग्रुप इन्हें ईसाई प्रदेश तो दूसरा ग्रुप इसे इस्लामी प्रदेश बनाना चाहता है। अगर यही हाल रहा तो तो झारखंड की स्थिति नागालैंड और मिजोरम जैसी हो जाएगी।

इसे बचाने के लिए झारखंड में एक और हूल (आंदोलन) की आवश्यकता है। मैंने इसके लिए प्रयास शुरू कर दिया है। बारिश के मौसम के बाद जनजातीय समाज को जागरूक करने के लिए मैं पद यात्रा पर निकलूंगा। रघुवर दास ने यह बातें दुमका परिसदन में पत्रकारों से बातचीत में कह।



रघुवर दास ने हेमंत सरकार से यह मांग की है कि जल्द से जल्द पेसा कानून लागू करें। इससे जनजातीय समुदाय का सर्वांगीण विकास होगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के सचिव ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर कहा कि 1400 करोड़ रुपए का फंड तभी दिया जा सकता है, जब आप पेसा कानून लागू करेंगे।

रघुवर दास ने सरकार से यह सवाल किया कि आखिरकार किसके दबाव में पेसा कानून लागू नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज आदिवासियों के हित और विकास के नाम पर अबुआ सरकार सत्ता में तो आ गई है, पर वह इस समुदाय के लिए कोई भी काम नहीं कर रही है।

वर्षों से यह समाज विकास के लिए संघर्ष कर रहा है। इसके भी अपने सपने, आकांक्षाएं हैं लेकिन उस पर हेमंत सोरेन का ध्यान नहीं है। रघुवर दास ने कहा कि हेमंत सोरेन ने मंईयां सम्मान योजना की घोषणा कर वोट तो ले लिया लेकिन लगातार उसके लाभुकों की संख्या में कटौती कर रही है। इससे साफ पता चलता है कि यह सरकार महिलाओं की भी हितैषी नहीं है।

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि आज झारखंड में जो घुसपैठ हो रहा है, वह काफी खतरनाक है। उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकाल में पीएफआई पर प्रतिबंध लगाया गया था, लेकिन हेमंत सरकार उसे छूट दे रही है। पीएफआई और सिमी में कोई अंतर नहीं है। धर्मांतरण और घुसपैठ को यह सरकार समर्थन दे रही है, जो इस राज्य के लिए काफी चिंताजनक है। अपने राजनीतिक भविष्य के संबंध में उन्होंने कहा कि मैं भाजपा के कार्यकर्ता के तौर पर काम कर रहा हूं। मुझे भारतीय जनता पार्टी ने काफी सम्मान दिया है। अब मुझे किसी पद की लालसा नहीं है।

## धनबाद में बालू का उठाव बंद, निर्माण कार्य ठप, ऊंचे दामों पर बालू खरीदने को लोग विवश

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद में बालू घाटों से बालू के उठाव पर रोक लगा दी गयी है। बालू की कमी के कारण जिलेभर में सरकारी और गैरसरकारी निर्माण कार्य बुरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। बालू की किल्लत से परेशान अधिकांश लोगों ने निर्माण कार्य पर रोक लगा दी है, जिससे मजदूरों के सामने बड़ी समस्या उत्पन्न हो गयी है। इधर बालू उठाव पर रोक की कोई पुख्ता वजह भी सामने नहीं आयी है। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार अज्ञात कारणों से बालू के उठाव पर रोक की बात कही जा रही है।

पूर्वी टुंडी प्रखंड में बराकर नदी के पांड्रा बेजरा घाट से बालू का उठाव होता है। अभी यहां से बालू नहीं उठ रहा है। अन्य नदी घाट, जहां पर अवैध ढंग से बालू खनन होता है, वहां भी फिलहाल उठाव ठप है। चालान की व्यवस्था भी पूर्णतः बंद है। इन परिस्थितियों से परेशान आम जनता निर्माण कार्य रोकने या फिर ऊंचे दामों पर बालू खरीदने को विवश हैं। विशेषकर बालू की किल्लत से ग्रामीण इलाकों में चल रही 'अबुआ आवास' योजना का काम पूरी तरह ठप हो गया है।

जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल से आने वाली बालू लदी गाड़ियों को जिले में प्रवेश



की अनुमति नहीं दी जा रही है। जिला प्रशासन की ओर से इस पर भी रोक लगा दी गयी है। स्थानीय लोगों, व्यापारियों और ठेकेदारों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि बालू उठाव पर लगी रोक को शीघ्र हटाया जाये और वैध घाटों की प्रक्रिया को पारदर्शी व त्वरित तरीके से पूरा किया जाये, ताकि निर्माण कार्य पटरी पर लौट सके।

इधर इस पूरे मामले पर जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा का कहना है कि बालू के उठाव व कारोबार से किसी को मना नहीं किया गया है और ना ही बालू उठाव व कारोबार पर कोई रोक लगायी गयी है। हमारा एक पांड्रा बेजरा में वैध घाट है। वहां से बालू का उठाव हो रहा है। क्वांटिटी व चालान की उपलब्धता की भी कोई परेशानी नहीं है। रही बात बंगाल से बालू लाने की, तो जब यहां बालू व चालान उपलब्ध है, तो बंगाल से क्यों मंगवाना।

# स्थानीय कलाकारों को नहीं मिल रहा फिल्म पॉलिसी का लाभ

**रांची, एजेंसी।** लाइट, कैमरा और एक्शन।।। ये तीन शब्द हमारे कानों में पड़ते ही हमारे जेहन में एक ही चीज आती है - सिनेमा। क्या है सिनेमा? क्या ये सिर्फ मनोरंजन का साधन है? या फिर इसके और भी कई उद्देश्य हैं? कई विशेषज्ञों से ये सवाल पूछने पर जवाब मिलता है कि नहीं, सिनेमा सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं है। सिनेमा की बड़ी भूमिका है- समाज के लिए भी और भाषा और संस्कृति के लिए भी।

सिनेमा यानी समाज का आईना - सिनेमा को पूरी दुनिया में इसी रूप में देखा जाता है। अलग-अलग क्षेत्रों के लोग अपनी भाषा और संस्कृति के अनुसार सिनेमा बनाते हैं। इसका एक उद्देश्य मनोरंजन तो है ही, लेकिन असली उद्देश्य अपनी कला, संस्कृति और समाज को संरक्षित कर उसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना है। शायद यही वजह है कि भारत के अलग-अलग राज्यों और क्षेत्रों में अलग-अलग तरह के सिनेमा बनते हैं। तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में तेलुगु सिनेमा, तमिलनाडु में तमिल सिनेमा, केरल में मलयालम, कर्नाटक में कन्नड़, महाराष्ट्र में मराठी, बिहार में भोजपुरी, पंजाब में पंजाबी, पश्चिम बंगाल



में बंगाली, असम में असमिया सिनेमा बनते हैं। इनका मुख्य उद्देश्य मनोरंजन के साथ-साथ अपनी भाषाओं को संरक्षित और बढ़ावा देना है, ताकि उनकी संस्कृति उनकी आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचती रहे।

सिनेमा सिर्फ मनोरंजन की चीज नहीं है। सिनेमा जानकारी देता है, सिनेमा संस्कृति देता है। स्थानीय समाज क्या है, उसकी संस्कृति क्या है, यह दिखाने के लिए सिनेमा होना चाहिए। स्थानीय सिनेमा स्थानीय चीजों को सही तरीके से दिखा सकता है। उरांव समाज का जीवन क्या है, संथाल समाज का जीवन क्या है, मुंडा समाज का जीवन क्या है, यह स्थानीय सिनेमा में दिखाया जाना चाहिए।

बॉलीवुड, टॉलीवुड, कॉलीवुड, मॉलीवुड, सैंडलवुड की तरह ही भारत में एक और फिल्म इंडस्ट्री है, जिसके बारे में शायद ही बहुत से लोग जानते हों। जैसे बॉलीवुड हिंदी फिल्मों के लिए, टॉलीवुड तेलुगु फिल्मों के लिए, कॉलीवुड तमिल फिल्मों के लिए जाना जाता है, वैसे ही झॉलीवुड नाम की भी एक फिल्म इंडस्ट्री है, जो झारखंडी फिल्मों के लिए जानी जाती है। इसके अंतर्गत झारखंड की स्थानीय भाषाओं की फिल्में बनती हैं। लेकिन दुख की बात कहें या विडंबना, कि इसके बारे में शायद ही लोग जानते हों।झारखंड वर्ष 2000 में अस्तित्व में आया, लेकिन इसकी संस्कृति सैकड़ों साल पुरानी है। यहां रहने वाले आदिवासी समुदाय की अपनी भाषा है, अपना रहन-सहन है, अपना खान-पान है और अपने त्योहार हैं। ऐसे अनोखे और विशिष्ट संस्कृति वाले राज्य में कई तरह की फिल्में भी बनती हैं। लेकिन फिल्मों के लिए जरूरी बुनियादी ढांचे की कमी और सरकार की उदासीनता के कारण ये फिल्में लोगों तक नहीं पहुंच पाती हैं और जब ये लोगों तक नहीं पहुंच पाती हैं तो फिल्म निर्माताओं को नुकसान होता है और इस नुकसान से तंग आकर वे फिल्में बनाना बंद कर देते हैं। झारखंड में मुख्य रूप से संथाली, नागपुरी और खोरठा भाषा की फिल्में बनती हैं। झारखंड के युवाओं में कला की कोई कमी नहीं है। यहां रहने वाले कई लोग आज हिंदी फिल्मों में बड़ा नाम हैं। लेकिन स्थानीय फिल्मों को अभी उतनी पहचान नहीं मिल पाई है जितनी मिलनी चाहिए थी। यहां की सरकार ने भी यहां के स्थानीय फिल्म निर्माताओं के लिए कुछ खास कदम नहीं उठाए हैं। झारखंड में फिल्मों के क्षेत्र में सरकार की उपेक्षा का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि राज्य गठन के करीब 15 साल बाद जाकर यहां कोई फिल्म नीति बनी। इससे पहले फिल्मों के लिए न तो कोई नियम थे और न ही कोई सरकारी मदद। फिर भी यहां के फिल्म प्रेमियों ने किसी तरह स्थानीय पहचान को पर्दे पर लाने की कोशिश की।

## 30 जून तक बर्द्धमान-हटिया मेमू बोकारो तक चलेगी

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद व बोकारो समेत राज्य के बड़े हिस्से के यात्रियों की परेशानी शनिवार से बढ़ जाएगी। आगामी 30 जून तक बर्द्धमान-हटिया मेमू अलग-अलग दिनों में हटिया के बदले बोकारो तक जाएगी। वापसी में भी बोकारो से बर्द्धमान तक चलाई जाएगी। बोकारो से हटिया के बीच दोनों ओर से रद रहेगी।

इसके साथ ही हटिया से सांकी के बीच चलने वाली दो जोड़ी पैसेंजर ट्रेनें भी 30 जून तक अलग-अलग दिनों में रद रहेंगी। इतना ही नहीं, धनबाद से बोकारो व टाटा होकर चलने वाली झाड़ग्राम मेमू भी नौ व 11 जून को दोनों ओर से रद रहेगी।

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 07-06-2025 21:39 Page 1



# पुलिसिया जुल्म के खिलाफ सांसद मनीष जायसवाल हुए उग्र

▶ सदर थाना के बाहर बैठे धरने पर ▶ विधायक व समर्थक भी रहे मौजूद ▶ थाना प्रभारी ने मानी अपनी गलती ▶ सार्वजनिक रूप से मांगी माफी ▶ भविष्य में गलती नहीं करने का दिया भरोसा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** बीते 4 जून की रात को हजारीबाग जिले के चलकुसा प्रखंड क्षेत्र स्थित ग्राम दिगवार से प्रसव के लिए आई महिला से हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के गायनी ओटी में हुए गलत व्यवहार का मामला तुल पकड़ लिया। इस मामले में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी हजारीबाग वासियों के संवेदना के विरुद्ध चिकित्सीय कुव्यवस्था के साथ खड़े हो गए है। उनका यह रवैया सरकारी चिकित्सकों के गायब रहने, मरीजों के साथ दुर्व्यवहार को समर्थन करता है जबकि दूसरी ओर से हजारीबाग की संवेदना और हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज अस्पताल की बिगड़ी व्यवस्था में सुधार को लेकर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल लगातार अड़े हुए हैं। इस मामले में शुक्रवार की रात को एक नया रूप देखने को मिला जिसमें बगैर मामले की जांच- पड़ताल कराए समाजसेवी अर्जुन साव को मध्य रात्रि पूछताछ करने के लिए सदर थाने के बुलाया गया और उन्हें अवैध तरीके से डिटेन कर लिया गया।

बगैर किसी शिकायत के अर्जुन साव को हजारीबाग सदर थाना पुलिस ने जैसे ही हिरासत में लिया सांसद मनीष जायसवाल गंभीर हुए और शनिवार की सुबह 9:45 बजे सदर थाना पहुंच गए। यहां उन्होंने पहले थाना में ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारी और फिर थाना प्रभारी सुभाष कुमार सिंह से अर्जुन साव की हिरासत में लेने का कारण और शिकायत पत्र या फिर लिखित रूप से कारण मांगा। जहां सदर थाना पुलिस किसी भी तरह का साक्ष्य नहीं प्रस्तुत कर पाई। अपनी मांग को लेकर सांसद मनीष जायसवाल पौने दस बजे से करीब सवा दो बजे तक सदर थाना के बाहर धरने पर बैठ गए। सांसद के साथ सदर विधायक प्रदीप प्रसाद और फिर बाद में बरही विधायक मनोज यादव सहित सैकड़ों भाजपा नेता, कार्यक्रम



और आम - आवाम यहां पहुंचकर तब तक बैठे रहें जबतक उनकी मांगे पूरी नहीं हुई। इस दौरान सदर एसडीपीओ अमित आनंद, सदर सीओ मयंक भूषण, सीसीआर डीएसपी मनोज कुमार सिंह सहित कई अन्य अधिकारी धरना स्थल पर पहुंचे और सांसद मनीष जायसवाल को धरना समाप्त कर मामला शांत कराने को कहते रहें। अंत में वरीय अधिकारियों के सामने थाना प्रभारी ने धरना स्थल पहुंचकर सांसद सहित अन्य लोगों से अपनी गलती स्वीकार करते हुए सार्वजनिक रूप से मांगी और भविष्य में ऐसा अनैतिक कार्य नहीं करने का भरोसा जताया। मौके पर सांसद के साथ सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, बरही विधायक मनोज यादव, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष राजकरण पाण्डेय, समाजसेवी मनोज गुप्ता, भाजपा नेता सुदेश चंद्रवंशी, केपी ओझा, विनोद झुनझुनवाला, रमेश ठाकुर, रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, मांडू विधानसभा सांसद प्रतिनिधि द्वारिका सिंह उर्फ.खोखा सिंह, भैया अभिमन्यु प्रसाद, आनंद देव, मनमीत अकेला नरेंद्र गुप्ता, शेफाली गुप्ता, पंकज मेहता अजय मेहता, अनेश्वर प्रसाद, राजेश गुप्ता, रणधीर पांडेय, विवेक बरियार, मुकेश सोनी, जीवन मेहता, मुनेश ठाकुर, अजय मेहता रहे।

## टीबी मरीजों का दो निजी अस्पतालों व जांच केंद्रों में हो रहा मुफ्त एक्स-रे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिले के टीबी मरीजों के इलाज के लिए निजी अस्पतालों में भी एक्स-रे की मुफ्त सुविधा उपलब्ध कराई गई है। राज्य यक्ष्मा पदाधिकारी डा. कमलेश कुमार के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने नवजीवन अस्पताल तुंबागड़ा व हेल्थ मैप मेदिनीनगर के साथ करार किया है। इसके बाद से दोनों जगहों पर टीबी मरीजों का निशुल्क एक्सरे किया जा रहा है। मरीज का एक्स-रे करने वाले निजी अस्पतालों को प्रति एक्स-रे 350 रुपए का भुगतान राज्य सरकार कर रही है।

इसके साथ ही टीबी के संभावित मरीजों को यह सुविधा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में भी दी जाएगी। बताते चलें कि पलामू जिले में टीबी के कुल 2895 सक्रिय रोगी हैं। यक्ष्मा विभाग के द्वारा टीबी के सभी रोगियों दवा खिलाई जा रही है। इसमें से 314 टीबी रोगियों को फूड बास्केट दिया। 80 प्रतिशत टीबी रोगियों को निक्षय पोषण योजना से डीबीटी के माध्यम से राशि प्रदान की गई। टीबी संक्रमण बीमारी है।

टीबी रोग, माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस नामक बैक्टीरिया से होने वाली एक संक्रामक बीमारी है। लेकिन सबसे ज्यादा टीबी के मामले फेफड़ों से ही जुड़े होते हैं। फेफड़े की टीबी से संक्रमित व्यक्ति के खांसने व छींकने के दौरान अगर कोई व्यक्ति उसके संपर्क में आ जाता है तो उसको भी टीबी संक्रमित होने की संभावना बढ़ जाती है।

एक टीबी का मरीज 10 लोगों को संक्रमित कर सकता है। बीमारी बेहद घातक है। इसके घातक होने की मुख्य वजह यही है कि ये शरीर के जिस हिस्से में होती है उस हिस्से को पूरी तरह से नष्ट कर देती है। लिहाजा सही समय पर इसका इलाज होना बेहद जरूरी है। पलामू जिले में भी हर साल टीबी के हजारों मामले सामने आते हैं। हालांकि, स्वास्थ्य विभाग लगातार इस बात पर जोर दे रहा है कि टीबी रोग के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए ताकि समय रहते लोग अपना इलाज करा सकें।

## मैट्रिक परीक्षा में सात स्कूलों के शत-प्रतिशत बच्चे फेल

**सबसे अधिक छह प्रतिशत की गिरावट पश्चिमी सिंहभूम में**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** जैक की मैट्रिक परीक्षा में सात स्कूलों के शत-प्रतिशत बच्चे फेल हो गए हैं। वहीं, 54 स्कूलों में आधे से अधिक बच्चे फेल हो गए। इस परीक्षा के परिणाम में इस वर्ष सुधार होने के बाद इन स्कूलों की यह स्थिति रही। सबसे चिंताजनक बात कि इन स्कूलों में पर्याप्त शिक्षक भी कार्यरत थे।

इन स्कूलों में एक स्कूल देवघर का आर मित्रा हाई स्कूल भी है जहां 33 शिक्षक कार्यरत हैं। इस स्कूल से आठ परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें सभी फेल हो गए।

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा परिणाम के विश्लेषण में यह मामला सामने आने के बाद विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह ने इसे गंभीर स्थिति बताते हुए इन स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को स्पष्टीकरण पूछकर वहां से हटाने तथा अनुशासनिक कार्रवाई के निर्देश संबंधित उपायुक्तों को दिए हैं।

सचिव ने इन सभी स्कूलों की स्थलीय जांच का भी आदेश दिया है। उन्होंने परिणाम के विश्लेषण के बाद पूरी रिपोर्ट सभी जिलों के उपायुक्तों को भेजी है। इसमें कहा गया है कि इस परीक्षा के परिणाम में सुधार के बाद भी 35,729 परीक्षार्थी फेल हो गए हैं। इनका विश्लेषण जरूरी है ताकि कारणों की पहचान की जा सके।

भले ही राज्य स्तर पर पिछले वर्ष की तुलना में 1.3 प्रतिशत अधिक परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं, लेकिन सात जिले ऐसे हैं, जहां परिणाम में गिरावट दर्ज की गई है। इनमें पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, गुमला, लोहरदगा, पूर्वी सिंहभूम, सिमडेगा तथा खूंटी है।

सबसे अधिक छह प्रतिशत की गिरावट पश्चिमी सिंहभूम में हुई है। वहीं, 10 जिले ऐसे हैं जहां का परिणाम राज्य औसत से कम रहा। इनमें पश्चिमी सिंहभूम, लोहरदगा, सरायकेला खरसावां, रांची, गुमला, खूंटी, सिमडेगा, रामगढ़, पूर्वी सिंहभूम तथा गढ़वा सम्मिलित हैं।

## अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जप्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़कागांव ।** बड़कागांव पुलिस ने शनिवार का अवैध बालू का उत्खनन कर परिवहन करते हुए चंदौल मोड़ से एक ट्रैक्टर को जप्त कर मामला दर्ज करते हुए तीन लोगों को जेल भेज दिया।मामले को लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने बताया कि अवैध बालू लदा ट्रैक्टर पकड़कर आवश्यक करवाई हेतु थाना लाने के क्रम में कमलेश कुमार पिता पोखराज प्रसाद , पोखराज प्रसाद पिता नागेश्वर महतो दोनों ग्राम निवासी सांढ़ निवासी एंव गंगा कुमार पिता कीटन महतो साकिन लकुरा तीनों थाना बड़कागांव जिला हजारीबाग द्वारा ट्रैक्टर को छुड़ाकर ले जाने का प्रयास करने एवं पुलिस बल के साथ धक्का मुक्की करने के आरोप में बड़कागांव थाना कांड संख्या 141/25 दर्ज किया गया। धारा 07.06.25 व/र 121/121 /317 (2)/3(5), 4/21 एमएमडीआर एक्ट , 4/54 जेएमएमसी रूल , 7 सितंबर 2013 झारखंड मिनिरल रूल दर्ज कर उक्त तीनों प्राथमिकी अभियुक्त को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## पुलिस ने आंदोलनकारियों पर चटकायी लाठियां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** नगर निगम की डिप्टी मेयर नाजिया हसन के खिलाफ प्रस्तावित मशाल जुलूस को लेकर शनिवार को शहर का माहौल तनावपूर्ण हो गया। हिंदू संगठनों और भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित किए जाने वाले इस जुलूस को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया। इसी सिलसिले में पुलिस ने भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण चौधरी मन्ना सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज किया, जिससे माहौल और अधिक गरमा गया।

जानकारी के अनुसार, शनिवार को दोपहर से ही जिला प्रशासन और पुलिस बल भाजपा जिलाध्यक्ष व अन्य नेताओं पर मशाल जुलूस को स्थगित करने का दबाव बना रहे थे। लेकिन भाजपा कार्यकर्ता और हिंदू संगठनों के सदस्य इस निर्णय से सहमत नहीं थे और अपनी पूर्व घोषित योजना के तहत जुलूस निकालने पर अड़े रहे।

जब पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो मौके पर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई, जो धीरे-धीरे झड़प और अंततः लाठीचार्ज में बदल गई।

यह सारा मामला दरभंगा नगर निगम की डिप्टी मेयर नाजिया हसन के एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर शुरू हुआ, जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खिलाफ टिप्पणी की थी।

इस पोस्ट को लेकर भाजपा और हिंदू संगठनों में भारी रोष उत्पन्न हो गया। विवाद बढ़ने पर डिप्टी मेयर ने भाजपा जिलाध्यक्ष समेत 24 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई, जिससे मामला और ज्यादा तूल पकड़ गया।

हिंदू संगठनों ने डिप्टी मेयर की टिप्पणी को आपत्तिजनक और धर्म विशेष को भड़काने वाला बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन डिप्टी मेयर के दबाव में आकर विरोध प्रदर्शन को कुचलने की कोशिश कर रहा है।

वहीं, पुलिस प्रशासन का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई है और किसी भी स्थिति में सार्वजनिक शांति को बाधित नहीं होने दिया जाएगा।

## विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस 7 जून के अवसर पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी चंद्र प्रकाश गुग्गी के द्वारा सभी के लिए खाद्य सुरक्षा और सुरक्षित भोजन सुनिश्चित करने के लिए थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, रेस्तरां और स्ट्रीट फूड विक्रेताओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य खाद्य जनित बीमारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है, जो हर साल लाखों लोगों को प्रभावित करती हैं और गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती हैं।

इस कार्यक्रम के माध्यम से सुरक्षित और स्वस्थ भोजन को बढ़ावा दिया गया,जिससे देश भर में बढ़ते मोटापे से निपटने में मदद मिल सके। इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम मुख्यतः खाद्य विषाक्तता और भोजन संबंधी अन्य समस्याओं को कम



करने में मदद करती है। इस अवसर पर एनजीओ हेल्पिंग इंडिया,फीडिंग इंडिया की मदद से लोगों से भोज्य पदार्थों की बबार्दी को रोकने का संदेश दिया गया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान एफएसएसएआई की महत्वपूर्ण पहल ईट राइट इंडिया के तहत ईट राइट स्कूल, ईट राइट कैंपस, फोर्टिफाइड फूड्स और फूड लेबलिंग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान आम लोगों (विशेष रूप से बच्चों और युवाओं को) को अपने भोजन की आदत में सुधार और जीवनशैली में बदलाव लाकर मोटापे व अन्य बीमारियों से लड़ने का आह्वान किया गया।

स्ट्रीट फूड विक्रेताओं के बीच खाद्य सुरक्षा विभाग के द्वारा एप्रन, टोपी, मास्क आदि का वितरण किया गया और व्यक्तिगत स्वच्छता का पालन करने,साथ ही ठेलों की साफ सफाई और प्लेटों की उचित सफाई का भी निर्देश दिया गया है।

विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पहली बार 7 जून 2019 को मनाया गया था, जिसे संयुक्त राष्ट्र महासभा ने दिसंबर 2018 में एक प्रस्ताव पारित कर आधिकारिक मान्यता दी थी।

## बाहर के लोग झारखंड की खजिन संपदा लूट हो रहे मालामाल : रूचिर तिवारी

**हरिहरगंज अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार व बिचौलियागिरी है हावी : भाकपा**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू) ।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के हरिहरगंज अंचल के सिमरवार में बैठक हुई। इसमें जहाना, पड़रिया, सिमरवार व केउवत आदि गांव के ग्रामीणों ने शिरकत की। इसकी अध्यक्षता सिमरवार मुखिया जितेंद्र पासवान ने की। इसमें सर्वसम्मति से पार्टी के नेता व शहीद सेना के जवानों के प्रति दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। बैठक में अंचल सम्मेलन का उद्घाटन वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ता रीढ़ होते हैं। आज के दौर में जहां एक ओर पूंजीवादी व्यवस्था पुरी तरह लागू है। गरीब मजदूर इस व्यवस्था में तबाह हो रहे हैं। वैसी परिस्थिति में भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी की प्रासंगिकता आज के समय में बढ़ गई है। बैठक को संबोधित करते हुए किसान सभा के नेता केडी सिंह ने कहा कि आज देश में किसानों एवं मजदूरों की स्थिति बदहाल है। किसानों को उनके फसल का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। वहीं मजदूर को काम नहीं मिल रहा है। ऐसे में सरकार को न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू करनी चाहिए। मनरेगा योजना के तहत रोजगार नहीं तो बेरोजगारी मजदूरी मिलनी चाहिए। बैठक को संबोधित करते हुए जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने कहा कि हरिहरगंज अंचल कार्यालय में घूसखोरी व भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ है। बिचौलिया गिरी हावी है। वही हरिहरगंज अंचल के ग्राम सिमरवार को सैकड़ों एकड़ जमीन टाटा कंपनी ने खरीदा लिया है । इसमें सैकड़ों ग्रामीणों का घर मकान बना हुआ है। इसका रसीद भी ग्रामीणों का ही कटता है। कम्युनिस्ट पार्टी टाटा कंपनी को दलितों को घर से उजाड़ने के मंसूबे को कभी पूरा नहीं होने देगी। हरिहरगंज इलाका पत्थर माफियाओं का अड्डा बन गया है। झारखंड से बाहर के लोग खनिज संपदाओं पत्थर पहाड़ को लूट कर पैसा कमा रहे हैं। यहां के स्थानीय लोग धूल फांक रहे हैं। ऐसी स्थिति में आंदोलन के अलावा कोई विकल्प नहीं रह गया है।अंत में सर्व सम्मति से जनेश्वर भूइंया को हरिहरगंज का अंचल सचिव, हरि भूइंया व कईल भूइंया को सहायक सचिव बनाया गया। सम्मेलन में कुलदीप भूइंया, राजू भूइंया, राम किशुन भूइंया, दुखी भूइंया, गिराज पासवान, मिथलेश पासवान, ललन पासवान, अलख पासवान सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## एचजेडबी आरोग्यम कुणाल हॉस्पिटल में ओपीडी सेवा शुरू

**पहले ही दिन 30 महिलाओं ने कराया इलाज**



हजारीबाग। लिटिल एंजेल्स स्कूल के समीप स्थापित एचजेडबी आरोग्यम कुणाल हॉस्पिटल में महिलाओं और बच्चों के लिए ओपीडी सेवा का शुभारंभ हुआ। सेवा के पहले ही दिन 30 महिला मरीजों ने परामर्श लेकर लाभ प्राप्त किया।हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक हर्ष अजमेरा ने बताया कि अस्पताल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा, ₹स्वास्थ्य सेवा को आम जन तक पहुँचाना हमारा प्राथमिक उद्देश्य है। जल्द ही महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा।

स्थानीय लोगों ने हॉस्पिटल में ओपीडी सेवा की शुरूआत का स्वागत किया और इसे क्षेत्र के लिए एक सकारात्मक पहल बताया। विशेषज्ञ डॉक्टरों की मौजूदगी और बेहतर इलाज की सुविधा को लेकर लोगों में उम्मीद की नई किरण जगी है।

## बाघ दिखने के वायरल वीडियो से फैली दहशत, सर्च अभियान जारी

**पहाड़ी गांवों में डर का माहौल, लोगों की बढ़ी चिंता**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रोहतास।** जिले में स्थित कैमूर वन्यजीव अभ्यारण क्षेत्र से इस बार रोमांच के साथ दहशत की खबर आई है। शनिवार को इलाके के नौहट्टा थाना क्षेत्र के रेहल के पास एक बाघ को देखे जाने की सूचना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। बाघ के कथित वीडियो के वायरल होते ही जहां एक ओर वन्यजीव प्रेमियों में उत्सुकता देखी जा रही है, वहीं पहाड़ी गांवों में डर और चिंता का माहौल व्याप्त हो गया है।

बताया जा रहा है कि शनिवार की दोपहर को किसी ग्रामीण द्वारा बाघ की चहलकदमी का एक वीडियो रिकॉर्ड किया गया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि इस वीडियो की अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन उसमें दिख रहा सुनहरे रंग का बाघ खुले जंगल में अपनी मस्ती में टहलता हुआ दिखाई देता है और फिर कुछ ही सेकंड में पेड़ों के बीच ओझल हो जाता है।

बाघ की मौजूदगी की खबर आग की तरह इलाके में फैल गई। जहां एक ओर इस खबर ने जंगल प्रेमियों को रोमांचित किया है, वहीं कैमूर की पहाड़ियों में बसे गांवों में भय का माहौल है। विशेष रूप से महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग अब जंगल की ओर जाने से डरने लगे हैं। ग्रामीणों को आशंका है कि अगर बाघ वास्तव में इस क्षेत्र में है, तो वह कभी भी मवेशियों या इंसानों पर हमला कर सकता है।

जैसे ही बाघ की उपस्थिति की सूचना मिली, जिला वन विभाग हरकत में आया। वन पदाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि बाघ की मौजूदगी का वीडियो प्राप्त हुआ है और उसकी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह संभावना है कि गर्मी के कारण जल स्रोतों के पास वन्यजीवों की गतिविधि बढ़ी है और बाघ भी इन्हीं स्थलों की ओर आकर्षित हो रहा है। फिलहाल वन विभाग की टीम जंगल में बाघ की उपस्थिति की पुष्टि के लिए व्यापक सर्च ऑपरेशन चला रही है।

वन विभाग ने पहाड़ी गांवों के लोगों से अपील की है कि बाघ अगर दिखाई दे तो उससे दूरी बनाए रखें, कोई छेड़छाड़ न करें और तुरंत स्थानीय वन पदाधिकारी को सूचना दें। विभाग ने यह भी कहा कि किसी भी संभावित खतरे से बचने के लिए सतर्कता बनाए रखना जरूरी है।

## अमन-चैन और भाईचारे की दुआओं संग मनाया गया बकरीद

**नबिटा टीम**

**चौपारण (हजारीबाग)/ अररिया/ फारबिसगंज।** प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्यौहार श्रद्धा, उल्लास और आपसी भाईचारे के वातावरण में मनाया गया। सुबह सात बजे विभिन्न ईदगाहों में भारी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एकत्र होकर नमाज अदा की। नमाज की इमामत करते हुए धार्मिक नेताओं ने देश में अमन-चैन, आपसी सौहार्द और तरक्की की दुआ कराई।नमाज के पश्चात लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और कुबार्नी का सिलसिला आरंभ हुआ। समाज के सभी वर्गों के बीच सेवइयों और कुबार्नी के गोश्त का वितरण हुआ। खासकर गरीबों और जरूरतमंदों को तबररुक के रूप में गोश्त बांटा गया। मोहल्लों और गलियों में दिनभर रौनक बनी रही। बच्चे नए कपड़ों में त्योहार की खुशी मनाते नजर आए।

त्योहार के अवसर पर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। अंचल अधिकारी संजय कुमार यादव एवं थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश पूरे दिन क्षेत्र में सक्रिय नजर आए। संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन कैमरों से निगरानी की गई। अधिकारियों ने खुद विभिन्न इलाकों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया, जिससे पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

कमलवार के इमाम मौलाना मुमताज आलम ने अपने संबोधन में कहा, ₹कुबार्नी जानवर की नहीं, आपकी नीयत की होती है। अल्लाह तक न गोश्त पहुंचता है न खून, सिर्फ आपकी पाक नीयत पहुंचती है।₹ उन्होंने कहा कि इस मौके पर हमें सिर्फ जानवर ही नहीं, बल्कि अपने घमंड, गुस्से, लालच और हसद जैसी बुराइयों को भी कुर्बान करना चाहिए। यही असली इबादत है और इससे इंसान का ईमान भी मजबूत होता है।

**अररिया/फारबिसगंज से संवाददाताके अनुसार** जिले भर में बकरीद का पर्व शनिवार को काफी उत्साह और अकीदत के साथ शांतिपूर्वक मनाया गया। पर्व के मद्देनजर लोग सभी प्रकार की पकवान से लेकर कुर्बानी तक के जानवरों का इंतजाम कर लिए थे। जिले के सभी ईदगाहों ,खानकाहो , इबादतगाहों व मस्जिदों की साफ सफाई कर रंग रोगन एक दिन पूर्व ही कर लिया गया था।

मिली जानकारी अनुसार जिला मुख्यालय के ऐतिहासिक जामा मस्जिद में बकरीद की नमाज सोमवार सुबह 6.30 बजे , आजाद एकेडमी मैदान में 7.00 बजे ,इस्लामनगर ईदगाह मैदान में 8.00 बजे , खरहैया बस्ती ईदगाह मैदान में 8:00 बजे और हर ग्रामीण क्षेत्र के ईदगाह के मैदान में 9:00 बजे नमाज अदा की गई । दो रिकत ईदुल अजहा ( बकरीद ) की नमाज अदा करने के बाद इमाम द्वारा खुतबा को लोग शांतिपूर्वक सुनते रहे,और खुतबा खत्म होते ही अल्लाह के सामने हाथ उठाकर पूरे देश के इंसानों के लिए सुख, शांति, अमन, चैन की दुआ मांगी गई।

इस मौके पर मदरसा फैज ए रहमानी वीर नगर विसरिया ,भरगामा के नाजिम मुफ्ती मुहम्मद आरिफ सिद्दीकी साहब ने बलिदान का पर्व ईद उल अजहा ( बकरीद) के अवसर पर पूरे जिले वासियों को दिली मुबारकबाद पेश की, कहा कि यह पर्व आपस में सौहार्द, इत्तेहाद व भाईचारा बढ़ाने में काफी हद तक मदद करता है । उन्होंने अंत में कहा कि हम पूरे जिले वासियों खासकर सभी धर्म के लोग आपस में मिल बैठकर इस पर्व को शांतिपूर्वक मनाएं, साथ ही साथ किसी अफवाहों पर ध्यान ना दें।

मुफ्ती मुहम्मद आरीफ सिद्दिकी साहब ने आगे कहा कि यह पर्व हमें एक दूसरे को आपस में मेल-जोल बढ़ाने का कार्य भी करता है। उन्होंने यह भी कहा कि ईद उल अजहा का एक ऐतिहासिक पक्ष यह भी है कि इसी ईद उल अजहा के दिन हज जैसी इबादत पुरी की जाती है।

ग्रामीण इलाकों के ईदगाह मैदान में हजारों मुस्लिम भाइयों ने नमाज अदा करते हुए समाज व देश की सलामती की दुआ की । मौके पर बड़ी संख्या में हिंदू समुदाय के लोग भी ईदगाह के मैदान में मुस्लिम भाइयों से गले मिलकर उन्हें बकरीद की मुबारकबाद दी। नमाज के बाद मुस्लिम भाइयों द्वारा अपने घरों पर कुबार्नी की। इस पर्व को लेकर पूरे शहर सहित देहाती क्षेत्रों में भी काफी चहल-पहल देखी गई। ईदगाह मैदान में समाजसेवी व कांग्रेस जिला अध्यक्ष शाद अहमद ने कहा कि यह पर्व आपसी सदभाव का पर्व है। यह पर्व हमे एक दूसरे का ख्याल रखना सिखाता है। पर्व में एक दूसरे का ख्याल रखें। बकरीद को लेकर प्रशासन भी चौकस रही। बकरीद को लेकर जिला पुलिस प्रशासन की ओर से पूरी तैयारी कर ली गई थी, जिसका नजर सुबह होते ही जिले में देखने को मिला। त्यौहार के मद्दे नजर जिले के सभी ईदगाहों पर पुलिस जवान व चौकीदार की तैनाती देखी गई। पूरा शहर व इलाका में पुलिस की तैनाती व सक्रियता देखी गई। साथ ही साथ सभी थाना अध्यक्षों व ओपी प्रभारी को असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दे दिया गया था ,ताकि कोई अप्रिय घटना घटित ना हो सके। वहीं बकरीद त्यौहार में सभी संप्रदाय के लोगों को एक दूसरे से भाईचारा निभाते हुए सभो को सलाम आदर करने की भी पुलिस प्रशासन द्वारा अपील की गई। कुल मिलाकर जिला प्रशासन बकरीद के मौके पर विधि व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए पूरी तरह से तैयार दिखे।

## कुख्यात अपराधी सुहैल खान गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू) ।** पलामू जिले के पाटन पुलिस ने कुख्यात अपराधी सुहैल खान को पांकी से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार सुहैल गढ़वा जिले के ऊंचरी गांव के शरीफ मुहल्ला के जाबिर खान का बेटा है। उसके खिलाफ दो दर्जन से भी अधिक आपराधिक मामले दर्ज है। इसमें सभी मामले हत्या व रंगदारी के हैं। सुहैल खान के खिलाफ पाटन थाना में आर्म्स एक्ट के तहत भी मामला दर्ज था। लेकिन वह काफी दिनों से फरार चल रहा था। उसके खिलाफ कोर्ट ने इस्तेहार जारी किया गया था। केस के आईओ आनंद राम ने 24 मई को सुहैल खान के घर पर कोर्ट द्वारा जारी इस्तेहार चिपकाया था। साथ ही परिजनों को सुहैल खान को न्यायालय में अविलंब उपस्थित कराने की चेतावनी दी थी। इसके बाद पाटन पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सुहैल खान को पांकी स्थित उसके रिश्तेदार के घर से गिरफ्तार किया। मालूम हो कि सुहैल खान के खिलाफ रांची समेत अन्य कई थानों में दर्जनों आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें साल 2012 व 2013 में गढ़वा जिला के नगर ऊंटारी थाना में आर्म्स एक्ट के दो मामले, 2014 में करार हत्या कांड, 2014 में फूजेल खान हत्या कांड, 2016 में नगर ऊंटारी में गैस एजेंसी से रंगदारी, 2014-15 में ही मेदिनीनगर के शहर थाना के छोटी मस्जिद के पास लड्डू खान द्वारा रंगदारी नहीं देने पर गोली मारने का मामला दर्ज है। इसके साथ ही साल 2019 में गढ़वा के लगमा पेट्रोल पंप से रंगदारी मांगने, वर्ष 2020 में मेदिनीनगर के बॉबी खान के भाई गुड्डू खान की हत्या, वर्ष 2021 में मेदिनीनगर के रेड़मा चौक के अश्विनी सिन्हा द्वारा रंगदारी नहीं देने पर गोली मारकर हत्या करने सहित कई मामले दर्ज हैं। इसके अलावा सुहैल खान साल 2021 में गढ़वा बस स्टैंड के संतोष केसरी से पांच लाख रुपए का रंगदारी मांगने, गढ़वा के झलूदा के राहुल मुखिया से रंगदारी मांगने, गढ़वा के ही पंचपड़वा में पांच लाख रुपए की रंगदारी मांगने, साल 2023 में नगर ऊंटारी में आर्म्स एक्ट, रांची स्थित उर्दू लाइब्रेरी के पास छोटू रंगसाज के हत्या के भी आरोप में जेल जा चुका है।

CMYK

# राहुल गांधी ने अपनी पूरी पार्टी को मनोविकृत बना दिया : मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मांगल पाण्डेय ने कहा कि राहुल गांधी ने अपनी गलतबयानी से कांग्रेस को मनोविकृत बना दिया है। बिना आधार की बात करके राहुल गांधी अपनी विश्वसनीयता और बची-खुची कांग्रेस की मिट्टी पलीद कर रहे हैं। चौकीदार चोर है की तरह नरेंद्र-सरेंडर के जुमले का भी कांग्रेस को बिहार के चुनाव में ही भारी खामियाजा भुगतना होगा। 2015 विधानसभा में कांग्रेस ने जितनी सीटें जीती थीं 2020 में उससे भी कम हो गई और इस बार 2025 में कांग्रेस पूरी तरह से बिहार में साफ हो जाएगी। श्री पांडेय ने कहा कि अपने निराधार बयानों के कारण ही राहुल गांधी को बार-बार सुप्रीम कोर्ट से माफी मांगनी पड़ी है। अभी चार दिन पहले ही एक कोर्ट ने उन्हें बड़बोलेपन के लिए फटकार लगाई है। राहुल गांधी के शह पर आजकल कांग्रेसी जिस तरह से झूठ को चिल्ला-चिल्ला और अभद्र भाषा का प्रयोग कर उसे सच साबित करने की कोशिश कर रहे हैं, उससे वे मनोविकृति के शिकार होते जा रहे हैं। श्री पाण्डेय ने कहा कि देश के यशस्वी पीएम नरेन्द्र मोदी के लिए अशिष्ट व अमर्यादित भाषा का प्रयोग, तू-तड़ाक के साथ सम्बोधन के जरिए राहुल गांधी न केवल अपनी बिगड़ैलपन व मनोविकृत मानसिकता का प्रदर्शन कर रहे हैं बल्कि देश का भी अपमान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के तमाम प्रपंचों, तिकड़मों और मिथ्या नैरेटिव गढ़ने के कुप्रयासों के बावजूद पिछले तीन आम चुनावों में से किसी भी चुनाव में कांग्रेस 100 का आंकड़ा नहीं पार कर पाई है। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में तो कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष बनने लायक सीटें भी नहीं जीत पाई थी। कांग्रेस यह न भूले की यह देश बदजुबानी और बदमिजाजी को कभी बर्दाश्त नहीं करता है। राहुल गांधी अपने अनर्गल प्रलापों से देश की 140 करोड़ जनता को बार-बार शर्मसार कर रहे हैं।

# एनडीए में सीटों के बंटवारे को लेकर किसी तरह का गतिरोध नहीं : जीतन राम मांझी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सभी दलों ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। इसबीच पटना पहुंचे हम पार्टी के संरक्षक और केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने शनिवार को कहा कि बिहार की सभी सीटों पर उनकी पार्टी चुनाव की तैयारी कर रही है। चुनाव में एनडीए के बीच सीट बंटवारे पर जीतन राम मांझी ने मीडिया से कहा कि आप लोगों को जो समझना है समझते रहिए, हम लोगों के बीच सीट बंटवारे को लेकर कोई विवाद नहीं है। उन्होंने कहा कि एनडीए में सीटों के बंटवारे को लेकर किसी तरह का गतिरोध नहीं है। जुलाई-अगस्त महीने तक सीटों का बंटवारा कर लिया जाएगा और सभी दलों को लड़ने लायक सीटें मिलेंगी। जीतन राम मांझी ने कहा की हमारी पार्टी राज्य की सभी 243 सीटों पर चुनाव की तैयारी कर रही है। क्योंकि हम लोगों को चुनाव लड़ना भी है और लड़ाना भी है। हम लोगों को एनडीए को जीताना है और नरेंद्र मोदी के हाथों को और मजबूत करना है। बिहार में फिर से डबल इंजन की सरकार बने हमलोगों को सिर्फ उसकी चिंता है। वहीं, राहुल गांधी के यह कहने पर कि जिस तरह से महाराष्ट्र का चुनाव फिक्स था ठीक उसी तरह से बिहार चुनाव भी फिक्स है, मांझी ने कहा कि राहुल गांधी को अभी कैसे पता चल गया कि बिहार में चुनाव फिक्स होगा। जो लोग हारते हैं उन्हें यही पता चलता है। राहुल गांधी के क्राइम कैपिटल वाले बयान पर उन्होंने कहा कि बिहार में स्थिति ठीक है, पहले वाली हालत नहीं है कि मुख्यमंत्री आवास से अपराधी बोलते थे। वहीं मुजफ्फरपुर में दलित बच्ची के साथ दुष्कर्म और उसकी मौत के मामले पर मांझी ने कहा कि घटना से हम लोग भी दुखी हैं। हम लोगों ने सरकार से बात की है। पीड़ित परिवार को हर तरह का मुआवजा और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए कहा गया है। हॉस्पीटल में हुई लापरवाही को लेकर डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

# राहुल गांधी के बयान पर गर्मायी सियासत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के भाजपा पर चुनाव में धांधली का आरोप लगाए जाने को लेकर सियासत गरमा गई है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राहुल गांधी पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि हारने वाले व्यक्ति का ऐसी बातें कहना स्वाभाविक है। अगर किसी को लोकतांत्रिक व्यवस्था पर भरोसा नहीं है तो उसे इस्तीफा दे देना चाहिए और इस व्यवस्था से बाहर निकल जाना चाहिए। वहीं भाजपा सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि मैं ऐसे व्यक्ति पर टिप्पणी नहीं करूंगा जिसने खुद को पराजित कर लिया हो। कांग्रेस ने लगातार हार का अच्छा रिकॉर्ड बनाया है। पार्टी बुझे हुए दीये में घी डाल रही है। उनका बयान इस निराशा का परिचायक है कि वह देश की प्रगति नहीं देख सकते। जबकि केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि इसका मतलब है कि उन्होंने हार स्वीकार कर ली है। हार स्वीकार करने वाले लोग ऐसी बातें करते हैं। हार को देखते हुए ही वह इस तरह के बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि सबसे पहले मैं आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देता हूं, उनकी वजह से ही आज हमें नए टर्मिनल (पटना एयरपोर्ट) पर उतरने का मौका मिला। गौरतलब है कि राहुल गांधी ने भाजपा पर चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए कहा है कि महाराष्ट्र की तरह ही बिहार विधानसभा का चुनाव 'फिक्स' है।

# शिक्षा, शोध व सेवा में बिहार की नई उड़ान : विजय सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री ने बताया कि बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा 'इ' ग्रेड प्राप्त होना न केवल विश्वविद्यालय के लिए बल्कि पूरे बिहार के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह गौरव का क्षण है जिसने यह प्रमाणित कर दिया है कि बिहार अब उच्च शिक्षा, शोध और नवाचार के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों की पंक्ति में मजबूती से खड़ा है। श्री सिन्हा ने कहा कि यह सफलता विश्वविद्यालय के संकल्प, संजीवनी मेहनत और सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। शिक्षकों, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों, छात्रों और किसानों के सहयोग से जो अकादमिक वातावरण विकसित हुआ है, वही इस गौरवपूर्ण मान्यता का आधार बना है। इस उपलब्धि ने यह स्पष्ट कर दिया है कि बिहार सरकार द्वारा शिक्षा और कृषि क्षेत्र को दिए जा रहे विशेष प्रोत्साहन के सकारात्मक परिणाम अब राष्ट्रीय मंच पर दिखने लगे हैं। उन्होंने बताया कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय को राज्य के शीर्ष संस्थानों में और देश के कुछ नैक मान्यता प्राप्त कृषि विश्वविद्यालयों की अग्रिम पंक्ति में स्थापित करती है। नैक की पीयर टीम ने 28 मई से 30 मई तक विश्वविद्यालय का दौरा कर शैक्षणिक, प्रशासनिक, आधारभूत संरचना, अनुसंधान और प्रसार से संबंधित सभी पहलुओं का गहन मूल्यांकन किया। यह मान्यता विश्वविद्यालय की उच्च शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और राष्ट्रीय निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। केवल 15 वर्षों की अल्प अवधि में 3.08 एक्क्ष्इ अर्जित कर विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। यह गौरवपूर्ण मान्यता विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, समावेशी विकास, अनुसंधान प्रगति, और प्रशासनिक पारदर्शिता की निरंतर साधना का परिणाम है। मंत्री ने कहा कि यह ग्रेडिंग राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप विश्वविद्यालय की कार्यनीति और क्रियान्वयन को भी दर्शाता है। बिहार कृषि रोडमैप का प्रभावी कार्यान्वयन और राज्य सरकार के सशक्त नेतृत्व ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति से मेल खाती शैक्षणिक उत्कृष्टता नेप 2020 के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए, विश्वविद्यालय ने पाठ्यक्रम को बहुविषयक, कौशल-उन्मुख और नवाचार-प्रेरित रूप में पुनर्गठित किया है। नैक टीम ने पाठ्यक्रम डिज़ाइन और विकास को अत्यधिक सराहा। इसमें परिणाम-आधारित शिक्षा, अनुभवजन्य अधिगम, और उद्योग-अकादमिक सहयोग को प्राथमिकता दी गई है।

# रविशंकर प्रसाद ने जर्मनी के विदेश मंत्री से की मुलाकात

## जर्मनी और भारत के बीच आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने की जरूरत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद ने जर्मनी दौरे के दौरान वहां के विदेश मंत्री जोहान वेडफुल से मुलाकात की। इस मुलाकात में आतंकवाद और आर्थिक विकास पर चर्चा हुई। इस अवसर पर जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वेडफुल ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा की है। इस मुलाकात के दौरान रविशंकर प्रसाद ने कहा कि आतंकवाद लोकतंत्र, मानवता और मानवाधिकार के लिए हानिकारक है। उन्होंने पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद पर चिंता व्यक्त की और कहा कि इसके खिलाफ लोकतंत्र में विश्वास करने वाले देशों को एकजुट होने की आवश्यकता है। पाकिस्तान के द्वारा प्रायोजित आतंकवाद को वहां के मिलिट्री शासक समर्थन करते है और आर्थिक मदद करते हैं। उनके पास ही असली शक्ति है। श्री प्रसाद ने कहा कि पाकिस्तान के आजादी के इतिहास में लगभग 55 वर्ष मिलिट्री का शासन रहा है। अयूब खान, याह्या खान, मुहम्मद ज़िया-उल-हक, परवेज मुशर्रफ, असीम मुनीर और इनका पब्लिक स्टेटमेंट है कि हिन्दू और मुस्लिम साथ नहीं रह सकते है। मुस्लिम की अपेक्षा अलग है और महत्वाकांक्षा अलग है, पाकिस्तान के जनरल जिहादी भाषा का प्रयोग करते है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया को यह समझना पड़ेगा कि ऐसे लोगों को आईएमएफ या कोई अन्य संगठन सहयोग करते है, वे चीन से हथियार खरीदने में और आतंकवाद को बढ़ावा देने में उपयोग करते है क्योंकि ये जनरल न चुने हुए हैं न इनकी कोई जवाबदेही है। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि दुनिया में कही भी आतंकवादी घटना होती है उसकी जड़े पाकिस्तान में होती है। ओसामा बिन लादेन पाकिस्तान में पकड़ा गया, 9/11, 26/11, लंदन में आतंकवाद की घटना इन सभी में या तो पाकिस्तान आतंकवादी संलिप्त रहते है या पाकिस्तान के टेररिस्ट कैंप के प्रशिक्षित आतंकवादी रहते है। रविशंकर प्रसाद ने जर्मनी के साथ आर्थिक संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया।

# मेरे चुनाव लड़ने पर अंतिम मुहर पार्लियामेंट्री बोर्ड लगाएगी : चिराग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने की चल रही चर्चा के बीच पटना पहुंचे केंद्रीय मंत्री व लोजपा(रा) प्रमुख चिराग पासवान से जब मीडियाकर्मियों ने सवाल किया कि क्या वह विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे? उन्होंने इससे इनकार तो नहीं किया लेकिन गेंद पार्टी संसदीय बोर्ड के पाले में डाल दिया। उन्होंने कहा कि मैं कहां से विधानसभा का चुनाव लड़ूंगा या नहीं लड़ूंगा, इन तमाम विषयों पर चर्चा चल रही है। इसपर अंतिम मुहर पार्लियामेंट्री बोर्ड को ही लगाना है। चिराग ने कहा कि जो लोग मेरे विधानसभा चुनाव को लड़ने को लेकर मेरे गठबंधन के भीतर भ्रम फैला रहे हैं तो उन्हें बताना चाहूंगा कि अगर मैं विधानसभा का चुनाव लड़ूंगा तो उसके पीछे अपनी पार्टी के स्ट्राइक रेट को मजबूत करना होगा, गठबंधन को मजबूत करना होगा। यह पहली बार नहीं है कि मैं ही ऐसा अनोखा प्रयोग करने जा रहा हूं। भाजपा या अन्य बड़े दल अपने राष्ट्रीय स्तर के नेताओं को विधानसभा का चुनाव लड़वाते हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान कैबिनेट मंत्री भी चुनाव लड़े लेकिन इसके पीछे की सोच अपने कार्यकर्ताओं में उत्साह लाने की होती है, गठबंधन और अपनी पार्टी की स्ट्राइक रेट को बेहतर करने की होती है। भरोसा रखिए कि इस बार भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पहले से अधिक मजबूत सरकार बनने जा रही है।

# एनसीसी कैडेट्स को दिया शीप मॉडल बनाने का प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** 01 बिहार नेवल यूनिट के द्वारा शनिवार को राजेंद्रनगर अवस्थित एनसीसी ग्रुप मुख्यालय में सीएटीसी-चार कैंप के सातवें दिन शीप मॉडल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिप मॉडल इंस्ट्रक्टर मुनेश्वर पाण्डेय के द्वारा शिविर में उपस्थित नेवी के सभी एसडी/एसडब्लू एवं जेडी/जेडब्लू कैडेट्स को शिप मॉडल बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में 01 बिहार नेवल यूनिट के जहाज रूपाकार शाखा द्वारा सभी एनसीसी कैडेट्स को जहाज बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। सभी विद्यालय/ महाविद्यालय से दो-दो चयनित प्रतिभागी कैडेट्स ने भारतीय नौ सेना के विभिन्न जहाज के मॉडल का निर्माण किया। इस अवसर पर कैंप कमांडेंट, कमांडर सन्नी कुमार गुप्ता ने कहा कि कैडेट्स को इस प्रशिक्षण से जहाज मॉडल बनाने की कला में दिलचस्पी आएगी जिससे कि निदेशालय स्तर पर होने वाले प्रतियोगिता में ये बढ़-चढ़ कर भाग ले सकेंगे। साथ ही बिहार-झारखण्ड निदेशालय को सभी निदेशालयों में अग्रणी रखने में अपनी अहम भूमिका निभा सकेंगे। इस शिविर में 1 बिहार नेवल यूनिट के लेफ्टिनेंट कमांडर, प्रीतम कुमार तथा 1 बिहार नेवल यूनिट के ए.एन.ओ., पी.आई, जी.सी. आई. एवं सभी सिविलियन स्टाफ के साथ नेवी, आर्मी, एयर के एसडी/ एसडब्लू एवं जेडी/जेडब्लू कैडेट्स उपस्थित थे।

# बच्चों के समर कैम्प में अभिभावकों को नसीहत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार प्रादेशिक अग्रवाल सम्मलेन एवं अग्रवाल चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान एवं कला जागरण पटना के सहयोग से दादी मंदिर में बच्चों के लिए चलाये जा रहे समर कैम्प में सातवें दिन योग, आर्ट, राजस्थानी लोकनृत्य, घूमर, मधुबनी पेंटिंग, ब्यूटी टिप्स, नाटिका हड़ताल आदि का अन्तिम प्रशिक्षण दिया गया। आज के कैम्प की विशेषता यह थी कि समर कैम्प के बच्चों के अभिभावकों को बुलाया गया था। अभिभावकों ने अपने अपने बच्चों की समस्याओं के बारे में बताया। गीता जैन ने बताया कि बच्चों को परीक्षा में कम नंबर लाने पर बच्चों को डांटे नहीं बल्कि उन्हें प्रोत्साहित करें। मौके पर सुरेन्द्र कौर ने कहा कि कभी भी दो बच्चों की तुलना नहीं करें, माता-पिता बच्चों के सामने झगड़े नहीं आदि, उन्होंने बताया कि स्वयं भी मोबाइल से दूर रहें एवं बच्चों को भी दूर रखें। मोबाइल के लिए एक समय निर्धारित कर लें। अनावश्यक असमय मोबाइल का प्रयोग न करें। बच्चों के मन को किसी भी दशा में अनावश्यक आहत न करें। बच्चो को अमित राज अकेला, संजय भालोटिया, स्वेता डिडवानिया, गणेश खेतरीवाल, रोहन झुनझुनवाला पंकज लोहारुका आदि विभिन्न प्रकार से सहयोग कर रहे हैं। मौके पर बिहार अग्रवाल सम्मलेन के अध्यक्ष अमर कुमार अग्रवाल ने कहा कि 8 जून को अंतिम दिन प्रातः दस बजे से सभी बच्चे अग्रसेन भवन के हाल के मुख्यमंच अपनी लोकनृत्य, घूमर, हास्य नाटिका एवं अपनी सीखी हुई अन्य कलाओं का प्रदर्शन करेंगे। समर कैम्प के संचालन में अमर अग्रवाल, महामंत्री अक्षय अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, एम पी जैन, निर्मल अग्रवाल, डॉ गीता जैन, अनुपम जैन, तनुजा अग्रवाल, रानी सिंह, अभिषेक जैन, सुनैना सिंह, रोहित कुमार आदि सहयोग कर रहे हैं।

# आयुष्मान भारत से सशक्त हो रहा ग्रामीण बिहार

- **केवल एक वर्ष में चिकित्सा खर्च में 1000 करोड़ से अधिक की बचत**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक क्रांति देखी जा रही है, जहां आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबीपीएम-जय) राज्य के लाखों लोगों, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वालों के जीवन को बदल रही है। एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में राज्य ने केवल एक वर्ष में लाभार्थियों को आउट ऑफ पॉकेट एक्सपेंडिचर (जेब से किए जाने वाले चिकित्सा खर्च) में 1000 करोड़ रुपये से अधिक की बचत कराई है। यह इस योजना की बढ़ती पहुंच और प्रभावशीलता का प्रमाण है। ग्रामीण बिहार की आबादी के लिए सस्ती और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा अब कोई दूर का सपना नहीं रह गया है। राज्य स्वास्थ्य अभिकरण के सतत प्रयासों के माध्यम से, एबी पीएम-जय योजना के अंतर्गत सभी पात्र परिवारों को 100% कवरेज प्रदान किया गया है। इससे यह सुनिश्चित हुआ है कि प्रत्येक पात्र परिवार को भारत की सबसे बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत वित्तीय सुरक्षा और चिकित्सीय सहायता प्राप्त हो रही है। स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार में मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का एकीकरण भी एक बड़ा कदम साबित हुआ है। इस राज्यस्तरीय पहल के समावेश से न केवल स्वास्थ्य अवसंरचना को बल मिला है बल्कि और अधिक लोगों को निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा का लाभ मिलने लगा है। वर्तमान में बिहार में 1100 से अधिक अस्पताल इस योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध हैं जिनमें से लगभग 50% निजी अस्पताल हैं। सार्वजनिक और निजी स्वास्थ्य संस्थानों की यह संतुलित भागीदारी सेवा वितरण में सुधार, प्रतीक्षा समय में कमी और चिकित्सा सुविधाओं को लोगों के नज़दीक लाने में सहायक रही है। इस योजना के पारदर्शी और भ्रष्टाचारमुक्त क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए राज्य स्वास्थ्य अभिकरण द्वारा कई विशेष पहल की गई हैं। इनमें डिजिटल निगरानी, सशक्त शिकायत निवारण प्रणाली, नियमित लेखा-परीक्षण और ज़मीनी स्तर पर जागरूकता अभियान शामिल हैं। राज्य स्वास्थ्य अभिकरण की प्रतिबद्धता है कि किसी भी स्तर पर खामियों को दूर कर वास्तविक लाभार्थियों–यानी बिहार की जनता को पूरी सहायता सुनिश्चित की जाए। अधिकारियों का मानना है कि आयुष्मान भारत पीएम-जय के तहत उठाए गए इन परिवर्तनकारी कदमों से न केवल स्वास्थ्य सूचकांकों में सुधार हो रहा है बल्कि ग्रामीण संकट को कम करने, चिकित्सा ऋण से मुक्ति दिलाने और आर्थिक व सामाजिक रूप से परिवारों को सशक्त बनाने में भी अहम भूमिका निभाई जा रही है। जैसे-जैसे बिहार सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में नए मानक स्थापित कर रहा है। आयुष्मान भारत योजना यह साबित कर रही है कि सक्रिय शासन और समावेशी नीतियां ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं का चेहरा पूरी तरह बदल सकती हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### घायल जवान के शहीद होने पर सीएम मर्माहत

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जम्मू कश्मीर में 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान घायल हुए बिहार के बक्सर जिले के सेना के हवलदार सुनील कुमार सिंह के शहीद होने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है और कहा है कि उनकी शहादत को देश हमेशा याद रखेगा। वे इस घटना से काफी मर्माहत हैं। मुख्यमंत्री ने वीर सपूत की शहादत पर उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि शहीद हवलदार सुनील कुमार सिंह के निकटतम आश्रित को राज्य सरकार की ओर से अनुमान्य सम्मान राशि दी जायेगी। साथ ही शहीद हवलदार सुनील कुमार सिंह का राज्य सरकार की ओर से पुलिस सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जायेगा।

### राज्यपाल ने कोचिंग संचालक खान को दी बकरीद के साथ ही शादी की बधाई

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान बकरीद के मौके पर शनिवार को कोचिंग संचालक खान के संस्थान में पहुंच गए। उन्होंने कोचिंग संचालक खान को बकरीद और शादी की बधाई दी। खान की हाल ही में शादी हुई है। इस दौरान खान ने उनका स्वागत किया और अपने कोचिंग सेंटर के क्लासरूम लेकर गए। राज्यपाल क्लासरूम पहुंचकर कई चीजों से अवगत हुए। खान ने राज्यपाल के आगमन के उद्देश्य के बारे में भी बताया। राज्यपाल ने उन्हें बकरीद की शुभकामनाएं दी और कहा कि हर त्योहार आपसी रिश्तों को मजबूत करने आता है। यूट्यूब पर खान सर को मैंने देखा है। खान के लिए राज्यपाल ने कहा कि वो बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। आगे बढ़ते रहना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि संवेदनशीलता ही मानव को दूसरे प्राणियों से अलग करती है। जो फीस देते हैं उनके लिए ही नहीं बल्कि उनके लिए भी दिल धड़के जो साधनहीन है।

### सलीम परवेज पुनः बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष बने

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधान परिषद् के पूर्व उप सभापति एवं जनता दल यू अल्पसंख्यक सेल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सलीम परवेज को बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड का पुनः अध्यक्ष मनोनीत किया गया। श्री परवेज के अतिरिक्त पांच पदेन एवं छह अन्य सदस्य बनाए गए हैं। यह बोर्ड 12 सदस्यीय है। इस संबंध में आज बिहार सरकार के शिक्षा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। सलीम परवेज़ ने मदरसा बोर्ड का अध्यक्ष बनाए जाने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार व्यक्त किया है। आज यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि वे बिहार के विकास, खासकर अल्पसंख्यकों की शिक्षा में सुधार के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सपनों को पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि वे राज्य के मदरसों को और अधिक सक्रिय और पारदर्शी बनाने पर विशेष ध्यान देंगे। उन्होंने कहा कि मदरसों में समकालीन शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा और वे ऐसा माहौल बनाने की कोशिश करेंगे जिससे इन मदरसों के छात्र आइएएस और आइपीएस की प्रतियोगी परीक्षाओं में भी भाग लेकर सफलता प्राप्त करें।

### हम का प्रशिक्षण शिविर कल

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (से.) द्वारा बिहार विधान सभा के सभी 243 सीटों के लिए प्रभारी बना दिया गया है। बनाए गए सभी नए विधान सभा प्रभारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। यह प्रशिक्षण शिविर 9 जून को बिहार विधान परिषद के उपभवन सभागार में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन करेंगे। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक डॉ अनिल कुमार भी उपस्थित रहेंगे। साथ ही पार्टी के बाराचट्टी की विधायक ज्योति मांझी, इमामगंज की विधायक दीपा मांझी जी और सिकंदरा के विधायक प्रफुल मांझी भी उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा प्रदेश संगठन प्रभारी राजेश रंजन, प्रदेश प्रधान महासचिव अविनाश, कमाल परवेज, शमिता शर्मा, कुमार शुभम आदि लोग उपस्थित रहेंगे।

### गरीबों को ठगना लालू परिवार की फितरत

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने शनिवार को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर करारा तंज कसते हुए कहा कि तेजस्वी यादव सोशल लीडर तो नहीं बन पाए, अब सोशल मीडिया के लीडर बनने के लिए हाथ-पैर मार रहे हैं। वे आजकल सोशल मीडिया पर रोज नये अवतार में दिख रहे हैं। श्री मिश्र ने आज यहां कहा कि सोशल मीडिया पर तेजस्वी यादव का नया अवतार बड़ा ही हास्यास्पद है। नेता प्रतिपक्ष का एक नया नाटकीय वीडियो सोशल मीडिया पर इन दिनों वायरल हो रहा है, जिसमें तेजस्वी यादव अपने को दिलेर और गरीबों के मददगार बता रहे हैं। इस वीडियो की हम पुष्टि नहीं करते लेकिन यह वीडियो लोगों के बीच हास्य का केंद्र बन गया है। लोग तरह-तरह से इस वीडियो पर चुटकी ले रहे हैं। श्री मिश्र ने कहा कि तेजस्वी यादव ने कम उम्र में अकूत संपत्ति अर्जित करने में बेशक दिलेरी दिखायी है। वह भी बिना किसी रोजी-रोजगार के। बिना रोजी-रोजगार के बेहिसाब अवैध संपत्ति अर्जित करने के बाद वे अब जांच एजेंसियों के दफ्तरों के चक्कर लगाने में दिलेरी दिखा रहे हैं और अब यह भी तय है कि आनेवाले दिनों में वे सजा भुगतने में भी दिलेरी दिखाएंगे। ऐसे दिलेरों की परिणति जेल ही होती है।

### सीपी सिन्हा को दी गयी भावभीनी श्रद्धांजलि

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जदयू के पूर्व विधान पार्षद स्वर्गीय सीपी सिन्हा का पार्थिव शरीर शनिवार को प्रदेश कार्यालय पहुंचा, जहां पार्टी के वरीय नेताओं और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने पार्थिव शरीर को पार्टी का झंडा ओढ़ाकर उन्हें अंतिम विदाई दी। दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उन्होंने कहा कि स्व. सिन्हा का दीर्घकालीन सार्वजनिक जीवन सादगी, ईमानदारी और जनसेवा का मिसाल रहा है। जनहित के प्रति उनका समर्पण सदैव पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा। इस अवसर पर भवन निर्माण मंत्री जयंत राज, विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता सह कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ, मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, विधायक शालिनी मिश्रा, पूर्व सांसद अनिल हेगड़े, प्रो. नवीन आर्य चंद्रवंशी, डॉ. अमरदीप, वासुदेव कुशवाहा, अनिल कुमार, बीरेंद्र सिंह दांगी, संतोष कुशवाहा, नंदकिशोर कुशवाहा, रणविजय कुमार, प्रह्लाद सरकार, अरविंद निषाद, नीतीश पटेल, राधेश्याम, सुरेंद्र उरांव, कल्याणी सिंह, कंचन चौधरी, मालती सिंह, दिलीप कुशवाहा, आसिफ कमाल, राजेन्द्र सिंह जार्ज, हुलेश मांझी, राहुल खंडेलवाल, चंदन पटेल, चंद्रिका सिंह दांगी, मोनी सिंह और राम कुमार राम उपस्थित थे।

### बिहार कुम्हार (प्रजापति) समन्वय समिति की बैठक



**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार कुम्हार (प्रजापति) समन्वय समिति द्वारा आज पटना के आईएमए हॉल में प्रजापति हुंकार रैली की अपार सफलता के उपरांत एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति के प्रदेश अध्यक्ष रूपेश कुमार पंडित ने जबकि संचालन महामंत्री अरविंद कुमार उर्फ पिंटू गुरुजी ने किया। कार्यक्रम का संयोजन भाजपा नेता डॉ. शीलेंद्र कुमार द्वारा किया गया। बैठक में वक्ताओं ने रैली की सफलता के लिए राज्यभर के जिला, प्रखंड, पंचायत कमिटियों और पूरे प्रजापति समाज को धन्यवाद दिया। वक्ताओं ने कहा कि यह ऐतिहासिक आयोजन समाज के प्रत्येक वर्ग-विशेषकर युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और समर्पण का प्रतिफल है। कोर कमिटी और प्रदेश कार्यकारिणी के दूरदर्शी प्रयासों की भी भूरी-भूरी सराहना की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दानी प्रजापति, भाजपा नेता प्रजापति जग सामंत, शिवरानी देवी, राजेश कुमार, रवि प्रकाश समेत सभी जिलाध्यक्ष, जिला सचिव समेत राज्यभर से सैकड़ों प्रजापति समाज के लोग उपस्थित थे, जिनमें अनेक प्रमुख पदाधिकारी व सामाजिक नेता शामिल थे।

CMYK

नवबिहार टाइम्स
बोकारो, रविवार 8 जून 2025

## संपादकीय

# बदलेगी सियासत

जाति जनगणना की तारीखों का ऐलान कर सरकार ने यह संदेह दूर कर दिया कि वह इस मुद्दे को लटकाए रखना चाहती है। तय शेड्यूल के अनुसार, 1 मार्च 2027 की आधी रात को जनगणना खत्म होगी। अब अगला सवाल है कि इसके आंकड़े कितनी जल्दी सार्वजनिक होते हैं। वजह यह है कि लोकसभा परिसीमन और महिला आरक्षण का मामला भी इसी से जुड़ा हुआ है।सरकार ने 2011 की सामाजिक आर्थिक और जाति जनगणना में भी जाति के आंकड़े जुटाने की कोशिश की थी, लेकिन तब उसमें इतनी विसंगतियां पाई गईं कि रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया गया। वहीं, पिछले डेढ़ दशक में सामाजिक और राजनीतिक रूप से जातिगत जनगणना का दबाव बढ़ा है। हाल में बिहार और कर्नाटक जैसे राज्यों ने इस दिशा में अपनी तरफ से कोशिश भी की, जो विवादों में घिर गई। केंद्र सरकार को इस तरह के विवादों और पिछली गलतियों से बचना होगा।आजाद भारत में जातियों पर राजनीति हुई, लेकिन उनका हिसाब नहीं रखा गया। ऐसे में यह जातिगत जनगणना पूरे परिदृश्य को बदल कर रख देगी। इसका पहला असर होगा लोकसभा सीटों की संख्या पर, जिस पर कोई फैसला 5 दशकों से टलता आ रहा है। देश की बढ़ती आबादी को अब संसद में अपने ज्यादा प्रतिनिधि चाहिए, लेकिन उत्तर और दक्षिण के बीच जनसंख्या का अंतर बड़ी रुकावट है। दक्षिण के राज्यों ने अपनी आबादी पर उत्तर की तुलना में नियंत्रण किया हुआ है। उन्हें डर है कि परिसीमन से उनके यहां सीटें कम हो सकती हैं।1976 में इंदिरा गांधी और 2001 में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकारों ने परिसीमन कराया था, लेकिन सीटों की संख्या नहीं बढ़ाई। इंदिरा सरकार ने 25 साल के लिए सीटें बढ़ाने पर रोक लगा दी थी। वाजपेयी सरकार ने भी इसे बरकरार रखा। 2026 में यह मियाद खत्म हो रही है यानी अब जो जनगणना होने जा रही है, उसी के आधार पर सरकार को परिसीमन से जुड़ा अहम फैसला लेना होगा।जाति जनगणना के साथ जुड़ा एक और अहम सवाल आरक्षण का है। नए आंकड़ों के आधार पर आरक्षण में बदलाव की मांग उठेगी, लेकिन किसी भी तरह के बदलाव के रास्ते में जटिल राजनीतिक और कानूनी पेचीदगियां हैं। इन्हें सुलझाए बिना सरकार के लिए आगे बढ़ना मुश्किल होगा।जाति जनगणना से नए भारत के सामाजिक-आर्थिक समीकरणों को समझने में मदद मिलेगी, साथ में कुछ चुनौतियां भी होंगी। जनगणना के आंकड़े 2029 के पहले जारी हो पाते हैं या नहीं, यह सवाल अपनी जगह है, लेकिन इतना तय है कि इसका असर अगले लोकसभा चुनाव पर जरूर पड़ेगा।

# अपने कार्यक्रमों में विभिन्न विचारों के महानुभावों को आमंत्रित करने की है संघ की परंपरा

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का संवाद में गहरा विश्वास है। वर्तमान सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत कहते हैं कि 'अगर हम विचारों को एक किला बनाकर उसके अंदर अपने आपको बंद कर लेंगे, तो यह व्यावहारिक नहीं होगा'।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सबके लिए खुला संगठन है। इसके दरवाजे किसी के लिए बंद नहीं है। कोई भी संघ में आ सकता है। कोई विपरीत विचार का नेता, सामाजिक कार्यकर्ता या विद्वान व्यक्ति जब संघ के कार्यक्रम में शामिल होता है, तब उन लोगों को आश्चर्य होता है, जो संघ को एक 'क्लोज्ड डोर ऑर्गेनाइजेशन' समझते हैं।**

**(लोकेन्द्र सिंह राजपूत)**



जो संघ को समझते हैं, उन्हें यह सब सहज ही लगता है। इसलिए नागपुर में आयोजित संघ शिक्षावर्ग 'कार्यकर्ता विकास वर्ग-2' के समापन समारोह में जब मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ के जनजाति वर्ग के कद्दावर नेता अरविंद नेताम को आमंत्रित किया गया, तब संघ को जाननेवालों को यह सहज ही लगा लेकिन संघ के प्रति संकीर्ण सोच रखनेवाले इस पर न केवल हैरानी व्यक्त कर रहे हैं अपितु वितंडावाद भी खड़ा करने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि, उनके वितंडावाद की हवा स्वयं जनजातीय नेता अरविंद नेताम ने यह कहकर निकाल दी कि 'वनवासी समाज की समस्?याओं और चुनौतियों को संघ कार्यक्रम के माध्?यम से रखने का सुअवसर मुझे मिला है'। उन्होंने संघ के संबंध में एक महत्वपूर्ण टिप्पणी यह भी की है कि इस संगठन में चिंतन-मंथन की गहरी परंपरा है। भविष्य में जनजातीय समाज के सामने जो चुनौतियां आनेवाली हैं, उसमें आदिवासी समाज को जो संभालनेवाले और मदद करनेवाले लोग/संगठन हैं, उनमें हम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को मानते हैं। सुप्रसिद्ध जनजातीय नेता अरविंद नेताम श्रीमती इंदिरा गांधी और पीवी नरसिम्हा राव सरकार में मंत्री रहे हैं। उल्लेखनीय है कि संघ के कार्यक्रमों में महात्मा गांधी, डॉ. भीमराव अंबेडकर और जय प्रकाश नारायण से लेकर श्रीमती इंदिरा गांधी एवं प्रणब मुखर्जी तक शामिल हो चुके हैं। संघ ने कभी किसी से परहेज नहीं किया। संघ अपनी स्थापना के समय से ही सभी प्रकार के मत रखनेवाले विद्वानों से मिलता रहा है और उन्हें अपने कार्यक्रमों में आमंत्रित करता रहा है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का संवाद में गहरा विश्वास है। वर्तमान सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत कहते हैं कि अगर हम विचारों को एक किला बनाकर उसके अंदर अपने आपको बंद कर लेंगे, तो यह व्यावहारिक नहीं होगा। संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार प्रतिष्ठित राजनेता थे। कांग्रेस, समाजवादी एवं कम्युनिस्ट नेताओं के साथ उनका गहरा परिचय था। संघ का दर्शन कराने के लिए डॉक्टर साहब लगातार विभिन्न विचारों के विद्वान व्यक्तियों एवं सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ताओं से मिलते थे और उन्हें संघ में आमंत्रित करते थे। वे उस समय की चुनौतियों के संबंध में सबसे विचार-विमर्श करके समाधान के मार्ग तक पहुँचने का प्रयास करते थे। संघ के वर्तमान अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर अपनी पुस्तक 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ – स्वर्णिम भारत के दिशा-सूत्र' में लिखते हैं कि किसी विषय पर विभिन्न मत हो सकते हैं, किंतु जब हम समाज के प्रत्येक वर्ग से मिलते हैं, संवाद करते हैं, तो अवश्य ही समाधान निकलता है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 1930 के दशक से ही समाज जीवन में सक्रिय लोगों को अपने कार्यक्रमों में बुलाता रहा है। दरअसल, एक और महत्वपूर्ण बात है यह कि संघ को विश्वास है कि जब तक कोई संघ से दूर है, तब तक ही वह संघ का विरोधी हो सकता है। लेकिन जैसे ही वह संघ के निकट आता है और संघ को जानने-समझने लगता है, तब वह संघ का विरोधी हो ही नहीं सकता। ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जो इस बात को सिद्ध करते हैं। भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति डॉ. जाकिर हुसैन और लोकनायक जयप्रकाश नारायण भी संघ के आमंत्रण पर आ चुके हैं। लोकनायक जयप्रकाश नारायण सम्मानित समाजवादी नेता थे। प्रारंभ में संघ को लेकर उनके विचार आलोचनात्मक थे। लेकिन जब उन्होंने संघ को नजदीक से देखा तब उनके विचार पूरी तरह बदल गए। उन्होंने यहाँ तक कह दिया कि यदि आरएसएस फासीवादी संगठन है तो जेपी भी फासीवादी है। प्रख्यात समाजवादी नेता राम मनोहर लोहिया और संघ के पदाधिकारियों के साथ मित्रतापूर्ण संवाद रहा है। आचार्य विनोबा भावे ने कहा है कि मैं संघ का विधिवत सदस्य नहीं हूँ, फिर भी स्वभाव से, परिकल्पना से मैं स्वयंसेवक हूँ। परम पावन दलाई लामा संघ के अनेक कार्यक्रमों में शामिल होते रहे हैं, उनका भी कहना है कि मैं संघ का समर्थक हूँ। अनुशासन, देशभक्ति और समाज सेवा के लिए यह संगठन जाना जाता है। वर्ष 1977 में आंध्रप्रदेश में आए चक्रवात के समय स्वयंसेवकों के सेवा कार्यों को देखकर वहां के सर्वोदयी नेता श्री प्रभाकर राव ने तो संघ को नया नाम ही दे दिया था। उनके अनुसार- आरएसएस अर्थात् रेडी फॉर सेल्फलेस सर्विस।

संघ के कार्यक्रम में जब भी कोई अन्य विचार का व्यक्ति आया है, तब संघ के कार्यकर्ताओं की ओर से कभी उनका विरोध नहीं हुआ। बल्कि स्वयं को अधिक प्रगतिशील एवं लोकतांत्रिक बतानेवाले लोगों ने ही आमंत्रित महानुभावों को रोकने के लिए भरसक प्रयास किए हैं। जब उनके सब प्रयत्न विफल हो जाते हैं, तब ये लोग आमंत्रित महानुभावों की छवि पर हमला करने लगते हैं। उन्हें 'छिपा हुआ संघी' घोषित कर देते हैं। याद हो, वर्ष 2018 में नागपुर के रेशिमबाग में आयोजित संघ शिक्षा वर्ग-तृतीय वर्ष के समापन समारोह में जब पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के शामिल होने का समाचार सामने आया, तब कितना हो-हल्ला मचाया गया। प्रणब दा को रोकने के लिए पत्र लिखे गए, आह्वान किए गए। आखिर में प्रणब दा समारोह में पहुँचे और अपना उद्बोधन दिया। इस अवसर पर प्रणब दा न केवल आद्य सरसंघचालक डॉ. हेडगेवार के घर (संग्रहालय) गए, बल्कि वहाँ उन्होंने विजिटर बुक में लिखा- मैं आज भारत माँ के महान सपूत डॉ. केबी हेडगेवार के प्रति सम्मान और श्रद्धांजलि अर्पित करने आया हूँ।

रिपब्लिकन पार्टी ऑफ़ इंडिया के नेता और दलित नेता दादासाहेब रामकृष्ण सूर्यभान गवई तथा कम्युनिस्ट विचारों वाले जस्टिस वीआर कृष्णा अय्यर भी संघ के कार्यक्रमों में आ चुके हैं। मीनाक्षीपुरम में कुछ हिंदुओं द्वारा धर्म परिवर्तन कर इस्लाम स्वीकार किए जाने की घटना के बाद श्री गवई ने स्वयं संघ के कार्यक्रम में आने की इच्छा व्यक्त की थी और अपने विचार रखे थे। केरल की पहली कम्युनिस्ट सरकार में मंत्री रहे जस्टिस वीआर कृष्णा अय्यर ने स्थानीय विरोधों के बावजूद तत्कालीन सरसंघचालक से संपर्क किया और बाद में पत्रकारों के सामने अपने विचार रखे थे।

अभी हाल के वर्षों में देखें तो, नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी, डीआरडीओ के पूर्व डायरेक्टर जनरल विजय सारस्वत, एचसीएल के प्रमुख शिव नाडर, नेपाल के पूर्व सैन्य प्रमुख रुकमंगुड कटवाल जैसे व्यक्तित्व संघ के विजयादशमी उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हो चुके हैं। पिछले एक दशक में नागपुर में आयोजित होनेवाले संघ शिक्षा वर्ग के समापन समारोह में आए प्रमुख महानुभावों में दैनिक पंजाब केसरी के संचालक एवं संपादक अश्वनी कुमार, आदिचुनचुनगिरी मठ (कर्नाटक) के प्रधान पुजारी श्री निर्मलानंदनाथ महास्वामी, आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के संस्थापक श्री श्री रवि शंकर, धर्मस्थल कर्नाटक के धर्माधिकारी पद्मविभूषण डॉ. विरेन्द्र हेगडे, साप्ताहिक 'वर्तमान' (कोलकाता) के संपादक रंतिदेव सेनगुप्त, श्रीरामचंद्र मिशन (हैदराबाद) के अध्यक्ष दाजी उपाख्य कमलेश पटेल, श्री काशी महापीठ (वाराणसी) के 1008 जगद्गुरु डॉ. मल्लिकार्जुन विश्वाराध्य शिवाचार्य महास्वामी, श्री सिद्धगिरी संस्थान मठ (कोल्हापुर) के अदृश्य काडसिद्धेश्वर स्वामी और श्री क्षेत्र गोदावरी धाम बेट सराला के पीठीधीश श्री रामगिरी जी महाराज प्रमुख हैं। इसके अलावा देशभर में आयोजित संघ शिक्षा वर्गों के कार्यक्रम सहित अन्य कार्यक्रमों समाज जीवन के प्रतिष्ठित लोगों को संघ आमंत्रित करता है।

**जनरल करिअप्पा ने की संघ कार्य की प्रशंसा**

वर्ष 1959 में पूर्व जनरल फील्ड मार्शल करियप्पा मंगलोर में संघ की एक शाखा के कार्यक्रम में गए थे। वहाँ उन्होंने कहा था कि संघ कार्य मुझे अपने हृदय से प्रिय कार्यों में से है। अगर कोई मुस्लिम इस्लाम की प्रशंसा कर सकता है, तो संघ के हिंदुत्व का अभिमान रखने में गलत क्या है? प्रिय युवा मित्रों, आप किसी भी गलत प्रचार से हतोत्साहित न होते हुए कार्य करो। डॉ. हेडगेवार ने आपके सामने एक स्वार्थरहित कार्य का पवित्र आदर्श रखा है। उसी पर आगे बढ़ो। भारत को आज आप जैसे सेवाभावी कार्यकर्ताओं की ही आवश्यकता है।

**संघ के वर्ग एवं शाखा में महात्मा गांधी**

वर्ष 1934 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शीत शिविर वर्धा में महात्मा गांधी के आश्रम के पास ही लगा था। गांधीजी ने शिविर को देखने इच्छा प्रकट की। वर्धा के संघचालक अप्पाजी जोशी ने शिविर में उनका स्वागत किया। महात्मा गांधी ने बड़ी बारीकी से शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने अप्पाजी से पूछा कि इस शिविर में कितने हरिजन हैं? अप्पाजी ने जवाब दिया- यह बताना कठिन है, क्योंकि हम सभी को हिंदू के रूप में ही देखते हैं। इतना हमारे लिए पर्याप्त है। बाद में उनकी भेंट संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार के साथ हुई। संघशिक्षा वर्ग में जाने की यह बात स्वयं महात्मा गांधी ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम में कही। 16 सितंबर, 1947 की सुबह दिल्ली में संघ की शाखा पर जाकर महात्मा गांधी ने स्वयंसेवकों से संवाद किया। उन्होंने कहा- बरसों पहले मैं वर्धा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक शिविर में गया था। उस समय इसके संस्थापक श्री हेडगेवार जीवित थे। स्व. श्री जमनालाल बजाज मुझे शिविर में ले गये थे और वहां मैं उन लोगों का कड़ा अनुशासन, सादगी और छुआछूत की पूर्ण समाप्ति देखकर अत्यन्त प्रभावित हुआ था। संघ एक सुसंगठित, अनुशासित संस्था है।

**संघ शिक्षा वर्ग में डॉ. भीमराव आंबेडकर**

समाज को समरसता के सूत्र में पिरोकर उसे संगठित और सशक्त बनाने वाले महानायकों में से एक डॉ. भीमराव आंबेडकर भी संघ के प्रणेता डॉ. हेडगेवार के संपर्क में थे। बाबा साहेब 1937 और 1939 में संघ शिक्षा वर्ग में गए थे। 1937 में करहाड शाखा (महाराष्ट्र) के विजयादशमी उत्सव पर बाबा साहब का भाषण हुआ।

# ग्यारह मोदी-वर्षों का हासिल

**(शशि शेखर)**

'चैन की जिंदगी जियो, रोटी खाओ, वरना मेरी गोली तो है ही।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ये शब्द देश के सीमावर्ती जिले भुज से निकले और लाइव प्रसारण के जरिये देश-दुनिया में समा गए। उनके विरोधी भले इसे सिनेमाई संवाद कहें, पर ऐसे संदेश भारतीयों के बड़े वर्ग को गर्व का एहसास कराते हैं।

क्या यह निरा संयोग है कि उसी दिन नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के सत्ता-सदन में बतौर प्रधानमंत्री 11 वर्ष पूरे किए थे? वह अपने तीसरे कार्यकाल का पहला साल भी अगले हफ्ते पूरा करने जा रहे हैं।

पिछले बरस 9 जून को जब उन्होंने सत्ता संभाली थी, तब उनके विरोधी कैसे आह्लादित थे? उन्हें लगता था, बहुमत विहीन भाजपा की बैसाखियों को खींच लेने का सुअवसर उन्हें हासिल हो सकता है। एक बरस बाद यह विचार कितना थोथा लगता है? वक्फ बिल को याद करें। जद (यू) और तेलुगुदेशम के अनमनेपन के बावजूद न सरकार ने अपने कदम पीछे खींचे, न लहजे में कोई बदलाव किया। दिल्ली के सत्तानायक पहले ऐसा करने से बचते थे। लगता था कि सत्ता का साझापन उनकी रफ्तार रोक रहा है।

यकीनन नहीं। आप 2001 से 2025 तक उनके सत्ता-वर्षों को परखकर देख लीजिए। वह शुरू से उस भाषा का इस्तेमाल करते आए हैं, जिसे उनके मतदाता उनकी सुदृढ़ता और साफगोई मानते हैं। परंपरावादी भले इसका बुरा मानें, पर लोकतंत्र में वोटर ही स्वीकार या अस्वीकार करते हैं। वह आज तक कोई चुनाव नहीं हारे, इससे बड़ी स्वीकारोक्ति और क्या हो सकती है?

बतौर प्रधानमंत्री उनके कई काम अनूठे हैं। विश्व की सबसे बड़ी खाद्यान्न वितरण योजना, रेल व सड़क नेटवर्क के अभूतपूर्व विस्तार, सैनिक साजो-सामान के स्वदेशीकरण, गति शक्ति और आयुष्मान जैसी तमाम योजनाओं के जरिये देश के नागरिकों को उन्होंने न केवल सहारा दिया, बल्कि विश्वास भी दिलाया कि आपके भले के लिए हम दिन-रात प्रयासरत हैं। यही नहीं, उन्होंने महिलाओं और वंचित वर्गों का खास ख्याल रखा। सैन्य कार्रवाई के नामकरण 'ऑपरेशन सिंदूर' ने भी महिलाओं के मन को छुआ। यह पहला मौका है, जब हमारे पास घोषित 'सुरक्षा नीति' है और अंदरूनी मोरचे पर माओवाद दम तोड़ रहा है।

सैन्य अभियान से याद आया। नरेंद्र मोदी पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने चीन से जुड़े संवेदनशील स्थानों तक सड़क और ट्रेन परिवहन का जाल बिछाने में गजब की तेजी दिखाई। पिछले हफ्ते की एक सुर्खी पर आपका ध्यान दिलाना चाहूंगा। मिजोरम की राजधानी आईजोल अब रेल मार्ग से जुड़ गई है। अब तक पूर्वोत्तर के सात में से चार राज्यों के मुख्यालय तक भारतीय रेल के कदम पहुंच चुके हैं। उधर, उत्तराखंड में बद्रीनाथ तक रेल पथ बिछाने का काम तेजी से चल रहा है। इनमें से कुछ योजनाएं पिछली सरकार के समय की हैं, पर इन्हें सिरे तक पहुंचाने की तत्परता इस सरकार ने दिखाई।

**समेकित विकास और सुरक्षा का यह समन्वय अभूतपूर्व है**

हुकूमत का ढीलापन कैसे दूर हो? इस पर मोदी की अपनी 'थ्योरी' है। पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता और बाद में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी के तौर पर काम करते वक्त उन्हें महसूस होता था कि संगठन, सत्ता और नौकरशाही में समूचा तालमेल नहीं है। इसी दौरान 26 जनवरी, 2001 को गुजरात में विनाशकारी भूकंप आया। हर ओर हाहाकार मच गया। हालात हाथ से जाते देख अटल और आडवाणी की जोड़ी ने गुजरात में लंबे समय तक संगठन का काम देख चुके मोदी को मुख्यमंत्री की गद्दी सौंपी थी।

मंत्री तो दूर, तब तक मोदी कभी विधायक भी नहीं रहे थे, पर उनकी प्राथमिकताएं तय थीं। पहले दिन से ही उन्होंने अपना समूचा ध्यान भूकंप से तबाह इलाके के पुनरोद्धार पर लगा दिया। संसाधनों को एकजुट किया, राज्यकर्मियों की बिखरी हुई ऊर्जा के तार जोड़े और पीड़ितों को साथ लिया। आज अगर आप भुज मुख्यालय से 136 किलोमीटर दूर धौला वीरा जाएं, तो समतल सफेद रेगिस्तान से उभरती पक्की सड़कें, पेयजल की टंकियां, स्कूल और बिजली के खंभे दिख जाएंगे। आज कच्छ के रेगिस्तान में तैनात सैनिकों को भी नल से जल उपलब्ध है।

**उनसे पहले यह अकल्पनीय था**

उन्होंने इसी सत्ता-नीति का बीजारोपण देश के सत्ता केंद्र नॉर्थ और साउथ ब्लॉक में किया। इससे पहले सूबाई राजधानियों से आए भदेस नेता लुटियंस दिल्ली पहुंचते ही अपने चाल, चरित्र और चेहरे को अंग्रेज हुक्मरानों से विरासत में मिले अभिजात्य के अनुरूप ढालने की कोशिश करते थे। इसके बरखिलाफ मोदी सियासत व सत्ता में भारतीयता के प्रतीक थे और वही बने हुए हैं। आप कह सकते हैं कि यूं तो अटल बिहारी वाजपेयी और देवेगौड़ा भी देशजता का ख्याल रखते थे, परंतु वे वांछित ऊर्जा का प्रदर्शन नहीं कर पाते थे।

यहां सवाल उठना लाजिमी है, क्या पूर्व प्रधानमंत्रियों ने कोई खास काम नहीं किए? यकीनन अतीत में कई कालजयी काम हुए, पर इतनी बड़ी संख्या में लोग लगातार सत्तानायक के कायल नहीं रहे। तमाम सर्वेक्षण गवाह हैं कि वह पहले प्रधानमंत्री हैं, जो पिछले 11 वर्षों से शीर्ष पर हैं। क्यों? मोदी जानते हैं कि देश के आत्मविश्वास को बनाए रखने के लिए जरूरी है, आम जन तक सरकार का रिपोर्ट कार्ड पहुंचाया जाता रहे। 'मन की बात' एक ऐसा प्रयोग है, जिसने उनके संदेश की निरंतरता को कायम रखा। यही वह मुकाम है, जहां उनका काम और सियासी मकसद एकाकार हो जाते हैं।

राजनीति की बात चली है, तो बता दूं, प्रधानमंत्री को भारतीय समाज की विविधता की अद्भुत जानकारी है। वह विभिन्न वर्गों के 'वोट बैंक' की शक्ति पहचानते हैं। इसका इस्तेमाल चुनाव से पहले कब और कैसे करना है, उनसे बेहतर कम ही लोग समझते हैं। इसमें कोई दोराय नहीं कि भारतीय जनता पार्टी में संगठन का खासा महत्व है, लेकिन हमें ध्यान रखना होगा कि 2014 के बाद ही भारतीय जनता पार्टी को संसार के सबसे बड़े सियासी दल होने का गौरव हासिल हुआ।

इसके बावजूद कई वायदे और काम हैं, जिन पर अंगुलियां उठती हैं। उन पर बहुसंख्यकवाद सहित तमाम तोहमतें थोपी जाती हैं, लेकिन लोकतंत्र में विवाद और विकास साथ चलते रहें, तो हर्ज क्या है?

चलते-चलते एक और तथ्य का ध्यान दिलाना चाहूंगा।

# लू से 700 मौतें हो गई, राजनीतिक दलों ने उफ तक नहीं की

**एक अध्ययन में यह खुलासा हुआ कि पुरुषों में लू से होने वाली मौतों की आशंका ज्यादा पाई गई। एक और हालिया अध्ययन में यह बताया गया है कि हीटवेव से होने वाली मौतें जातीय आधार पर भी बंटी हुई हैं। देश में आम लोगों की जिन्दगी कोई मोल नहीं है। कम से कम सरकारों और राजनीतिक दलों की नजर में तो बिल्कुल नजर नहीं आता। मुद्दा यदि वोट बैंक से जुड़ा हुआ हो, तभी राजनीतिक दल कुछ गंभीरता बेशक दिखा लें किन्तु लोगों के जीवन-मरण जैसे मुद्दों से लगता यही है कि उनका कोई सरोकार नहीं रह गया है। यदि ऐसा नहीं होता तो अदालतों को मौसम की मार से होने वाली मौतें रोकने के लिए सरकारों को दिशा-निर्देश नहीं देने पड़ते। आश्चर्य की बात यह है कि प्रतिकूल मौसम से आम लोगों को बचाने की जिम्मेदारी केंद्र और राज्यों की सरकारों की है, किन्तु यह काम भी अब अदालतों को करना पड़ रहा है। इससे सवाल खड़ा होता है कि आखिर सरकारों की जरूरत कितनी सीमित रह गई है।**

**(योगेंद्र योगी)**

हीटवेव से 700 से ज्यादा मौतों के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से जवाब मांगा है। शीर्ष अदालत ने पूछा है कि इतने बड़े मौसमी संकट से निपटने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर क्या तैयारी की जा रही है। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने गृह मंत्रालय, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। यह याचिका पर्यावरण कार्यकर्ता विक्रांत तोंगड़ ने दाखिल की। उन्होंने कोर्ट से गुजारिश की है कि सरकार को गर्मी की चेतावनी देने वाली प्रणाली, हीटवेव की पहले से जानकारी देने की व्यवस्था, और 24 घंटे काम करने वाली राहत हेल्पलाइन जैसी सुविधाएं लागू करने के निर्देश दिए जाएं।

याचिका में यह भी बताया गया है कि 2019 में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने हीटवेव से निपटने के लिए राष्ट्रीय दिशानिर्देश जारी किए थे, लेकिन कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने अब तक उस पर काम ही नहीं किया। याचिका में यह भी जिक्र है कि आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 35 के अनुसार केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है कि वह इस तरह की आपदा से निपटने के लिए पुख्ता इंतजाम करे। इससे पहले राजस्थान हाईकोर्ट ने अधिकारियों के रवैये पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा था कि पिछले साल दिए गए अदालत के निर्देशों को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। कोर्ट ने कहा कि यह कानून के शासन पर सवाल उठाता है। अधिकारी स्वयं को कानून से ऊपर मान रहे हैं, लेकिन कोर्ट आंख बंद करके नहीं बैठ सकता। इंसानों से जानवरों जैसा बर्ताव नहीं हो सकता और न जान बचाने के लिए धन की कमी का बहाना चल सकता। कोर्ट ने मुख्य सचिव से अदालती आदेशों की पालना के लिए समन्वय समिति बनाने और लू से बचाव के लिए कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया, वहीं केन्द्रीय गृह मंत्रालय, मुख्य सचिव व राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा केन्द्र व राज्य सरकार के 10 अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा।



मई के पहले सप्ताह में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने देश के उत्तरी, मध्य और पश्चिमी भागों में गर्मियों के दौरान पडने् वाली लू के मद्देनजर 11 राज्यों से कहा है कि वे कमजोर लोगों, खासकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, बाहरी कामगारों, वरिष्ठ नागरिकों, बच्चों और बेघर लोगों की सुरक्षा के लिए तत्काल एहतियाती कदम उठाएं, जो पर्याप्त आश्रय और संसाधनों की कमी के कारण जोखिम में हैं। वर्ष 2018 से 2022 के बीच गर्मी और लू के कारण 3,798 लोगों की मौत के बारे में एनसीआरबी के आंकड़ों पर प्रकाश डालते हुए आयोग ने एकीकृत और समावेशी उपायों की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया है। आयोग ने पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र और राजस्थान के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में आश्रयों की व्यवस्था, राहत सामग्री की आपूर्ति, कार्य घंटों में संशोधन और गर्मी से संबंधित बीमारियों के इलाज के लिए मानक प्रक्रियाओं की उपलब्धता की मांग की है।

भारत में वर्ष 2001 से 2019 के बीच हीटवेव यानी लू से करीब 20,000 लोगों की मौत हुई है। एक अध्ययन में यह खुलासा हुआ कि पुरुषों में लू से होने वाली मौतों की आशंका ज्यादा पाई गई। एक और हालिया अध्ययन में यह बताया गया है कि हीटवेव से होने वाली मौतें जातीय आधार पर भी बंटी हुई हैं। भारत में हाशिए पर मौजूद समुदायों से ताल्लुक रखने वाले लोगों की मौतें, अन्य समुदायों की तुलना में, लू से कहीं ज्यादा हुईं। अध्ययन करने वाले शोधकर्ताओं का कहना है कि यह एक तरह की थर्मल इनजस्टिस (गर्मी से जुड़ा अन्याय) की स्थिति है। संयुक्त राष्ट्र के इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज (आईपीसीसी) की 2021 की एक रिपोर्ट जैसी कई रिपोर्टों ने चेतावनी दी है कि भारत समेत एशिया के कई हिस्सों में आने वाले वर्षों में और भी एक्स्ट्रीम वेदर इवेंट्स, जैसे कि हीटवेव, देखने को मिलेंगी। हर साल गर्मी के रिकॉर्ड टूटते जा रहे हैं।

भारत के मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, फरवरी 2025 भारत में बीते 125 वर्षों में सबसे गर्म फरवरी का महीना रहा है। टीम ने पाया कि 2001 से 2019 के बीच भारत में हीटस्ट्रोक से 19,693 मौतें और अत्यधिक ठंड से 15,197 मौतें दर्ज की गईं। हालांकि, यह संख्या असल आंकड़ों से कम हो सकती है क्योंकि अत्यधिक तापमान के संपर्क में आने से होने वाली मौतों की रिपोर्टिंग पर्याप्त रूप से नहीं होती। यह बात 29 अप्रैल को प्रकाशित एक अध्ययन में कही गई है, जो वैज्ञानिक पत्रिका टेम्परेचर में प्रकाशित हुआ। अध्ययन में यह भी पाया गया कि हीटस्ट्रोक से मरने वालों में पुरुषों की संख्या अधिक थी; इस अवधि में महिलाओं की तुलना में पुरुषों की मौतें तीन से पांच गुना ज़्यादा थीं। इतना ही नहीं लू जैसी आपदा के अलावा बाढ़, अतिवृष्टि और बिजली गिरने जैसी आपदाओं में हर साल हजारों लोग काल कलवित हो जाते हैं। ऐसे मुद्दे राजनीतिक दलों के एजेंडे में शामिल नहीं हैं। कोई भी राजनीतिक दल घोषणा करना तो दूर बल्कि यह दावा तक नहीं करता कि किसी भी व्यक्ति की मौत ऐसे प्राकृतिक कारणों से नहीं होगी। इससे साफ जाहिर है कि राजनीतिक दलों की प्राथमिकता में ऐसी मौतों की रोकथाम के गंभीर प्रयास करना या इसे चुनावी घोषणा पत्र में शामिल करना नहीं है। कारण स्पष्ट है इससे दलों के वोट बैंक में इजाफा नहीं होता। ऐसे मुद्दों के लिए सत्तारुढ़ दलों के नेताओं से अधिक नौकरशाहों को जिम्मेदार बनाने की जरूरत है। इनकी जवाबदेयी के लिए जब तक कानून के तहत दंड का प्रावधान नहीं होगा, तब हर साल प्राकृतिक आपदाओं लोगों की मौत होती रहेंगी।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# जाम की समस्या को लेकर उच्चस्तरीय बैठक, डीएम-एसपी ने दिए कई अहम निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** हिसुआ बाजार और विश्व शांति चौक पर लगातार लग रहे जाम से लोगों को निजात दिलाने के उद्देश्य से शुक्रवार देर रात हिसुआ थाना परिसर में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश और पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने संयुक्त रूप से की। बैठक में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, प्रशासनिक अधिकारियों और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया।

बैठक में जाम की विकराल होती समस्या को गंभीरता से उठाया गया। आम नागरिकों ने बताया कि प्रतिदिन जाम के कारण आवागमन बाधित होता है और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। डीएम ने सभी की बातों को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र कारगर समाधान का आश्वासन दिया।



**बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णयः**

° मालवाहक वाहनों पर प्रतिबंधः सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक गया से नवादा की ओर आने वाली मालवाहक गाड़ियों पर हिसुआ बाजार क्षेत्र में रोक रहेगी। हालांकि, नवादा से गया की ओर जाने वाली गाड़ियों को छूट दी जाएगी।

° बस स्टैंड का स्थानांतरणः वर्तमान बस स्टैंड (विश्व शांति चौक) को अब तमसा घाट स्थानांतरित किया जाएगा। वहीं, नवादा से राजगीर जाने वाली बसों को अब रेलवे फाटक के पास बने बायपास से भेजा जाएगा, जिससे चौक पर यातायात दबाव घटेगा।

° स ड़ क सौंदर्यीकरणः हिसुआ बाजार की दोनों ओर की सड़कों पर पेवर ब्लॉक लगाने और मेटल बैरिकेडिंग का कार्य नगर परिषद को सौंपा गया। साथ ही, हिसुआ बस स्टैंड को भी विकसित कर वहां पेवर ब्लॉक बिछाने के निर्देश दिए गए।

° सब्जी बाजार और मोटरसाइकिल स्टैंडः रेफरल अस्पताल के पास मोटरसाइकिल स्टैंड का निर्माण किया जाएगा। वहीं, समीप की सरकारी भूमि में सब्जी बाजार को स्थानांतरित कर वहां शेड व पेवर ब्लॉक लगाए जाएंगे।

° ट्रैफिक प्रबंधनः विश्व शांति चौक पर स्थित मेटल टावर को हटाकर उसकी जगह ट्रैफिक चेक पोस्ट स्थापित किया जाएगा, जिससे चौराहे पर यातायात व्यवस्था बेहतर हो सके।

° पांचू तालाब का सौंदर्यीकरणः पांचू तालाब को समग्र शहरी विकास योजना के तहत विकसित किया जाएगा। इसके अंतर्गत बाउंड्री, ग़ज़ेबो, फाउंटेन, लाइट और पौधारोपण का कार्य प्रस्तावित है।

बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी, पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता, नगर परिषद हिसुआ के कार्यपालक पदाधिकारी, हिसुआ के बीडीओ और सीओ समेत बस स्टैंड एजेंट, जनप्रतिनिधि और मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रशासन की इन पहलियों का स्थानीय नागरिकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि अब उन्हें जाम से शीघ्र राहत मिलेगी।

# डायट नवादा में योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ, बड़ी संख्या में लोगों ने लिया लाभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मद्देनजर शनिवार को जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), नवादा परिसर में निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्राचार्य विनय कुमार सिंह चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण शिविर का संचालन योग प्रशिक्षक डॉ. राजू रंजन कुमार के निर्देशन में किया गया। पहले दिन प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और मुद्राओं से परिचित कराया गया। साथ ही असाध्य माने जाने वाले रोगों जैसे डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, साइटिका, थायरॉइड, गैस्ट्रिक, जोड़ों के दर्द और रीढ़ से संबंधित समस्याओं पर योग से राहत पाने के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी गई। गीत-संगीत से सजी इस योग सत्र में हर आयु वर्ग के पुरुषों, महिलाओं और बच्चों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सक डॉ. सुनीति कुमार ने डॉ. राजू रंजन के प्रशिक्षण की सराहना करते हुए कहा कि उनकी संप्रेषणीयता, स्पष्टता और कलात्मक शैली से योगासन सहज, सरल और प्रभावी हो जाते हैं। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर का लाभ उठाने की अपील की। योगाभ्यास में प्रमुख रूप से अवधेश कुमार, रामलखन प्रसाद, रामबिलास प्रसाद, रामरूप प्रसाद यादव, मथुरा पासवान, चंद्रिका प्रसाद, राकेश कुमार, सुरेश प्रसाद, विशाल कुमार, सुमन कुमारी वर्मा, अंकिता कुमारी, प्रतिमा कुमारी, सुप्रिया कुमारी, कुमारी किरण प्रभात, डॉ. राजेश रंजन सहित दर्जनों प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# डीएम व एसपी ने शहर का भ्रमण कर विधि-व्यवस्था पर रखी पैनी नजर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** जिलाधिकारी कुन्दन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी नालंदा द्वारा भ्रमण कार्यक्रम के दौरान बकरीद के अवसर पर विधि-व्यवस्था शांति व्यवस्था संधारण के लिए नगर निगम, बिहारशरीफ शहरी क्षेत्रान्तर्गत प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बल की उपस्थिति का भ्रमण कर संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में प्रतिनियुक्त स्टैटिक दंडाधिकारी अनुपस्थित पाए गए जिसमें अभय कुमार, सहायक तकनीकी प्रबंधक, आत्मा हरनौत, प्रतिनियुक्ति स्थल खासगंज मुहल्ला मंदिर के आसपास, प्रियांशु कुमार, सहायक योजना पदाधिकारी, नालंदा, प्रतिनियुक्ति स्थल महलपर तिराहा, पवन कुमार, पंचायत तकनीकी सहायक, अस्थावां,



प्रतिनियुक्ति स्थल सालूगंज मोड़, खगेश रंजन, सहायक योजना पदाधिकारी, नालंदा, प्रतिनियुक्ति स्थल कंाटा पर कब्रिस्तान के पास, प्रताप कुमार निराला, राजस्व कर्मचारी कैला (अस्थावा), प्रतिनियुक्ति स्थल बाबा मणिराम अखाड़ा, तिनमुहानी, मनीष कुमार, राजस्व कर्मचारी, दरूआरा, नूरसराय, प्रतिनियुक्ति स्थल सोगरा कॉलेज मोड़ के पास, दामोदर राम, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, सरमेरा, प्रतिनियुक्ति स्थल नेहला मस्जिद के पास शामिल है। जिलाधिकारी द्वारा इसे गंभीरता से लेते हुए सभी अनुपस्थित स्टैटिक दंडाधिकारियों से 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण पूछते हुए आज की वेतन भुगतान पर रोक लगा दिया है। स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाये जाने की स्थिति में संबंधित पदाधिकारियों के विरूद्ध विभागीय, अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी। इसके अलावे जिलाधिकारी ने सभी नियंत्रण कक्ष एंव आईसीसीसी में लगे सीसीटीवी का एक-एक फूटेज देखकर शहर के शांति व्यवस्था का स्वयं मॉनिटरिंग, निरीक्षण किया।

# अमन, भाईचारे और उल्लास के साथ मनी बकरीद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नारदीगंज/कौआकोल/नवादा।** नारदीगंज प्रखंड अंतर्गत जामा मस्जिद में शनिवार को मुस्लिम समुदाय द्वारा पवित्र पर्व ईद-उल-अजहा (बकरीद) को शांति और भाईचारे के साथ मनाया गया। मस्जिद के इमाम मोहम्मद अशफ़ाक रज़ा ने नमाज अदा कराई और कुर्बानी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व पैगंबर हज़रत इब्राहिम अलैहिस्सलाम की अल्लाह के प्रति भक्ति और उनके पुत्र हज़रत इस्माईल की कुर्बानी की याद में मनाया जाता है।

इस अवसर पर वार्ड सदस्य तनवीर आलम, जावेद आलम, वसीम, बबलू आलम, अमन सिद्दीकी, डॉ. रकीब खान, डॉ. मुर्तजा खान, जुबैर खान समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे वहीं प्रशासनिक सतर्कता भी पूर्ण रूप से बनी रही। थानाध्यक्ष प्रभा कुमारी, एसआई धीरेंद्र पासवान, पीटीसी अभिषेक आनंद सहित सशस्त्र बल मौके पर विधि-व्यवस्था के प्रति सजग दिखे। पड़रिया अब्दुलपुर स्थित मदीना मस्जिद में भी नमाज के बाद एक-दूसरे से





गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी गई। इमाम हफीज शहाबुद्दीन, मसीहद्दीन, मुनव्वर आलम, फहीम, इलियास, डॉ. आफताब, अब्बास, जहांगीर, अलाउद्दीन सहित ग्रामीणों ने देशवासियों को अमन व शांति का संदेश दिया। बस्ती बिगहा, बहादुरगंज, मसौढ़ा, चिरैयां, हरनारायणपुर व पेश गांवों में भी त्योहार पूरी श्रद्धा, उल्लास और सांप्रदायिक सौहार्द के साथ मनाया गया।

**कौआकोल में गंगा-जमुनी तहज़ीब के साथ मना बकरीद, हिंदू भाइयों ने भी दी मुबारकबाद**

कौआकोल प्रखंड में भी शनिवार को बकरीद का त्योहार उत्साह, श्रद्धा और अकीदत के साथ मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय समेत सभी मस्जिदों व ईदगाहों में तय समय पर नमाज अदा की गई। नमाज के बाद अमन, शांति, खुशहाली और देश की तरक्की की दुआ मांगी गई। इस अवसर पर गंगा-जमुनी तहज़ीब का भी सुंदर दृश्य देखने को मिला। नमाज के बाद हिंदू समाज के लोगों ने मुस्लिम भाइयों को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी, जिससे सामाजिक सौहार्द और मजबूत हुआ। घर-घर लज़ीज व्यंजनों का दौर चला, लोग एक-दूसरे के घर जाकर ईद की शुभकामनाएं देते रहे। दिन भर रौनक और मेल-मिलाप का माहौल कायम रहा। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए थे। संवेदनशील इलाकों में दंडाधिकारी की निगरानी में पुलिस बल की तैनाती रही। कौआकोल बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार, सीओ मनीष कुमार एवं एसएचओ दीपक कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल सड़कों पर गश्त करते रहे।

# छेड़छाड़ की घटना पर समाज ने की आरोपित की अविलंब गिरफ्तारी की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** वारसलीगंज थाना क्षेत्र के शहीद चंदन सिंह चौक के पास एक नाबालिग छात्रा के साथ छेड़छाड़ की घटना सामने आने के बाद स्थानीय समाज में भारी आक्रोश फैल गया है। घटना में 14 वर्षीय छात्रा के साथ पड़ोस के ही निवासी शिवबालक यादव (उम्र 48 वर्ष) पर गलत नीयत से अभद्रता करने और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। बताई जा रही है कि पीड़िता एक मेधावी छात्रा है, जिसने हाल ही में मैट्रिक परीक्षा में शानदार अंक लाकर जिले का नाम रोशन किया है। यह छात्रा अति पिछड़ा वर्ग से आती है, जिसके चलते इस घटना को लेकर सामाजिक संगठनों में तीव्र प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है।



घटना की जानकारी मिलने पर भारतीय जनता पार्टी के नेता रवि गुप्ता के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और हरसंभव न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में साहू समाज के जिला अध्यक्ष राजेंद्र विशाल, वरिष्ठ नेत्री सावित्री देवी, कामरेड व समाजसेवी उत्तम कुमार, विनय कुमार सुमन सहित कई लोग शामिल रहे। सभी ने मिलकर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और जिला प्रशासन से दोषी की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की। प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन शीघ्र कार्रवाई नहीं करता है तो अति पिछड़ा समाज जिला स्तर पर आंदोलन करेगा। वहीं, प्रतिनिधिमंडल ने वारसलीगंज थाने के वरीय अधिकारियों से भी मुलाकात कर पीड़ित परिवार को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। इस घटना ने न सिर्फ पीड़ित परिवार को भयभीत किया है, बल्कि समाज के भीतर न्याय और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल भी खड़े कर दिए हैं।

# भारी मात्रा में शराब बरामद, कारोबारी फरार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** सिलाव पुलिस ने भारी मात्रा मे शराब बरामद किया है। थानाध्यक्ष मो. इरफान खान ने बताया कि उत्पाद विभाग पटना से सूचना प्राप्त हुई कि पावापुरी थाना क्षेत्र के बकरा गांव निवासी दीपक कुमार एवं धरहरा गांव निवासी शिशुपाल कुमार एंव निवासी जीतेन्द्र कुमार के नवनिर्मित मकान मे रखने के लिए भारी मात्रा मे शराब लाया जा रहा है। शराब का खेप व कारोबारी को गिरफ्तार करने के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में टीम गठन कर घेराबन्दी की गई तो नानंद धरहरा रोड मे पिकअप व ट्रैक्टर चालक पुलिस को देखकर भागने लगा जांच पड़ताल मे 175 कार्टून मे 4200 बोतल बीयर कुल 2100 लीटर शराब मिला।

# जूनियर बालिका नेशनल हैंडबॉल प्रतियोगिता की तैयारी जोरों पर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** 47वीं जूनियर बालिका राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता की तैयारियां जोरों पर हैं। यह प्रतियोगिता 18 से 22 जून तक मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, कुंती नगर, नवादा में आयोजित की जाएगी। आयोजन की सफलता सुनिश्चित करने हेतु शनिवार को विद्यालय सभागार में आयोजन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रतियोगिता की तैयारियों की समीक्षा की गई और आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से विभिन्न उप-समितियों का गठन किया गया। इनमें आवासन, भोजन, मैदान की व्यवस्था, प्रचार-प्रसार, पारितोषिक वितरण, तकनीकी सहयोग और स्वागत सत्कार से जुड़ी समितियां शामिल हैं।



प्रतियोगिता हैंडबॉल फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में, बिहार हैंडबॉल संघ व नवादा जिला हैंडबॉल संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। इसमें देशभर के 27 राज्यों से बालिका खिलाड़ी, प्रशिक्षक, टीम मैनेजर, नेशनल रेफरी, विभिन्न राज्य संघों के अध्यक्ष एवं सचिव हिस्सा लेंगे। बैठक की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं विद्यालय निदेशक डॉ. अनुज कुमार ने की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष शिवकुमार प्रसाद, संयोजक अलखदेव यादव, बिहार हैंडबॉल संघ के महासचिव ब्रजकिशोर शर्मा, आयोजन सचिव राकेश रंजन, संयुक्त सचिव श्रवण कुमार बरनवाल, उप प्राचार्य एम. के. विजय, शिक्षक समीर सौरभ, गोपाल प्रसाद, वरिष्ठ खिलाड़ी सचिन कुमार, मुकेश कुमार, राजीव रंजन सिन्हा, व्यवस्थापक विनोद कुमार, प्रशिक्षक नीतीश कुमार व कल्पना कुमारी समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे। इस दौरान बिहार टीम के चल रहे आवासीय प्रशिक्षण शिविर का भी निरीक्षण किया गया। आयोजन अध्यक्ष डॉ. अनुज कुमार सिंह और महासचिव ब्रजकिशोर शर्मा ने शिविर में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें जीत के लिए शुभकामनाएं दीं।

प्रशिक्षण शिविर में शामिल प्रमुख खिलाड़ीः

मुस्कान, पम्मी, निधि, तृप्ति, दूजा (सारण), सिमरन, सोनी, सोनाली, मानसी, सिमरन कुमारी (पटना), प्रेमलता, जानवी, करिश्मा, सिमरन (नवादा), रिया, कोमल (वैशाली), रुचि (मुंगेर), गोल्डी, पूजा (कैमूर), पल्लवी (मोतिहारी), श्वेता (मुंगेर)।

प्रतियोगिता को लेकर नवादा में खेल प्रेमियों में उत्साह का वातावरण है।

# राष्ट्रीय महासचिव के आगमन को ले माले कार्यकर्ताओं ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य 12 जून को वारिसलीगंज विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को लेकर वारिसलीगंज में कन्वेंशन को संबोधित करेंगे। कन्वेंशन की तैयारी को लेकर शनिवार को पकरीबरावां के डाक बंगला मैदान में प्रखंडस्तरीय बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड सचिव महावीर मांझी ने की। बैठक में कार्यक्रम की सफलता के लिए रणनीति बनाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा माले बिहार राज्य कमिटी सदस्य नरेंद्र प्रसाद सिंह एवं वारिसलीगंज विधानसभा प्रभारी अजित कुमार मेहता ने संयुक्त रूप से कहा कि नीतीश एवं भाजपा के 20 साल के शासन से बिहार की जनता ऊब चुकी है। अब और नहीं चाहिए नीतीश भाजपा की सरकार। राज्य में सामंती सांप्रदायिक ताकतों का मनोबल आसमान पर है। कानून का डर नहीं है। इसलिए अपराधियों द्वारा बेखौफ अपराध को अंजाम दिया जा रहा है। ऐसी सामंती अपराधी ताकतों वाली सरकार को उखाड़ फेंकने की आज जरूरत है। इस अवसर पर जगदीश प्रसाद चौहान, वाल्मीकि मेहता, रामानंदन मांझी, लटन दास, अनिल सिंह, किशुन यादव, भोला यादव, राजो राजवंशी, सुरेश मांझी, दुलारी देवी, पटिया देवी, शोभा मांझी, सरस्वती देवी, धर्मशिला देवी, कौशल्या देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

# तेज हॉर्न से बाजार क्षेत्र में बढ़ रही परेशानी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पकरीबरावां।** स्थानीय बाजार से होकर गुजरने वाले वाहनों के तेज हॉर्न ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। आमजन का कहना है कि चालक भीड़-भाड़ न होने की स्थिति में भी लगातार तेज हॉर्न बजाते हैं, जिससे ध्वनि प्रदूषण चरम पर है। बताया गया कि हॉर्न की आवाज़ निर्धारित 40 डेसीबल से कहीं अधिक होती है, जो सीधे लोगों की श्रवण क्षमता को प्रभावित कर रही है। नागरिकों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**प्रतिबंध के बावजूद रातभर बज रहा डीजे, लोग हो रहे परेशान**



**पकरीबरावां।** प्रशासन के निर्देश के बावजूद विवाह एवं अन्य समारोहों में डीजे के उपयोग पर रोक का पालन नहीं हो रहा है। रातभर तेज आवाज़ में डीजे बजने से आसपास के लोगों को नींद पूरी नहीं हो पा रही है और मानसिक तनाव बढ़ रहा है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से सख्त निगरानी एवं कार्रवाई की मांग की है, ताकि ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाई जा सके।

**सड़क हादसे में युवक की मौत, नाई समाज ने जताया शोक**

**पकरीबरावां।** शेखपुरा जिले के सुमका गांव निवासी रविन्द्र शर्मा के पुत्र विकास कुमार की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इस दुखद घटना पर नाई समाज के डॉ. एके शर्मा, अर्जुन शर्मा, जितेंद्र कुमार शर्मा, धर्मेन्द्र कुमार शर्मा, उपेन्द्र शर्मा एवं अनिल शर्मा समेत अन्य लोगों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। समाज ने दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को धैर्य प्रदान करने की कामना की।

**कौड़िहारी नहर पुल की हालत खस्ताहाल, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा**

**पकरीबरावां।** कचना-रूपौ मार्ग पर स्थित कौड़िहारी नहर पर बना पुल पूरी तरह जर्जर हो चुका है। प्रतिदिन इस मार्ग से सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं, जिससे हादसे की आशंका बनी हुई है। स्थानीय समाजसेवी बसंत पासवान ने पुल की मरम्मत के लिए जिला प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है, ताकि किसी अनहोनी से बचा जा सके।

# विधायक ने पीड़ित परिवार को बंधाया ढाढस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पकरीबरावां।** गुरुवार की रात को नवादा- जमुई पथ पर कचना मोड़ के पास सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत की जानकारी मिलने के बाद शनिवार को वारिसलीगंज विधानसभा की विधायक अरुणा देवी प्रखण्ड मुख्यालय स्थित मृतकों के घर पहुंचीं। उन्होंने परिवार वालों से घटना की जानकारी ली। उन्होंने पीड़ित परिवार को ढाढस बांधते हुए कहा कि दुख की घड़ी में वे परिवार वालों के साथ हैं। उन्होंने इस मामले में अनुमंडल पदाधिकारी से बात की। उन्होंने पीड़ित परिवार को सरकारी लाभ दिलाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने मृतक के पिता दशरथ कुमार शर्मा एवं भरत मिस्त्री से दुख की बेला में धैर्य से काम लेने को कहा। इस अवसर पर रामसकल सिंह, मुकेश सिंह, अभय सिंह, घेनु मिस्त्री सहित अन्य उपस्थित थे। इसके बाद विधायक शांतिनगर स्थित पत्रकार धर्मेंद्र कुमार वर्मा के आवास पर गए। वहां उनके भाई एवं पकरीबरावां के प्रसिद्ध व्यवसायी ब्रजभूषण प्रसाद वर्मा के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने परिवार वालों से मुलाकात कर पीड़ित परिवार को ढाढ़स बंधाया। इस अवसर पर उपेन्द्र कुमार वर्मा, डॉ. अशोक कुमार वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

# चोरों ने बंद पड़े घर में की चोरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** वेना थाना क्षेत्र के अरौत गांव में मुंडन करने घर से बाहर बाबाधाम गए एक व्यक्ति के घर में बंद पड़े घर से अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। चोरों ने बंद पड़े घर से नकद रुपए, ज्वैलरी, सर्टिफिकेट और पीतल व कांसा के बर्तन को चोरी कर फरार हो गया। इस संबंध में पीड़ित गृह स्वामी अनिल प्रसाद ने बताया कि वह 5 जून को अपने परिवार के साथ मुंडन कराने के लिए बाबा धाम गए थे घर में ताला लगा था। मुंडन कराने के बाद वह शनिवार को रात्रि 11 बजे घर पहुंचे जब अंदर देखा तो ट्रंक का ताला टूटा हुआ है



सामान बिखरा पड़ा था जब सामान को खोजबीन करने लगा तो कमरे से बाहर अटैची फेंका हुआ था। जिसमें श्रृंगार बॉक्स में रखे सोने का ज्वैलरी गायब था। चोरों ने सोने का एक झुमका, सोने का दो चैन,दो सर्टिफिकेट, चार पीस कानबाली, एक पुराना लैपटॉप, 32 हजार नकद समेत कांसा एवं पीतल का बर्तन को चोरी कर लिया। पीड़ित गृह स्वामी ने बताया कि घर का मुख्य दरवाजा बंद था। लेकिन अन्दर के कमरा का दरवाजा नहीं लगाए थे दरवाजा लगाना भूल गए थे। घटना की सूचना वेना थाना की पुलिस को दिया गया जहां सूचना की जानकारी मिलते ही पुलिस उक्त स्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल किया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि चोर घर के ऊपर से फांदकर घर के अंदर प्रवेश किया है लेकिन कोई निशान नहीं मिले हैं जांच किया जा रहा है पीड़ित के द्वारा चोरी का आवेदन वेना थाना में दिया गया है।

# सड़क दुर्घटना में दो वाहन क्षतिग्रस्त, बाल-बाल बचे लोग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** सिलाव बाजार स्थित तिनमुहानी बाईपास पर अलग-अलग सड़क दुर्घटना मे मारूति व बाइक क्षतिग्रस्त हो गया। शनिवार के लगभग दस बजे बिहारशरीफ के तरफ से आ रहे अपाची बाइक सवार तेज रफ्तार व लहेरीयाकट चलाते दो युवक कार के चपेट मे आकर संयोग रहा की मामुली चोट आई बाइक क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया पीछे से आ रहे ट्रैक्टर चालक की सुझबुझ से दोनो युवक की जान बची। दूसरी ओर संध्या लगभग चार बजे मारूति पर सवार युवक मारूति को डिवाइडर से टकराकर हवा मे उछल मारते हुए दूकान के आगे रखे कर्कट के थाक मे जाकर जोरदार टक्कर मारा संयोग रहा कि कर्कट व दुकान के पास खडी स्कूटी क्षतिग्रस्त हुआ मारूति का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। दोनो सड़क दुर्घटना भयंकर था संयोग रहा की जान का नुकसान नही हुआ। दोनो वाहन के चालक नवालिक बताए जा रहे है। स्थानीय पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

# करोड़ों की ठगी करने वाला शातिर पटना से धराया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** लहेरी थाना पुलिस ने करोड़ों के ठगी के आरोपित को पटना में छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया शातिर कतरीसराय के गोवर्धन बिगहा निवासी उदय कुमार वर्मा है। शातिर पर लहेरी थाना में दो केस दर्ज है। जिसमें उसकी पत्नी मीना देवी और पुत्र अमित कुमार आरोपित है। परिवार का कुनबा रामचंद्रपुर स्थित आलीशान मकान को बेचने का झांसा देकर कई लोगों से करोड़ों की ठगी कर चुका है। लहेरी पुलिस ने पूर्व में शातिर की पत्नी मीना देवी को को-ऑपरेटिव कार्यालय से गिरफ्तार कर लिया था। महिला पैक्स अध्यक्ष का चुनाव लड़ने के लिए एनओसी लेने आई थी। उसी दौरान उसकी गिरफ्तारी हुई। शातिर का आरोपित पुत्र फरार चल रहा है। दो पीड़ितों ने लहेरी थाना में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई थी। एक पीड़ित से 37 और दूसरे से 44 लाख की ठगी हुई थी। मानपुर थाना में भी आरोपित परिवार पर केस दर्ज है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि आरोपित को पटना से गिरफ्तार किया गया। पूर्व में उसकी पत्नी की गिरफ्तारी हो चुकी है। आरोपित का पुत्र फरार है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। शातिर परिवार पर लहेरी थाना में दो केस दर्ज था। इसके अलावा मानपुर थाना में भी केस दर्ज है।



## पैरामैट्रिक्स टेक्नोलॉजीज ने एच2 एफवाय25 में ईबीआईटीडीए में 50 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर्ज की

**मुंबई।** पैरामैट्रिक्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (पैरामैट्रिक्स), जो कि अत्याधुनिक एंटरप्राइज सॉफ्टवेयर समाधान और व्यापक आईटी सेवाओं का एक प्रतिष्ठित प्रदाता है, ने एच2 और वित्तीय वर्ष 2025 के लिए अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणाम प्रकाशित किए हैं। पैरामैट्रिक्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के संस्थापक, प्रबंध निदेशक और सीईओ श्री मुकेश ढुमर ने कहा- वित्तीय वर्ष 2025 की दूसरी छमाही परमाट्रिक्स की यात्रा में एक निर्णायक अध्याय रही है। हमने अपनी मुख्य सेवा क्षेत्रों में मजबूत गति देखी है, जिसमें नए ग्राहक अनुबंधों और दीर्घकालिक समझौतों ने हमारे व्यवसाय को नई ऊर्जा प्रदान की है। जापान और दक्षिण-पूर्व एशिया जैसे नए भौगोलिक क्षेत्रों में हमारा विस्तार उत्साहजनक अवसरों के द्वार खोल रहा है, जिससे यह संकेत मिलता है कि हमारे समाधान वैश्विक स्तर पर डिजिटल परिवर्तन से गुजर रहे उद्यमों के बीच अच्छी तरह से गूंज रहे हैं।

यह छमाही केवल परिचालन प्रगति तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि निर्णायक रणनीतिक पहलों द्वारा भी चिह्नित रही। जापान में हमारा अधिग्रहण अंतरराष्ट्रीय एकीकरण के लिए एक मजबूत नींव रखता है, जबकि इक्विटी बायबैक हमारी कंपनी के दीर्घकालिक मूल्य और अनुशासित पूंजी प्रबंधन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इसके साथ ही, हम डिलीवरी उत्कृष्टता, प्रतिभा विकास और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी उभरती तकनीकों में निवेश जारी रख रहे हैं, ताकि उद्योग में नवाचार के अग्रिम पंक्ति में बने रहें।

वैश्विक आईटी सेवा परिदृश्य में डिजिटल परिवर्तन, एआई को अपनाने और क्लाउड माइग्रेशन की गति लगातार तेज हो रही है। इस गतिशील वातावरण में, परमाट्रिक्स चपलता और दूरदर्शिता के साथ नेतृत्व करने के लिए अच्छी तरह से तैयार है। हम इस प्रगति को आगे बढ़ाने और विकास के अगले चरण में स्थायी मूल्य सृजित करने के लिए उत्सुक हैं।

**ड्यूकॉन इन्फ्राटेक**

## एफवाय25 में 77 प्रतिशत लाभ और 43 प्रतिशत ईबीआईटीडीए वृद्धि

**मुंबई।** ड्यूकॉन इंफ्राटेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड (एनएसई कोड : डीयूसीओएन 7 बीएसई कोड : 534674), जो कि भारत के ग्रीन एनर्जी की ओर संक्रमण को बढ़ावा देने वाली प्रमुख फॉसिल फ्यूल क्लीन टेक्नोलॉजी कंपनियों में से एक है, ने वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही और पूरे वित्त वर्ष के लिए अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। ड्यूकॉन इंफ्राटेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर अरुण गोविल ने कहा, हम एफवाय25 के लिए मजबूत वित्तीय प्रदर्शन की रिपोर्ट करते हुए गर्व महसूस कर रहे हैं, जिसमें सभी प्रमुख मानकों में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। इस वर्ष हमने परियोजनाओं को सफलतापूर्वक निष्पादित किया और उच्च संभावनाओं वाले बाजारों में विस्तार किया। विशेष रूप से, परिचालन दक्षता बढ़ाने और लागत प्रबंधन को लेकर हमारे केंद्रित प्रयासों के परिणामस्वरूप ईबीआईटीडीए में 43.2 प्रतिशत और शुद्ध लाभ में 77.66 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि हुई है — जो हमारे अनुशासित निष्पादन और रणनीतिक समर्पण के स्पष्ट संकेत हैं।

यह प्रदर्शन नवाचार, स्थिरता और मूल्य सृजन के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। संचालन को सुव्यवस्थित करने, संसाधनों का इष्टतम उपयोग सुनिश्चित करने और वित्तीय अनुशासन बनाए रखने पर हमारे विशेष जोर ने लाभप्रदता को सुदृढ़ करने और हमारे विकास की नींव को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आगे बढ़ते हुए, हम उभरते अवसरों का लाभ उठाने, परिचालन उत्कृष्टता को आगे बढ़ाने और अपने हितधारकों को लगातार मूल्य प्रदान करने पर केंद्रित रहेंगे।

# भारत वर्ष 2030 तक 7-8 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बन सकता है

**आईजीआईसी 2025 में विशेषज्ञों ने ग्रामीण एवं टेक्नोलॉजी व औद्योगिक सुधारों में तेजी की वकालत की**

**ये सुधार साहसिक, विकेंद्रीकृत और वास्तविक आर्थिक मूल्य केंद्रित होने चाहिए**




**बेंगलूरू, एजेंसी।** आईजीआईसी 2025 के समापन के अवसर पर आरियन कैपिटल के चेयरमैन मोहनदास पाई, स्मादजा एंड स्मादजा स्ट्रैटेजिक एडवाइजरी के चेयरमैन क्लॉड स्मादजा टीआईई बेंगलूरू के अध्यक्ष और टीआईई ग्लोबल के ट्रस्टी मदन पाडकी व कर्नाटक डिजिटल इकोनॉमी मिशन (केडीईएम) के सीईओ संजीव कुमार गुप्ताजैसे प्रख्यात वक्ताओंने भारत को 2030 तक 7-8 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में तब्दील करने के लिए एक साहसिक रणनीतिक विजन की रूपरेखा पेश की। इस वार्ता ने महत्वपूर्ण कारकों के तौर पर डिजिटल टेक्नोलॉजीज़, ग्रामीण आर्थिक सशक्तिकरण, औद्योगिक वृद्धि और वैश्विक व्यापार के एकीकरण की भूमिका पर सबका ध्यान आकर्षित किया। आईजीआईसी 2025 में 300 से अधिक वैश्विक नेता और उद्योग जगत के विशेषज्ञ एकत्र हुए और उन्होंने प्रतिभागियों के साथ आगे की सोच वाले व्यापक विषयों पर चर्चा की जिसमें स्टार्टअप्स के लिए नए फंडिंग के रास्ते और रक्षा एवं सुरक्षा का भविष्य से लेकर एआई नवप्रवर्तन को गति देना, स्वच्छ ऊर्जा में तेजी लाना और टेक्नोलॉजी की भू-राजनीतिक की दिशा में चलना शामिल है। इस दौरान बातचीत में यह संभावना भी तलाशी गई कि कैसे नवप्रवर्तकों द्वारा अत्याधुनिक एआई का उपयोग किया जा रहा है। वहीं, वर्ष 2030 तक 7-8 ट्रिलियन डॉलर की भारतीय अर्थव्यवस्था की रूपरेखा तैयार की गई और सीमा पार नवप्रवर्तन को बढ़ावा देने और भारतीय नवप्रवर्तन को वैश्विक स्तर पर ले जाने की रणनीतियों पर भी विचार किया गया।

## इंडिया ग्लोबल इन्नोवेशन कनेक्ट (आईजीआईसी) 2025 के दूसरे दिन प्रमुख उद्योगपतियों के विचार

स्मादजा एंड स्मादजा स्ट्रैटेजिक एडवाइजरी के चेयरमैन क्लॉड स्मादजा ने कहा, भारत में 7-8 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की संभावना है, लेकिन इसके लिए स्पष्ट ध्यान और समय पर क्रियान्वयन की जरूरत पड़ेगी। किसी भी देश ने एक मजबूत औद्योगिक आधार के बगैर टिकाऊ वृद्धि हासिल नहीं की है और भारत को आरएंडडी विशेषकर निजी क्षेत्र से आरएंडडी में अधिक निवेश करते हुए उद्योग में अपनी हिस्सेदारी बढ़ानी होगी। एक ऊंची बचत दर और मजबूत फिनटेक क्षेत्र के साथ भारत के पास वृद्धि के लिए संसाधन जुटाने के टूल्स हैं। यहां आधार है और अब जरूरत त्वरित एवं प्रभावी ढंग से कार्रवाई करने की है।

आरियन कैपिटल के चेयरमैन मोहनदास पाई ने कहा, भारत हर पहलू में एक बहुत बड़ी अर्थव्यवस्था है और हम दूसरी या तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। यहां का बुनियादी ढांचा मजबूत है : हम निवेश कर रहे हैं, उपभोग बढ़ रहा है, सेवा क्षेत्र में तेजी है और जनसांख्यिकी लाभांश बरकरार है। हमारे पास प्रतिभाएं हैं, महत्वाकांक्षा है और आगे बढ़ने की क्षमता है। यह भी सही है कि व्यापार घाटा, क्रियान्वयन में देरी, कम तनख्वाह वाली नौकरियां जैसी चुनौतियां भी हैं, लेकिन हम वैश्विक वृद्धि में सबसे अधिक योगदान कर रहे हैं और जहां दुनिया बूढ़ी हो रही है, हम युवा बने हुए हैं। यदि हम सही क्रियान्वयन करें, अधिक निर्यात करें, हमारी कंपनियों को सख्त करें और बाजार में बने रहें तो यह देश वृद्धि करेगा। भारत में होने का यह बहुत ही उत्साहजनक समय है।

एसरी इंडिया के प्रबंध निदेशक अगेन्द्र कुमार ने कहा, भारत के 7-8 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के विजन में सहयोग के लिए जीआईएस और एआई शक्तिशाली तरीके से एकसाथ आ रहे हैं। चाहे वह अधिक स्मार्ट ढांचागत निगरानी को सुगम बनाने वाली स्वामित्व जैसी पहल के जरिए ग्रामीण भूमि को उत्पादक उपयोग में लाना हो या कृषि और फसल नियोजन में दक्षता लाने की बात हो, ये टेक्नोलॉजीज़ पहले ही वास्तविक प्रभाव पैदा कर रही हैं। इस संभावना का पूर्ण लाभ लेने के लिए हमें शिक्षा को मजबूत करना होगा और जियोस्पैटियल व एआई क्षेत्र में पाठ्यक्रम को अपडेट करना होगा जिससे उद्योग की मौजूदा जरूरतें पूरी की जा सकें और रोजगारपरकता में सुधार लाया जा सके। ये विकसित भारत 2047 के लिए आधारभूत टेक्नोलॉजीज़ हैं।

टीआईई बेंगलूरू के अध्यक्ष और टीआईई ग्लोबल के ट्रस्टी मदन पाडकीने भारत के शीर्ष 200 विश्वविद्यालयों को पूर्ण स्वायत्तता देने की जोरदार वकालत की। उन्होंने कहा, पाठ्यक्रमों को डिजाइन करने की स्वतंत्रता, पढ़ाई में नवाचार और अपना स्वयं के उद्भव का प्रबंधन महत्वपूर्ण है।

## पुलिस ने बड़े नकली कीटनाशक रैकेट का भंडाफोड़ किया

**मुंबई।** तेलंगाना पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए राजेंद्र चेचानी को गिरफ्तार किया है - जिसे राजू चेचानी के नाम से भी जाना जाता है, जो बड़े पैमाने पर नकली कीटनाशकों के रैकेट के मुख्य आरोपियों में से एक है। पुलिस ने स्थानीय पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वित अभियान के दौरान 2 मई 2025 को राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के बस्सी गांव स्थित उसके फार्महाउस से उसे गिरफ्तार किया।यह गिरफ्तारी भारत के कृषि क्षेत्र में नकली कीटनाशकों के बढ़ते खतरे को उजागर करती है, जहाँ भोले-भाले किसानों को अक्सर ऐसे उल्लंघनकर्ताओं द्वारा नकली उत्पादों के साथ धोखा दिया जाता है। ये नकली रसायन, हालांकि असली ब्रांड की तरह पैक किए जाते हैं, लेकिन अक्सर उनके हानिकारक या अप्रभावी अवयवों के कारण फसल को नुकसान पहुंचाते हैं जिसके कारण पैदावार कम होती है। नवीनतम गिरफ्तारी से कई राज्यों में फैली नकली कृषि रसायनों की आपूर्ति श्रृंखला में महत्वपूर्ण रूप से बाधा उत्पन्न होने की उम्मीद है।

# सैमसंग ने बीस्पोक एआई उपकरणों के लिए सैमसंग फाइनेंस+ की पेशकश की

**भारतीय उपभोक्ताओं को मिलेगी डिजिटल फाइनेंसिंग की सुविधा**

**गुरुग्राम, एजेंसी।** सैमसंग, भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, ने अपने लोकप्रिय डिजिटल लेंडिंग प्रोग्राम, सैमसंग फाइनेंस+ का विस्तार किया है। यह प्रोग्राम लोगों को सैमसंग के बीस्पोक एआई उपकरणों आसानी से खरीदने में मदद करता है। बैंगलोर और दिल्ली में सैमसंग आरएंडडी इंस्टीट्यूट द्वारा बनाया गया, सैमसंग फाइनेंस+ फाइनेंसिंग का पूरी तरह डिजिटल और आसान अनुभव देता है, जिसमें 15 मिनट में लोन मिल जाता है। यह प्रोग्राम बिना कागजी कार्रवाई के तेज़ी और आसानी से लोन प्रदान करता है। फाइनेंसिंग से ग्राहकों को सैमसंग के नए एआई-इनेबल्ड उपकरण जैसे रेफ्रिजरेटर्स, वाशिंग मशीनें और एयर कंडिशनर्स आसानी से मिलेंगे।

सैमसंग फाइनेंस+ को वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है ताकि ग्राहकों को कम से कम कागजी कार्रवाई में फौरन लोन स्वीकृति मिल सके। सैमसंग फाइनेंस+ के लोन डीएमआई फाइनेंस जैसे बड़े वित्तीय संस्थानों के साथ मिलकर दिए जाते हैं, जो डिजिटल लोन में माहिर हैं, ताकि ग्राहकों को तेज़ और सुगम अनुभव मिले। गुफरान आलम, वाइस प्रेसिडेंट, डिजिटल अप्लायंसेज, सैमसंग इंडिया ने कहा, सैमसंग में,




हम पूरे भारत में उपभोक्ताओं तक प्रीमियम टेक्नोलॉजी पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सैमसंग फाइनेंस+ हमारी इस सोच का प्रमाण है। डिजिटल नवाचार और आसान पहुंच के साथ, हम फाइनेंसिंग की प्रक्रिया को सरल बना रहे हैं और वित्तीय समावेशन बढ़ा रहे हैं, ताकि उपभोक्ता हमारे बीस्पोक एआई उपकरणों, जैसे रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन और एयर कंडीशनर की मदद से अपनी लाइफस्टाइल को और बेहतर बना सकें।

### सैमसंग फाइनेंस+ कैसे काम करता है

उपभोक्ता सैमसंग डाट काम या रिटेल स्टोर्स पर कुछ आसान चरणों में सैमसंग फाइनेंस+ के माध्यम से लोन ले सकते हैं।

## थिंक गैस द्वारा त्वरित कार्रवाई से भोपाल में तीसरे पक्ष द्वारा उत्खनन की घटना के बाद गैस आपूर्ति बहाल हुई

**भोपाल।** थिंक गैस ने रामेश्वरम सोसायटी, बागसेवनिया, भोपाल में अपनी पाइपलाइन को तीसरे पक्ष द्वारा नुकसान पहुँचाने की घटना के बाद गैस आपूर्ति बहाल करने के लिए त्वरित कार्रवाई की। सूचना मिलने के बाद, थिंक गैस की टीम और आपातकालीन प्रतिक्रिया वाहन तुरंत उस स्थान पर पहुँचे। उन्होंने पाया कि यह क्षति सोसायटी द्वारा किए गए सीवर लाइन उत्खनन कार्य के दौरान हुई थी, जिसने अनजाने में एमडीपीई गैस पाइपलाइन को प्रभावित किया था। घटना की अप्रत्याशित प्रकृति के बावजूद, थिंक गैस की टीमों ने तेजी से क्षति को ठीक किया और गैस की आपूर्ति फिर से शुरू की, जिससे निवासियों को होने वाली असुविधा कम हुई।

थिंक गैस इस बात पर जोर देती है कि गैस पाइपलाइनों के पास कोई भी उत्खनन कार्य शुरू करने से पहले पूर्व सूचना देने पर ऐसी घटनाओं से बचा जा सकता है। बिना जानकारी के खुदाई करने से न केवल गैस की आपूर्ति बाधित होती है, बल्कि जान-माल की सुरक्षा को भी खतरा होता है। निवासियों और स्थानीय अधिकारियों से अनुरोध है कि वे ऐसी किसी भी गतिविधि से पहले थिंक गैस को सूचित करें ताकि सेवा की सुरक्षा और निरंतरता सुनिश्चित हो सके। गैस पाइपलाइन को नुकसान पहुँचाने का कृत्य स्पष्ट रूप से पेट्रोलियम और खनिज पाइपलाइन (भूमि में उपयोगकर्ता के अधिकार का अधिग्रहण) अधिनियम, (पीएमपी अधिनियम) 1962 की धारा 15 (1) और (2) के साथ-साथ आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत अपराध की श्रेणी में आता है।

# भोपाल में खुला कुशल्स फैशन ज्वेलरी का पहला स्टोर

**डी.बी सिटी मॉल में अब मिलेगा फैशन और सिल्वर ज्वेलरी का शानदार कलेक्शन**

**भोपाल।** भारत के सबसे बड़े फैशन और सिल्वर ज्वेलरी ब्रांड, कुशल्स ने भोपाल में अपना पहला स्टोर लॉन्च किया है, जो ब्रांड के विस्तार की यात्रा में एक अहम् उपलब्धि है। डी.बी सिटी मॉल के सेकंड फ्लोर पर खुले इस स्टोर के ज़रिए अब शहर के लोग पहली बार कुशल्स की खूबसूरत फैशन व सिल्वर ज्वेलरी की सिग्नेचर रेंज का अनुभव ले सकेंगे। इस नए स्टोर में 5000 से भी अधिक डिज़ाइन्स का बेजोड़ कलेक्शन मौजूद है, जो ऑफिस के पहनावे, वेडिंग लुक से लेकर कैजुअल आउटिंग, त्यौहारों और बाकि खास मौकों के लिए एकदम परफेक्ट है। चमचमाते ज़िरकॉन पीसेज़ से लेकर एलीगेंट कुंदन सेट्स, खूबसूरत एंटीक डिज़ाइन्स और ट्रेंडी स्टर्लिंग सिल्वर ज्वेलरी तक, कुशल्स का फैशन ज्वेलरी कलेक्शन आधुनिक भारतीय ग्राहकों की विविध पसंद और जरूरतों को बखूबी पूरा करता है।

भोपाल में फैशन के प्रति लोगों का रुझान अधिक है, ऐसे में यह मध्य भारत में कुशल्स फैशन ज्वेलरी के विस्तार के लिए एक आदर्श स्थान है। नए स्टोर में हार, चोकर, ईयररिंग्स, पेंडेंट सेट्स, ब्रेसलेट, कड़े, माँगटीका और हेयर ब्रूच आदि की शानदार रेंज मौजूद है, जो ट्रेडिशनल क्राफ्ट्समेनशिप और मॉडर्न एस्थेटिक का खूबसूरत संगम पेश करते हैं। स्टोर लॉन्च पर बात करते हुए कुशल्स फैशन ज्वेलरी के मार्केटिंग डायरेक्टर, श्री अंकित गुलेछा ने कहा, भोपाल में कुशल्स लॉन्च करके हम बेहद उत्साहित हैं। हमारा लक्ष्य हमेशा से ट्रेडिशन और मॉडर्निटी के बीच एक खूबसूरत बैलेंस बनाना रहा है, ताकि आज के समय की भारतीय महिलाओं की पसंद को हम ज्वेलरी के जरिए पूरा कर सकें। हमारा नया स्टोर न सिर्फ स्टाइलिश कलेक्शंस से गुलज़ार है, बल्कि ग्राहकों को एक अलग और सबसे खास शॉपिंग अनुभव भी प्रदान करता है।

**गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप, बीएमसी और भामला फाउंडेशन**

## प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ सामूहिक कार्रवाई

**मुंबई, एजेंसी।** गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप ने बृहन्मुंबई नगर निगम और भामला फाउंडेशन के सहयोग से प्लास्टिक प्रदूषण को हराओ अभियान शुरू किया है, जिसे संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम का समर्थन प्राप्त है। यह पहल प्लास्टिक प्रदूषण सहित गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियों और धरती पर जीवन को बनाए रखने के लिए मिट्टी, पौधों और व्यापक पर्यावरण की रक्षा की आवश्यकता को संबोधित करती है। गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर नादिर गोदरेज ने संगठन की सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता और सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा, गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप में, लोगों और पृथ्वी के महत्व को सर्वोच्च प्राथमिकता देना हमारे मूल आदर्शों का अभिन्न हिस्सा है। पिछले एक दशक में हमने स्थायित्व की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। आज हमारी 64 प्रतिशत ऊर्जा नवीकरणीय स्त्रोतों से प्राप्त होती है, और हमने प्लास्टिक पैकेजिंग की मात्रा में 20 प्रतिशत से अधिक की कमी की है। हमें इस बात पर गर्व है कि हम अपनी समस्त उपभोक्ता-पूर्व और उपभोक्ता-बाद प्लास्टिक पैकेजिंग का 100 प्रतिशत संग्रहण और पुनर्चक्रण करते हैं। गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप पर्यावरण संरक्षण को एक साझा ज़िम्मेदारी मानता है, और हम मानते हैं कि सामूहिक प्रयास ही स्थायी परिवर्तन का आधार बन सकते हैं। अपने कचरा प्रबंधन परियोजनाओं के माध्यम से, हमने 63,000 मीट्रिक टन से अधिक कचरे को लैंडफिल में जाने से रोका है, जिससे ज़मीन को मुक्त किया गया और पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने में सफल रहे।यह अभियान हमारे द्वारा सार्थक पर्यावरणीय परिवर्तन को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता का एक स्वाभाविक विस्तार है। प्लास्टिक प्रदूषण और नवीकरणीय ऊर्जा जैसी गंभीर चुनौतियों को संबोधित कर, हम सामूहिक प्रयास को प्रेरित करना चाहते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक टिकाऊ विरासत बनाना चाहते हैं।

# सोनालीका ने वित्त वर्ष 2026 में मई की अपनी अब तक की सर्वाधिक कुल 14,213 ट्रैक्टर बिक्री के साथ बढ़त हासिल की

**भारतीय कृषि परिदृश्य में परिवर्तन लाने के लिए सोनालीका अपने हैवी ड्यूटी ट्रैक्टरों के साथ लगातार आगे रहा है जो अधिकतम कृषि उत्पादन देने के लिए उन्नत तकनीक से लैस हैं।**



**नई दिल्ली ।** भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड सोनालीका ट्रैक्टर्स ने वित्त वर्ष 26 की अपनी यात्रा को तेज करते हुए मई की अपनी अब तक की सर्वाधिक कुल 14,213 ट्रैक्टरों की बिक्री दर्ज की है। यह नई उपलब्धि सोनालीका के ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण और परिणाम-उन्मुख इनोवेशन का नतीजा है जो किसानों को शानदार सफलता सुनिश्चित करता है। ब्रांड अपने हैवी ड्यूटी ट्रैक्टरों के साथ भारतीय कृषि परिदृश्य में परिवर्तन लाने में लगातार आगे रहा है, जो क्षेत्रीय मिट्टी की विविधता में अधिकतम कृषि उत्पादन के लिए सबसे बड़े इंजन, उन्नत ट्रांसमिशन और सटीक हाइड्रोलिक्स जैसे कई फीचर से लैस हैं। मानसून का समय से आगमन पर किसानों में पहले ही सकारात्मकता और आशावाद की लहर है। किसान-केंद्रित पहल और विश्व स्तरीय कृषि-तकनीक को अपनाने के साथ, सोनालीका ने यह भी सुनिश्चित किया है कि ट्रैक्टरों में इसका हर इनोवेशन सीधे उन लोगों को लाभ दे जो देश को भोजन प्रदान करते हैं। किसानों के लिए किफायती कीमतों पर गुणवत्तापूर्ण उत्पाद प्रदान करने हेतु ब्रांड ने अपना रोमांचक 'सोनालीका जून डबल जैकपॉट ऑफर' भी लॉन्च किया है, जो उन्हें 1,975 पुरस्कार जीतने का मौका देता है। अपने विचार साझा करते हुए, श्री रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड, ने कहा, हमारा हर इनोवेशन किसानों के जीवन में एक दीर्घकालिक प्रभाव प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है और हम वित्त वर्ष%26 में मई की अपनी अब तक की सर्वाधिक कुल 14,213 ट्रैक्टरों की बिक्री दर्ज करके उत्साहित हैं।

## फोनपे नए फीचर फोन यूजर के लिए यूपीआई पेमेंट शुरू करने जा रहा है

**मुंबई एजेंसी।** फोनपे लिमिटेड (फोनपे) ने आज फीचर फोन पर, यूपीआई-आधारित पेमेंट चालू करने के लिए कन्वर्सेशनल एन्गैज्मन्ट प्लेटफॉर्म गपशप की प्रोप्राइटरी वाले 'जीएसपे' टेक्नोलॉजी स्टैक के आईपी खरीद की घोषणा की । जीएसपे एक मोबाइल ऐप्लिकेशन है, जो फीचर फोन के लिए, एनपीसीआइ द्वारा बनाए गए यूपीआई पेमेंट सलूशन पर आधारित है।

फोनपे ने हाल ही में अधिग्रहित किए गए जीएसपे आईपी को कस्टमाइज़ करने और यूज़र्स के लिए भारत में यूपीआई पेमेंट मोबाइल ऐप आधारित अपना खुद का फीचर फ़ोन लाने की योजना बनाई है। जिसे आने वाली तिमाहियों में लॉन्च किया जाएगा। फोनपे का लक्ष्य सभी बुनियादी यूपीआई फीचर प्रदान करना है, जैसे बी2बी ट्रांसफर, ऑफलाइन त्तक्र पेमेंट, और किसी भी अन्य यूपीआई ग्राहक से उनके मोबाइल नंबर या सेल्फ-त्तक्र पर आसानी से पैसे प्राप्त करना। इसका उद्देश्य फीचर फोन और स्मार्टफोन यूजर के बीच पूर्ण पेमेंट अंतर-संचालन क्षमता बनाना तथा उन करोड़ों भारतीयों को भारतीय डिजिटल पेमेंट जगत में शामिल करना है जो अभी भी फीचर फोन का उपयोग करते हैं।

## चांदी ने बनाया नया रिकॉर्ड, पहली बार 1.06 लाख के पार भाव, अभी दांव लगाना सही या नहीं




**नई दिल्ली, एजेंसी।** चांदी की कीमतों में तेजी का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया यानी एमसीएक्स पर चांदी ने एक नया रिकॉर्ड बनाया है।

सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को चांदी की कीमत पहली बार एक लाख 6 हजार रुपये के पार पहुंच गई। यह चांदी के अब तक का उच्चतम स्तर है। इससे पहले गुरुवार को भी चांदी ने ने नया रिकॉर्ड बनाते हुए एक लाख 4 हजार रुपये के स्तर को पार किया था। शुक्रवार की बढ़त के साथ 2025 में अब तक चांदी में लगभग 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो सोने की लगभग 27 प्रतिशत की तेजी के बराबर है।

**क्या कहते हैं एक्सपर्ट-** विश्लेषकों का मानना है कि संस्थागत मांग के साथ-साथ आपूर्ति की कमी चांदी की कीमतों को बढ़ा रही है।

इसके अतिरिक्त भू-राजनीतिक जोखिमों के बीच चल रही अनिश्चितता सोने और चांदी जैसी कीमती धातुओं की मांग को बरकरार रख रही है। मिंट की खबर में मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के कमोडिटी रिसर्च के वरिष्ठ विश्लेषक मानव मोदी ने कहा कि सोने के मुकाबले कमजोर प्रदर्शन करने के बाद चांदी ने अचानक निवेशकों को अट्रैक्ट किया है।

उन्होंने कहा कि अब अमेरिकी गैर-कृषि पेरोल और बेरोजगारी दर के आंकड़ों पर नजर रहेगी। ये आंकड़े सोने और चांदी के लिए आगे की दिशा तय कर सकते हैं। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, मई में गैर-कृषि पेरोल में 130,000 नौकरियों की वृद्धि होने की संभावना है, जबकि बेरोजगारी दर 4.2 प्रतिशत पर स्थिर रहने की उम्मीद है।

**कहां तक जा सकती है चांदी की कीमत-** एलकेपी सिक्योरिटीज के एक्सपर्ट जतिन त्रिवेदी का मानना है कि चांदी के लिए पूर्वानुमान मजबूत बना हुआ है। त्रिवेदी ने कहा कि पिछले दो वर्षों में चांदी में लगभग 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।



# 'सरदार 2' की शूटिंग के लिए बैंकॉक पहुंचीं मालविका मोहनन

मलयालम और हिंदी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री मालविका मोहनन अपनी अपकमिंग तमिल फिल्म 'सरदार 2' की शूटिंग के लिए बैंकॉक पहुंच चुकी हैं। जासूसी-थ्रिलर फिल्म में वह अभिनेता कार्थी और राजिशा विजयन के साथ मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। मालविका ने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर बैंकॉक के सेट से एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह शूटिंग की तैयारी करती दिखीं। सूत्रों के अनुसार, फिल्म की टीम इस आखिरी शेड्यूल में कुछ रोमांचक एक्शन सीन्स और एक खास गाने को शूट कर रही है। 'सरदार 2' साल 2022 की हिट फिल्म 'सरदार' का सीक्वल है, जिसे निर्देशक पी.एस. मित्रन बना रहे हैं। मालविका ने प्रशंसकों के साथ एक सोशल मीडिया सीजन के दौरान बताया था कि वह जून में इस फिल्म की शूटिंग पूरी कर लेंगी। इस फिल्म की शूटिंग 100 दिनों से अधिक समय से चल रही है और अप्रैल में टीम ने 100 दिन पूरे किए थे।

निर्देशक मित्रन ने एक इंटरव्यू में बताया कि फिल्म का केवल 5-10 प्रतिशत हिस्सा शूट होना बाकी है और डबिंग का काम भी साथ-साथ चल रहा है। इवेंट में पता चला कि अभिनेता एसजे सूर्या फिल्म में खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे। उनके किरदार का नाम 'ब्लैक डैगर' है। सरदार 2 में कार्थी, एसजे सूर्या और राजिशा विजयन, मालविका मोहनन, आशिका रंगनाथ और सजल अहमद भी अहम भूमिकाओं में हैं। सरदार 2 में जॉर्ज विलियम्स ने सिनेमैटोग्राफी और सैम सीएस ने संगीत दिया है। फिल्म के स्टंट को कोरियोग्राफ दिलीप सुब्बारायन ने किया है और सीक्वल की कहानी एमआर पोन, रोजू बिपिन रागु और गीवी ने लिखी है। फिल्म की कहानी में कार्थी के किरदार को कंबोडिया और फिर चीन में जासूस के रूप में मिशन पर भेजा जाता है। निर्माताओं ने हाल ही में एक प्रोमो जारी किया था, जिसमें अभिनेता एस.जे. सूर्या को खलनायक 'ब्लैक डैगर' के रूप में दिखाया गया। फिल्म में कार्थी दोहरी भूमिका में हैं, जबकि मालविका का किरदार अभी गोपनीय रखा गया है। वर्कफ्रंट की बात करें तो 'सरदार 2' के अलावा, मालविका के पास प्रभास स्टारर 'द राजा साब' और 'हृदयपूर्णम' भी है।



# सान्या मल्होत्रा ने 'मिसेज' में अपनी भूमिका के लिए जीता पीपुल्स च्वाइस स्टार ऑफ द ईयर सम्मान

स्टार परफॉर्मर सान्या मल्होत्रा ने एक बार फिर सबका दिल जीत लिया, जब उन्हें एक प्रतिष्ठित अवॉर्ड इवेंट में पीपल्स चॉइस स्टार ऑफ द ईयर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अपनी सच्ची और सहज अभिनय शैली तथा हालिया फिल्म 'मिसेज़' में प्रभावशाली किरदार के लिए जानी जाने वाली सान्या की यात्रा एक पावर परफॉर्मर से लेकर फैंस की फेवरेट बनने तक प्रेरणादायक रही है। सान्या ने इस सम्मान को लेकर एक भावुक और आभार भरा पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने लिखा - मिसेज के लिए पीपुल्स च्वाइस स्टार ऑफ द ईयर अवार्ड से मुझे सम्मानित करने के लिए धन्यवाद। मैं अपनी टीम और उन सभी अद्भुत लोगों के प्यार, प्रेरणा और निरंतर समर्थन के लिए बेहद आभारी हूं, जिन्होंने 'मिसेज़' से गहराई से जुड़ाव महसूस किया। काफ़ी खुशी है।

रेड कार्पेट पर सान्या मल्होत्रा का लुक वाकई में लाजवाब था—वो बेहद आकर्षक और स्वाभाविक रूप से खूबसूरत दिख रही थीं। उनकी खूबसूरती और सहज शैली ने शाम की शोभा बढ़ा दी, और यही आकर्षण उन्हें लाखों लोगों का दीवाना बना दिया है। उनकी हालिया फिल्म 'मिसेज़' ने एक बार फिर उनकी अभिनय क्षमता और बहुमुखी प्रतिभा को साबित किया, जिसे दर्शकों और समीक्षकों दोनों ने सराहा। यह अवॉर्ड, जो जनता द्वारा चुना गया है, उनके और उनके फैंस के बीच के खास रिश्ते को दर्शाता है, और उनके ऑन-स्क्रीन और ऑफ-स्क्रीन जुड़ाव को भी सम्मानित करता है। इस खास सम्मान के साथ सान्या की सफलता की कहानी जारी है। ठग लाइफ के गाने जिंगुचा में उनकी उपस्थिति ने खूब सुर्खियाँ बटोरी हैं और फैंस से ज़बरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। वहीं आने वाली फिल्में 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' और अनुराग कश्यप तथा बॉबी देओल के साथ एक बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट उनके उज्ज्वल भविष्य की झलक दे रहे हैं। सान्या अब एक ऐसे दौर में हैं, जहां उनका हर किरदार उसी जुनून, गहराई और लगन से सजा है—जैसे इस खास रात में देखने को मिला।



# क्या तलाक के बाद धनश्री वर्मा को है प्यार की तलाश?



हाल ही में कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा और क्रिकेटर युजवेंद्र चहल का तलाक हुआ है। तलाक के बाद युजवेंद्र चहल अपने करियर पर फोकस कर रहे हैं, साथ ही अफवाहें हैं कि वह आरजे महवश को डेट कर रहे हैं। धनश्री वर्मा भी अपने करियर पर फोकस कर रही हैं। हालांकि वह अब प्यार की तलाश कर रही हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में धनश्री ने इस बात का खुलासा किया है।

प्यार करने के लिए तैयार हैं धनश्री वर्मा

द टाइम्स ऑफ इंडिया के साथ बातचीत में धनश्री वर्मा ने अपने करियर और प्यार के बारे में बताया है। धनश्री वर्मा से पूछा गया कि क्या वह दोबारा प्यार करने के लिए तैयार हैं या अपने करियर पर फोकस करने के बारे में सोच रही हैं? इस पर उन्होंने जवाब दिया कि तलाक के बाद एक बार फिर प्यार करने के लिए तैयार हैं।

## धनश्री वर्मा देती हैं लक्ष्य पर ध्यान

बातचीत में धनश्री वर्मा ने कहा मैं हमेशा से अपने लक्ष्य पर ध्यान देती हूं। चाहे डेंटिस्ट के तौर पर मेरा काम हो या फिर अब एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में मेरी चीजें हों। जब मैंने डांसिंग में अपना करियर बदला था, अपनी अकादमी खोली, कोरियोग्राफ करना शुरू किया, वायरल वीडियो बनाई, तब भी मेरा नजरिया इसी तरह का था। मुझे लगता था कि मेरी क्लास बेस्ट होनी चाहिए। ये तभी हो सकता था जब मैं ध्यान से काम करूं।

## प्लान करके नहीं कर सकती प्यार

धनश्री ने आगे कहा फिर से प्यार करने की बात करें तो आप इन चीजों को प्लान नहीं कर सकते। आप पहले से यह तय नहीं कर सकते कि मैं आज से एक साल बाद प्यार में पड़ूंगी। प्यार एक बहुत अलग चीज है। मेरे लिए सबसे ज्यादा जरूरी ये है कि मैं अपनी जिंदगी में आगे क्या करना चाहती हूं। फिलहाल मैं अपने काम पर ध्यान दे रही हूं। मैं खुद को बेहतरीन तरीके से प्रेजेंट करने पर ध्यान दे रही हूं।

## प्यार करने पर बोलीं धनश्री वर्मा

दोबारा प्यार करने के सवाल पर धनश्री ने कहा- नसीब में अच्छा लिखा है तो क्यों नहीं? जिंदगी में प्यार किसे नहीं चाहिए होता है? फिलहाल में अपने करियर पर ध्यान दे रही हूं।

# कैटरीना कैफ को पसंद आया देवर सनी का रैप सॉन्ग मिड एयर फ्रीवर्स

कैटरीना कैफ ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर सनी कौशल के नए रैप सॉन्ग मिड एयर फ्रीवर्स की एक झलक साझा की और इसके साथ सनी के लिए एक छोटा सा प्रशंसा नोट भी लिखा। कैटरीना के अलावा वामिका गब्बी सनी कौशल का यह गाना शुक्रवार को रिलीज हुआ। इस गाने में सनी ने गीत लिखने और गाने दोनों का काम किया है। गाना पंजाबी स्टाइल और ऊर्जा से भरा है। कैटरीना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा, मुझे यह गाना बहुत पसंद आया, कमाल का है। वीडियो भी शानदार है। वहीं सनी की कथित गर्लफ्रेंड शरवरी वाघ ने भी गाने की तारीफ की और इसे अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया, जिसमें उन्होंने फायर इमोजी के साथ सनी को टैग किया। शरवरी के अलावा वामिका गब्बी ने भी सनी की प्रशंसा करते हुए लिखा, यह गाना जबरदस्त है, तू आग है! मिड एयर फ्रीवर्स को अपसाइडडाउन और आइकॉनिक ने बनाया है। गाने में सनी काले सूट, दाढ़ी और शेड्स में शानदार दिख रहे हैं, जिसमें उनकी पंजाबी जड़ें साफ झलकती हैं। सनी ने गाने को शेयर करते हुए बताया कि इसे बनाना बहुत मजेदार था और उन्होंने उम्मीद जताई कि लोग इसे सुनकर उतना ही पसंद करेंगे। सनी आखिरी बार फिर आई हसीन दिलरुबा में नजर आए थे। कथित तौर पर सनी अब वह एक जासूसी कॉमेडी फिल्म में मेधा शंकर और निमरत कौर के साथ दिखेंगे। इस फिल्म की शूटिंग इस साल पूरी हो चुकी है और इसे लक्ष्मण उटेकर और टी-सीरीज बना रहे हैं।

# रिलेशनशिप छिपाने में यकीन नहीं रखता



बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाने वाले आमिर खान अक्सर अपनी बातों को खुलकर रखने के लिए भी जाने जाते हैं। आमिर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी काफी मुखर रहते हैं और उस पर बात करने से कतराते नहीं हैं। चाहें तलाक का मामला हो या फिर लव लाइफ का, आमिर खुलकर बात करते हैं। अब अमर उजाला के साथ बातचीत में आमिर ने अपनी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट के साथ अपने रिश्ते को लेकर बात की। उन्होंने बताया कि कैसे गौरी ने उनकी जिंदगी में शांति और संतुलन लाया, जबकि वे खुद थोड़े एक्स्ट्रीम स्वभाव के हैं। बातचीत के दौरान जब आमिर से पूछा गया कि गौरी ने आपको कैसे संभाला? तो आमिर ने कहा, 'देखिए, हर इंसान का दूसरों पर असर होता है। गौरी बहुत ही शांत और संतुलित हैं। मैं और गौरी दोनों एक-दूसरे से बहुत अलग हैं। लेकिन यही फर्क हमें एक-दूसरे की ओर खींचता है। जैसे कहते हैं 'अपोजिट्स अट्रैक्ट'।

## लोग अपने रिश्ते छुपाते हैं, लेकिन...

दो शादियों से तलाक के बाद गौरी के साथ अपने रिश्ते को सार्वजनिक करना कितना मुश्किल था। इस पर बात करते हुए आमिर ने कहा, 'अपने रिश्ते को सबके सामने स्वीकारना मेरे लिए बहुत बड़ा कदम था। मैंने गौरी को सबके सामने मिलवाया। इसका मतलब है कि मैं उनके लिए पूरा स्टैंड लेता हूं। बहुत लोग अपने रिश्ते छुपाते हैं, लेकिन मैं ऐसा नहीं करता। अगर मैं किसी का हाथ थामकर चलता हूं, तो मैं उन्हें सबके सामने सम्मान देना चाहता हूं। मेरी और उनकी इज्जत में कोई फर्क नहीं होना चाहिए। मैं कभी ऐसा कदम नहीं उठाऊंगा जिससे उनका दिल दुखे।'



# प्रभास की फौजी पर आई नई अपडेट

पैन-इंडिया स्टार प्रभास इन दिनों दो बड़ी फिल्मों, द राजा साब और फौजी में व्यस्त हैं। द राजा साब का प्रोडक्शन पूरा हो चुका है, जबकि फौजी की शूटिंग हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में जोर-शोर से चल रही है। जानिए फौजी को लेकर नई अपडेट क्या आई है...

एक खबर के मुताबिक, फौजी के डायरेक्टर हनु राघवपुडी फिल्म फौजी के एक सीन के लिए एक विशाल विंटेज टिम्बर डिपो सेट तैयार करा रहे हैं, जिसमें वह फिल्म का एक भव्य खास सीन शूट करने की तैयारी में हैं। इस सीन में प्रभास के साथ फिल्म के कई मुख्य कलाकार हिस्सा लेंगे।

## फिल्म फौजी

फौजी 1940 के ब्रिटिश भारत की पृष्ठभूमि पर आधारित एक युद्ध और रोमांटिक एक्शन ड्रामा फिल्म है, जिसमें प्रभास एक सैनिक की भूमिका में नजर आएंगे। इंस्टाग्राम स्टार इमानवी इस फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं। मिथुन चक्रवर्ती, अनुपम खेर और टॉलीवुड की सीनियर एक्ट्रेस जयाप्रदा भी अहम किरदारों में हैं। फिल्म का म्यूजिक विशाल चंद्रशेखर तैयार कर रहे हैं। इसे माइथ्री मूवी मेकर्स प्रोड्यूस कर रहे हैं।




## द राजा साब

द राजा साब, मारुति द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म है। इसे पीपल मीडिया फैक्ट्री द्वारा निर्मित किया जाएगा। यह एक रोमांटिक कॉमेडी हॉरर फिल्म है। इस फिल्म में प्रभास दोहरी भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में प्रभास के अलावा निधि अग्रवाल, मालविका मोहनन और ऋद्धि कुमार महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगी। वैसे यह फिल्म मालविका मोहनन की तेलुगु डेब्यू फिल्म है। हाल ही में फिल्म का एक और पोस्टर रिलीज हुआ और साथ ही फिल्म की रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया गया है। यह फिल्म 5 दिसंबर 2025 को रिलीज होगी।

## प्रभास का वर्कफ्रंट

प्रभास कई बड़े प्रोजेक्ट में नजर आने वाले हैं। प्रभास के पास द राजा साब और फौजी के अलावा स्पिरिट और सालार 2 जैसी फिल्में भी हैं। स्पिरिट की निर्देशन एनिमल फेम डाइरेक्टर संदीप वांगा रेड्डी कर रहे हैं।

# कार्तिक की तू मेरी मैं तेरा... में नजर आएंगी अनन्या पांडे



र्तिक आर्यन इन दिनों का फिल्म तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी की शूटिंग में बिजी हैं। इस फिल्म के निर्देशन की कमान समीर विद्वांस ने संभाली है, वहीं करण जौहर इसके निर्माता हैं। अब इस फिल्म में अनन्या पांडे की भी एंट्री हो गई है। इसकी जानकारी खुद करण ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर कर दी है। उन्होंने कैप्शन में लिखा... हमारे रे की रूमी। करण ने जो पोस्टर साझा किया है, उसमें कार्तिक और अनन्या ही रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी अगले साल वैलेंटाइन डे से पहले रिलीज होगी। इसकी रिलीज की तारीख भी करण जौहर ने पोस्ट में शेयर की है।

# कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव-कोषाध्यक्ष का इस्तीफा

### बेंगलुरु भगदड़ मामले की नैतिक जिम्मेदारी ली, हादसे में 11 लोगों की मौत हुई थी

**बैंगलूर (एजेंसी)।** कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) के सचिव ए शंकर और कोषाध्यक्ष ई एस जयराम ने इस्तीफा दे दिया है। दोनों ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विक्ट्री सेलिब्रेशन के दौरान मची भगदड़ की नैतिक जिम्मेदारी ली है।

शंकर और जयराम ने संयुक्त बयान में कहा- पिछले दो दिनों में हुई अप्रत्याशित और दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं की वजह से हम यह बताना चाहते हैं कि हमने चस्ष्ट के



सचिव और कोषाध्यक्ष के रूप में अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, हमारी भूमिका बहुत सीमित थी।

### आरसीबी के मार्केटिंग हेड को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

एक दिन पहले शुक्रवार को आरसीबी और इवेंट मैनेजमेंट कंपनी के चार अधिकारियों को गिरफ्तार भी किया गया। कोर्ट ने सभी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है।

### केएससीए बोला- भीड़ संभालने की जिम्मेदारी इवेंट मैनेजमेंट कंपनी की थी

कर्नाटक सरकार ने केएससीए,आरसीबी और डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के बाद गुरुवार को अधिकारियों की गिरफ्तारी के आदेश दिए थे। कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष रघुराम भट, सचिव ए शंकर और कोषाध्यक्ष ई एस जयराम ने भगदड़ मामले में अपने खिलाफ एफआईआर रद्द करने की मांग की थी। इस पर कर्नाटक हाईकोर्ट ने केएससीए के अफसरों को 16 जून को अगली सुनवाई तक गिरफ्तारी से राहत दे दी थी। केएससीए ने इससे पहले हाईकोर्ट में अपनी याचिका में कहा था कि चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर गेट पर भीड़ को मैनेज करने की जिम्मेदारी आरसीबी और इवेंट मैनेजमेंट कंपनी की थी।

## आईपीएल में इतिहास रचने वाला खिलाड़ी अब टीम इंडिया को इंग्लैंड में जिताएगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया को अब इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैच की टेस्ट सीरीज खेलनी है. इसकी शुरुआत 20 जून से होने वाली है. इन दोनों टीमों के खिलाड़ियों को इस टेस्ट सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए देखा जा सकता है, लेकिन इससे पहले पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान माइकल क्लार्क ने टीम इंडिया के एक युवा बल्लेबाज को लेकर बड़ा बयान दिया है. इस बल्लेबाज ने हाल ही



में खत्म हुए आईपीएल 2025 में धमाकेदार बल्लेबाजी की थी और इसी वजह से इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में उन्हें शामिल किया गया है. इस भारतीय टीम में एक और खिलाड़ी को शामिल किया गया है, जिनका नाम है करुण नायर. करुण नायर ने हाल ही में इंडिया-ए की ओर से खेलते हुए इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहले टेस्ट में दोहरा शतक लगाया था. माइकल क्लार्क का मानना है कि साई सुदर्शन को इंग्लैंड दौरे पर नंबर तीन पर बल्लेबाजी करनी चाहिए, क्योंकि इस समय उनका आत्मविश्वास काफी ऊपर है. क्लार्क ने कहा कि मेरे लिए ये युवा खिलाड़ी सुपरस्टार है. मेरा मानना है कि साई सुदर्शन को टेस्ट क्रिकेट में नंबर तीन पर बल्लेबाजी करनी चाहिए. मुझे ऐसा लगता है कि वो सही समय आने पर इंडिया की टी20 और वनडे टीम में बल्लेबाजी की ओपनिंग करते हुए नजर आएंगे. फिलहाल वो उनकी टेस्ट टीम में है. इंग्लैंड में उन्हें पहला मौका मिला है.'

पूर्व खिलाड़ी ने आगे कहा कि मेरे हिसाब से उन्हें सीधा नंबर तीन पर बल्लेबाजी के लिए भेज देना चाहिए. उनकी बल्लेबाजी की तकनीक कमाल की है और मानसिक रूप से भी वो पूरी तरह से तैयार है. उन्होंने मुझे काफी प्रभावित किया है और एक खिलाड़ी के रूप में भी वो बेहतरीन लय में नजर आ रहे हैं. आईपीएल में उन्होंने 700 से ज्यादा रन बनाए थे और वो इस समय शानदार फॉर्म में है.

## मॉन्टी पनेसर का दावा- हैरी ब्रुक से बेहतर है शुभमन गिल, कोहली रूट से आगे!

**लंदन (एजेंसी)।** पूर्व इंग्लिश स्पिनर मॉन्टी पनेसर ने भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाली 5 टेस्ट मैचों की बहुप्रतीक्षित सीरीज से पहले अपने बयानों से सुर्खियां बटोरी हैं। शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के लिए रवाना हो चुकी है, जिसमें विराट कोहली और रोहित शर्मा शामिल नहीं हैं, क्योंकि दोनों ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। पनेसर ने युवा भारतीय ओपनर शुभमन गिल को इंग्लैंड के व्हाइट-बॉल कप्तान हैरी ब्रूक से बेहतर बताते हुए कहा कि गिल का टेस्ट क्रिकेट में भविष्य उज्ज्वल है।



पनेसर ने कहा कि शुभमन गिल। मुझे लगता है कि गिल का टेस्ट क्रिकेट में भविष्य बेहतर है और मुझे उम्मीद है कि कप्तानी मिलने के बाद उनके आंकड़े और बेहतर होंगे। गिल का टेस्ट रिकॉर्ड भले ही प्रभावशाली न हो, लेकिन पनेसर ने उनकी कप्तानी और जिम्मेदारी को लेकर भरोसा जताया। वहीं, आधुनिक युग के 2 महान बल्लेबाजों की तुलना में पनेसर ने विराट कोहली को जो रूट से बेहतर बल्लेबाज़ बताया। उन्होंने कोहली की मौजूदगी, प्रभाव और व्यक्तित्व को इसका कारण बताया।

पनेसर ने कहा कि मैं विराट कोहली को चुनूंगा। वह बेहतर बल्लेबाज़ हैं। उनके व्यक्तित्व और आभा के कारण। दूसरी ओर, पनेसर ने जेम्स एंडरसन को जसप्रीत बुमराह से बेहतर टेस्ट गेंदबाज़ करार दिया। उन्होंने कहा कि एंडरसन मेरी राय में बेहतर हैं। उन्होंने हर परिस्थिति में शानदार प्रदर्शन किया है। एंडरसन ने 188 टेस्ट में 704 विकेट लिए, जबकि बुमराह की चोटों ने उनके करियर को प्रभावित किया है।

पनेसर ने सचिन तेंदुलकर को भारत का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज़ बताया। उन्होंने कहा कि यह सभी जानते हैं। सचिन ने सुनील गावस्कर के स्तर को और ऊंचा किया। वह भारत के महानतम बल्लेबाज हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या कोई सचिन की विरासत को आगे ले गया, तो पनेसर ने कहा कि कोई भी पूरी तरह से उनकी बराबरी नहीं कर सका, लेकिन एमएस धोनी और विराट कोहली सबसे करीब पहुंचे। उन्होंने कहा कि शायद दो क्रिकेटर- धोनी और कोहली। दोनों ने लोकप्रियता, शांत स्वभाव और मैदान पर प्रतिभा के मामले में सचिन के स्तर को छुआ।

# अनऑफिशियल टेस्ट- इंडिया-ए 348 रन पर ऑलआउट

### केएल राहुल का शतक, जुरेल की फिफ्टी, इंग्लैंड लायंस से क्रिस वोक्स को 3 विकेट

**नॉर्थम्पटन (एजेंसी)।** इंडिया-ए की टीम इंग्लैंड लायंस के बीच दूसरे अनऑफिशियल टेस्ट की पहली पारी में 348 रन पर ऑलआउट हो गई है। नॉर्थम्पटन में चल रहे मुकाबले के दूसरे दिन शनिवार को इंडिया ए ने 319/7 के स्कोर से खेलना शुरू किया और 29 रन बनाने में आखिरी 3 विकेट गंवा दिए। किस वोक्स ने 3 विकेट झटके। जोश टंग और ग्रेस हिल को 2-2 विकेट मिले।

पहले दिन केएल राहुल ने 116 रनों की शतकीय पारी खेली। उन्होंने 168 बॉल की पारी में 15 चौके और एक छक्का लगाया। राहुल के अलावा, ध्रुव जुरेल (52 रन) ने अर्धशतक जमाया। करुण नायर ने 40 और नीतीश कुमार रेड्?डी ने 34 रन बनाए। पहले दिन बारिश की वजह से दो बार खेल रोकना पड़ा, इस वजह से 83 ओवर का ही खेल हो पाया।



**यशस्वी-राहुल के बीच 86 रन की साझेदारी-** इंग्लैंड लायंस ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। राहुल और यशस्वी जायसवाल ने ओपनिंग की। लेकिन जल्द ही जायसावल (17) और कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन (11) को क्रिस वोक्स ने एलबीडब्ल्यू कर दिया। इंडिया-ए ने 40 के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिए। इसके बाद करुण नायर (40) और राहुल ने पारी संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट लिए 139 बॉल पर 86 रन की साझेदारी हुई।

**ध्रुव जुरेल ने 52 रन बनाए-** इसके बाद ध्रुव जुरेल और राहुल के बीच साझेदारी हुई। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 121 रन जोड़े। वहीं जुरेल ने भी अर्धशतकीय पारी खेली। हालांकि इसके बाद कम अंतराल पर पहले जुरेल (52) और फिर राहुल (116) दोनों ही जॉर्ज हिल की बॉल पर आउट हो गए।

### पहला अनऑफिशियल टेस्ट ड्रॉ रहा था

इंडिया-ए और इंग्लैंड लायंस के बीच पहला अनऑफिशियल टेस्ट ड्रॉ हो गया था। मुकाबले के चौथे दिन भारत की ओर से 4 अर्धशतक लगे। पहले दिन इंग्लिश टीम ने टॉस जीतकर बॉलिंग का फैसला किया। इंडिया-ए ने पहले पारी में 557 रन बनाए थे। वहीं, इंग्लैंड टीम 587 रन पर ऑलआउट हुई। चौथे और आखिरी दिन भारत दूसरी पारी में दो विकेट खोकर 241 रन बनाया।

### यह रही दोनों टीमों की प्लेइंग 11

इंडिया ए- यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), करुण नायर, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), नितीश कुमार रेड्डी, शार्दुल ठाकुर, तनुष कोटियन, अंशुल कंबोज, तुषार देशपांडे, खलील अहमद।

इंग्लैंड लायंस- टॉम हेन्स, बेन मैककिनी, एमिलियो गे, जॉर्डन कॉक्स, जेम्स यूं (कप्तान/विकेटकीपर), मैक्स होल्डन, जॉर्ज हिल, क्रिस वोक्स, फरहान अहमद, जोश टंग, एडी जैक।

### यहां हो रही मैच की लाइव स्ट्रीमिंग

यह मैच इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की वेबसाइट और ऐप पर लाइव स्ट्रीम किया जा रहा है। भारत में इसे जियोहॉटस्टार और यूट्यूब पर भी देखा जा सकता है।

## इंग्लैंड ने पहले टी-20 में वेस्टइंडीज को हराया

### सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई; बटलर ने 96 रन बनाए, डॉसन को 4 विकेट

**चेस्टर ले स्ट्रीट (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने तीन मैचों की सीरीज के पहले टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 21 रन से हरा दिया। टीम सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। विकेटकीपर-बल्लेबाज जोस बटलर ने 96 रन बनाए। ऑलराउंडर लियाम डॉसन ने 4 विकेट झटके। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

चेस्टर ले स्ट्रीट के रिवरसाइड ग्राउंड में शुक्रवार को खेले गए मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 188 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 167 रन ही बना सकी।

**बटलर ने 96 रनों की पारी खेली-** इंग्लैंड की ओर से जोस बटलर ने 59 गेंदों पर 96 रनों की शानदार पारी खेली। बटलर के अलावा जेमी स्मिथ ने 38 और जैकब बेथेल ने नाबाद 23 रन बनाए। वेस्टइंडीज की तरफ से रोमारियो शेफर्ड ने 2 विकेट झटके। अल्जारी जोसेफ, रोस्टन चेज और आंद्रे रसेल को 1-1 विकेट मिला।

## जोकोविच फ्रेंच ओपन का सेमीफाइनल हारे

### कहा- शायद यह मेरा आखिरी मैच था; 24 ग्रैंड स्लैम जीत चुके दिग्गज को 23 साल के सिनर ने हराया

**यूएस (एजेंसी)।** 24 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले नोवाक जोकोविच फ्रेंच ओपन 2025 का सेमीफाइनल मैच हार गए हैं। इसी के साथ उनका 25वां ग्रैंड स्लैम जीतने का सपना भी टूट गया है। 38 साल के सर्बिया के स्टार को 23 साल के इटली के जैनिक सिनर ने 6-4, 7-5, 7-6 (3) से हराया। यह मैच 3 घंटा और 16 मिनट में चला।

सिनर से सीधे सेटों में हारने के बाद जोकोविच ने अपना बैग नीचे रखा। दर्शकों को आभार जताते हुए कहा- 'शायद यह मेरा आखिरी मैच था। मुझे नहीं पता, इसलिए मैं आखिर में थोड़ा अधिक भावुक हूं। अगर यह फ्रेंच ओपन में मेरे करियर का आखिरी मैच था तो दर्शकों ने जिस तरह से मेरा समर्थन किया उसे देखते हुए यह अद्भुत था।' जोकोविच अगले साल फ्रेंच ओपन तक 39 वर्ष के हो जाएंगे।

इससे पहले जोकोविच ने ब्रिटेन के कैमरून नोरी को हराकर फ्रेंच ओपन में अपनी 100वीं



जीत दर्ज की थी, जिससे वह राफेल नडाल के बाद ऐसा करने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए।

मैच हारने के बाद जोकोविच ने अपना हाथ चूमा, फिर उसे मिट्टी पर रख दिया, मानो फ्रेंच ओपन को अलविदा कह रहे हों। यहां वे तीन बार चैंपियन रहे थे।

जोकोविच ने कहा-क्या मैं आगे खेलना चाहता हूं, हां, मैं चाहता हूं। लेकिन क्या मैं 12 महीने बाद यहां खेल पाऊंगा, मुझे नहीं पता। मैंने कहा था कि यह यहां मेरा आखिरी मैच हो सकता है। मैंने ऐसा नहीं कहा था कि यह मेरा यहां आखिरी मैच होगा।

**वर्ल्ड नंबर-1 सिनर और अल्काराज के बीच फाइनल-** वर्ल्ड नंबर-1 जैनिक सिनर का फाइनल में सामना रविवार (8 जून) को वर्ल्ड नंबर-2 खिलाड़ी स्पेन के कार्लोस अल्काराज से होगा। पहले सेमीफाइनल में इटली के लोरेंजो मुसेट्टी ने कार्लोस अल्काराज के खिलाफ मुकाबला बीच में ही छोड़ दिया था।

### नॉर्वे शतरंजः

## चीन के वे यी पर गुकेश की जीत, याद आई ओलंपियाड की जीत

**स्टावेंगर, एजेंसी।** भारत के विश्व शतरंज चैम्पियन डी गुकेश नें नॉर्वे शतरंज के आखिरी राउंड के ठीक पहले नौवे राउंड में चीन के वे यी को मात देते हुए खुद को एक बार फिर ख़िताबी दौड़ में शामिल कर लिया है ।



गुकेश नें सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए चीन के वे यी पर एक और यादगार जीत दर्ज की , गुकेश नें कुछ इसी अंदाज में पिछले साल शतरंज ओलंपियाड में वे यी के खिलाफ मुक़ाबला जीता था और देश का स्वर्ण पदक पक्का कर दिया था । इस मुक़ाबले में भी गुकेश नें एंडगेम में जाकर अपनी महारत साबित करते हुए जीत दर्ज की । इसी टूर्नामेंट की पिछली भिड़ंत में वे यी ने गुकेश को अर्मागेडोन में मात दी थी, लेकिन इस बार गुकेश ने पेत्रोफ डिफेंस के खिलाफ शानदार खेल दिखाया और 40 चालों में जीत दर्ज की। इस जीत के साथ गुकेश अब 14.5 अंको के साथ कार्लसन के ठीक पीछे है और अगर 15 अंको पर खेल रहे कार्लसन अंतिम क्लासिकल मुकाबले में भारत के अर्जुन एरिगैसी को हराते हैं तो वह सीधे विजेता बन जाएंगे। लेकिन अगर ऐसा नहीं होता, और गुकेश या अन्य खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो समीकरण बदल सकते हैं। इस टूर्नामेंट का फिनाले बेहद रोमांचक होने वाला है क्योंकि दुनिया के शीर्ष 5 में से चार खिलाड़ी खिताब की दौड़ में हैं।



## गौतम गंभीर को पुराने साथी ने दिया इंग्लैंड में जीत का मंत्र, इस गेंदबाज को खिलाकर मिलेगी सफलता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शुभमन गिल की अगुवाई में टीम इंडिया 2007 के इतिहास को दोहराने के लिए बेताब है. राहुल द्रविड़ की कप्तानी में टीम इंडिया ने इंग्लैंड में आखिरी बार 2007 में सीरीज जीती थी. इसके बाद वो अब तक कोई सीरीज नहीं जीत पाई है. इस बार टीम इंडिया विराट कोहली और रोहित शर्मा के बिना मैदान में उतरेगी. ऐसे में युवा भारतीय टीम की इंग्लैंड में कड़ी अग्निपरीक्षा होगी. इस दौरान टीम इंडिया के पूर्व बॉलिंग कोच और गौतम गंभीर के पुराने साथी ने इंग्लैंड में जीत के लिए कुछ टिप्स दिए हैं. उन्होंने एक गेंदबाज को प्लेइंग इलेवन में शामिल करने की बात कही है, जो इंग्लिश बल्लेबाजों को काफी परेशान कर सकता है. एक इंटरव्यू के दौरान टीम इंडिया के पूर्व बॉलिंग कोच भरत अरुण ने टेस्ट मैच में 5 गेंदबाजों को प्लेइंग इलेवन में शामिल करने की वकालत

मुझे लगता है कि यह सही कदम है

## रिकी पोंटिंग ने गिल को टेस्ट कप्तान बनाने का समर्थन किया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की पुरुष क्रिकेट टीम पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलने इंग्लैंड पहुंच चुकी है। 20 जून से शुरू होने जा रही इस टेस्ट सीरीज की कमान शुभमन गिल के हाथों में है।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने भारत के नए टेस्ट कप्तान के रूप में शुभमन गिल का समर्थन किया है। विराट कोहली और रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। 25 साल के शुभमन गिल को टीम की कप्तानी सौंपी गई है। यह एक ऐसा कदम रहा, जिसने कुछ दिग्गजों को चौंकाया, लेकिन पोंटिंग को नहीं।

पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू पर गिल की नियुक्ति को लेकर कहा, मुझे सच में लगता है कि यह सही कदम है। मुझे पता है कि बहुत से लोग हैं, जो समझ नहीं पा रहे कि जसप्रीत बुमराह के बजाय शुभमन को क्यों चुना गया, लेकिन मुझे लगता है कि यह बेहद आसान है। पिछले कुछ सालों में बुमराह की चोटों ने उन्हें थोड़ा पीछे धकेल दिया है। आप ऐसा कप्तान नहीं रख सकते, जो मैच मिस करे। इसलिए मुझे लगता है कि यह सही फैसला है। आईपीएल में गिल के साथ काम कर चुके रिकी पोंटिंग ने युवा बल्लेबाज के स्वभाव और नेतृत्व कौशल को सराहा की।

गिल आईपीएल फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटंस के कप्तान हैं। पोंटिंग ने कहा इस आईपीएल जिस तरह से उन्होंने मौजूदा जीटी टीम को संभाला, उसे देखते हुए लगता है कि उनके पास बेहतरीन नेतृत्व क्षमता है। मेरे लिए नेतृत्व के मामले में सबसे जरूरी बात यह है कि अगर आप बल्लेबाज हैं और कप्तान हैं, तो आपको रन बनाने होंगे।

शुभमन गिल आईपीएल में ऐसा कर रहे हैं। मुझे लगता है कि आपके पास एक अच्छा कप्तान होगा, जो आगे चलकर टेस्ट में काफी रन बनाएगा। भले ही रिकी पोंटिंग गिल की नेतृत्व क्षमता पर कोई सवाल नहीं उठाते, हालांकि उन्होंने सुझाव दिया है कि गिल को निचले क्रम में बल्लेबाजी करने से फायदा हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### एनसीआर में बसेंगे 4 नए सेक्टर, लैंड बैंक बनाने को 2 हजार किसानों से जमीन खरीदेगा यीडा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** जेवर में बन रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से कॉमर्शियल उड़ानें शुरू होने का समय नजदीक है। ऐसे में यमुना प्राधिकरण ने चार नए सेक्टर-4ए, सेक्टर-5, सेक्टर-5ए और सेक्टर-11 के लिए लैंड बैंक तैयार करने का काम शुरू कर दिया है। नए सेक्टर में जापानी, कोरियन और फिनटेक सिटी के अलावा आवासीय और औद्योगिक परियोजनाएं विकसित होंगी। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) इन सेक्टरों के लिए सीधे किसानों से आपसी सहमति बनाकर भूमि खरीदेगा। चारों सेक्टर के लिए करीब दो हजार किसानों से 5,000 एकड़ भूमि सीधे खरीदी जाएगी। प्राधिकरण के अधिकारी किसानों से संवाद स्थापित कर सूची तैयार करने में जुटे हैं। सेक्टर-4ए में कोरियन और सेक्टर-5ए में जापानी सिटी प्रस्तावित है। कोरियन सिटी के लिए 365 और जापानी सिटी के लिए 395 एकड़ जमीन का खरीदी जानी है। इसके अलावा सेक्टर-11 में करीब 750 एकड़ में फिनटेक सिटी को विकसित किया जाएगा, जबकि सेक्टर-5 में ग्रुप हाउसिंग और आवासीय परियोजनाओं के अलावा बाल गृह, अनाथालय समेत अन्य विशेष सुविधाओं से जुड़ी परियोजनाओं के लिए लैंड बैंक तैयार किया जाना है। प्राधिकरण जेवर एयरपोर्ट शुरू होने के साथ ही इन विशेष परियोजनाओं को भी धरातल पर उतारने की तैयारी में जुट गया है। यमुना विकास प्राधिकरण ने वर्ष 2021 से जून 2025 तक करीब 5232.3380 एकड़ जमीन का अधिग्रहण और क्रय किया है। इस दौरान एयरपोर्ट के दो चरणों समेत अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी और मेडिकल डिवाइस, टॉय पार्क, अपेरल पार्क समेत अन्य परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहीत की गई है। वर्तमान में शहर में एयरपोर्ट और मेडिकल पार्क का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है, जबकि फिल्म सिटी का शिलान्यास करने की तैयारी है। अरुणवीर सिंह, सीईओ, यमुना प्राधिकरण, क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं हैं, जिन्हें एयरपोर्ट के संचालन के साथ ही धरातल पर उतरने की तैयारी है। इसके लिए चार नए सेक्टर को विकसित किया जाना है। इनके लिए जमीन खरीदने की कार्ययोजना तैयार की गई है।

### दिल्ली के 75 सीएम श्री स्कूलों में टीचर भर्ती शुरू

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार ने 75 सीएम श्री स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति के लिए भर्ती अभियान शुरू किया है। यह एक साल के भीतर शुरू होने वाला है। शिक्षा निदेशालय ने एक विशेष इंटरफ़ेस प्रक्रिया के माध्यम से इन स्कूलों में स्थानांतरण के लिए वर्तमान सरकारी स्कूल शिक्षकों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। परिपत्र के अनुसार, पोस्ट ग्रेजुएट टीचर (पीजीटी), ट्रेन्ड ग्रेजुएट टीचर (टीजीटी), प्राइमरी टीचर (पीआरटी) और विभिन्न शिक्षण भूमिकाओं के लिए पद उपलब्ध हैं। परिपत्र में कहा गया है कि इच्छुक शिक्षकों को 9 जून, रात 11.59 बजे तक ई-मेल के माध्यम से अपने आवेदन जमा करने होंगे। आवेदकों के पास सेवानिवृत्ति तक कम से कम पांच साल शेष होने चाहिए। इसमें कहा गया है कि पीआरटी और टीजीटी के लिए 11 जून को और पीजीटी और विविध शिक्षकों के लिए 12 जून को इंटरफेस सत्र आयोजित किए जाएंगे, जो प्रत्येक दिन सुबह 10 बजे शुरू होंगे। जिन्हें सीएम श्री संस्थानों के उन्नत मानकों को पूरा करने के लिए पुनर्निर्मित किया जाएगा। सीएम श्री स्कूल पहल की घोषणा दिल्ली बजट 2025-26 के दौरान की गई थी, जिसमें इन स्कूलों की स्थापना के लिए 100 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। केंद्र सरकार के पीएम श्री स्कूलों की तर्ज पर बनाए गए सीएम श्री स्कूलों का लक्ष्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के साथ तालमेल बिठाना और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2023 को लागू करना है।

# होम ट्यूशन के बहाने घर बुलाकर टीचर का जबरन अश्लील वीडियो बनाया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के ज्योति नगर इलाके में एक टीचर को बंधक बनाकर अश्लील वीडियो बनाने और लूटपाट करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने होम ट्यूशन के बहाने टीचर को झांसे में लिया और बाइक पर बैठाकर अपने घर ले आया। आरोपी ने घर आने के बाद टीचर के साथ जमकर मारपीट की। आरोपियों ने टीचर की जबरन अश्लील वीडियो बनाकर लूटपाट करने के बाद उसे नत्थू कॉलोनी चौक फ्लाईओवर के पास फेंक दिया। आरोपियों के जाने के बाद पीड़ित ने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने पीड़ित टीचर के बयान के आधार पर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस एक साइबर कैफे संचालक की भूमिका की भी जांच कर रही है।

पीड़ित ने आरोपियों के साथी साइबर कैफे वाले के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहित उर्फ मंगल, विकास उर्फ विक्की, नरेश उर्फ गोलू और शाहिद के रूप में हुई है।



पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है।

नंद नगरी इलाके में रहने वाले 25 वर्षीय पीड़ित ने बताया कि वह प्राइवेट स्कूल में टीचर है और होम ट्यूशन भी पढ़ाता है। 23 मई सुबह करीब 11:30 बजे उनके पास साहिल का कॉल आया था। कॉलर ने बताया कि वह 12वीं का छात्र है और जीव विज्ञान का होम ट्यूशन लेना चाहता है। पीड़ित ने आरोपी से लोकेशन के बारे में पूछा तो उसने कहा कि उसके घर का रास्ता टेढ़ा मेढ़ा है। वह बाइक से लेने आ जाएगा। पीड़ित को आरोपी बाइक पर बैठाकर अपने घर गया। आरोपी किताब लेने की बात कहकर दूसरे कमरे में गया और तीन अन्य साथियों को लेकर आ गया। चारों आरोपियों ने पहले टीचर से जमकर मारपीट की और जबरन कपड़े उतरवाकर अश्लील वीडियो बना ली। आरोपियों ने पीड़ित से सोने की चेन, बैग में रखे चार हजार रुपये और ईयर बड्स लूट भी लिए।

**रुपये ट्रांसफर कराने का प्रयास किया** - वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर आरोपियों ने पीड़ित के मोबाइल फोन से रुपये ट्रांसफर करने की कोशिश की, लेकिन तकनीकि समस्या के चलते सफल नहीं हो पाए। इसके बाद पीड़ित का मुंह ढककर आरोपी किसी जानकार साइबर कैफे संचालक के पास ले गए। वहां पीड़ित के फिंगर प्रिंट (बायोमेट्रिक) की मदद से रुपये ट्रांसफर करने की कोशिश करने लगे। तकनीकी समस्या के चलते रकम ट्रांसफर नहीं हो पाई। आरोपियों ने चाकू के बल पर पीड़ित से परिजनों को भी कॉल करवाया, लेकिन कोई रकम नहीं मिली। आरोपी इसके बाद पीड़ित का मुंह ढककर उन्हें दोबारा नत्थू कॉलोनी चौक फ्लाईओवर के पास ले गए। पीड़ित को बैग और मोबाइल फोन समेत फेंककर फरार हो गए। आरोपियों ने इस बारे में किसी को बताने पर अश्लील वीडियो वायरल धमकी दी थी।

## बंगला साहिब गुरुद्वारे में अब पीईटी स्केन सेंटर शुरू, 7000 में होगी 25 हजार वाली कैंसर जांच

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में कैंसर मरीजों और उनके परिवारों को थोड़ी देने वाली राहत वाली खबर है। राजधानी के गुरुद्वारा बंगला साहिब में बने गुरु हरिकिशन पॉलीक्लिनिक में शुक्रवार को पेट स्कैन की सुविधा शुरू की गई है। इसके जरिए मरीजों के कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की जांच बेहद ही कम रेट में पूरी की जाएगी। कार सेवा वाले बाबा बचन सिंह जी ने अरदास के साथ इसका उद्घाटन किया, जिसमें दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा भी मौजूद रहे।

दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) के प्रधान हरमीत सिंह कालका और जनरल सेक्रेटरी जगदीप सिंह काहलों ने बताया कि बाजार में 25,000 रुपये का पेट स्कैन टेस्ट पॉलीक्लिनिक में मात्र 7,000 रुपये में उपलब्ध होगा। यह कदम आम लोगों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

इस मौके पर कालका और काहलों ने बताया कि गुरुद्वारा कमेटी न केवल गुरुद्वारों का प्रबंधन करती है, बल्कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी योगदान दे रही है। सिरसा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि कम लागत में पेट स्कैन सुविधा से जरूरतमंदों को बड़ा लाभ मिलेगा।

मनजिंदर सिंह सिरसा ने 'एक्स' पर पोस्ट कर लिखा, गुरु हरिकिशन पॉलीक्लिनिक में पेट स्कैन सेंटर के उद्घाटन का हिस्सा बनकर बहुत खुशी हुई... यह एक बहुत जरूरी सुविधा है, जो अनगिनत रोगियों को उन्नत इमेजिंग और शुरुआती पहचान सहायता प्रदान करेगी। डीएसजीएमसी और संगत का बहुत-बहुत आभार, जिन्होंने इसे संभव बनाया। यह केंद्र सरबत दा भला के दृष्टिकोण के अनुरूप, सेबा की गतिविधियों को दर्शाता है। गुरु साहिब मानवता की सेवा के लिए करुणा और उत्कृष्टता के साथ इस पहल को आशीर्वाद दें। यह पॉलीक्लिनिक पहले से ही 50 रुपये में एमआरआई और सीटी स्कैन जैसी सुविधाएं दे रहा है, जिसका लाभ अब तक एक लाख से अधिक मरीज उठा चुके हैं। इसके अलावा बाला साहिब अस्पताल में मुफ्त डायलिसिस की सुविधा भी प्रदान की जा रही है।

## फर्जी कार्डियोलॉजिस्ट ने फरीदाबाद के बीके अस्पताल में कर दीं 55 लोगों की हार्ट सर्जरी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली से सटे फरीदाबाद के बीके अस्पताल स्थित हार्ट सेंटर में एमबीबीएस डॉ. पंकज मोहन ने अपने हमनाम डॉक्टर का नाम इस्तेमाल कर हृदय रोग विशेषज्ञ (कार्डियोलॉजिस्ट) की नौकरी पा ली। इतना ही नहीं उन्होंने 55 लोगों की एंजियो प्लास्टी और एंजियोग्राफी भी कर डाली। यह सब बीके अस्पताल के हार्टसेंटर में हुआ। बता दें कि हरियाणा सरकार से अनुबंध के तहत मेडिट्रीना हॉस्पिटल्स प्राइवेट लिमिटेड, प्रधान चिकित्सा अधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय को किसी भी डॉक्टर की नियुक्ति से पहले वेरिफिकेशन करनी होती है, लेकिन एमबीबीएस डॉक्टर पंकज मोहन शर्मा की नियुक्ति के दौरान वेरिफिकेशन नहीं करने का आरोप है। आरोप यह भी है कि डॉ. पंकज द्वारा किए गए इलाज के कारण हार्ट सेंटर में इलाज कराने आए तीन मरीजों की मौत हो गई थी। इस संबंध में एडवोकेट संजय गुप्ता ने बीते अप्रैल में थाना एसजीएम नगर को शिकायत भी दी थी। उस शिकायत पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अब उन्होंने सीएम विंडो और गृह मंत्रालय को शिकायत दी है। चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ. जयंत आहूजा ने बताया कि एसीबी इस मामले की जांच कर रही है। इसके चलते कार्रवाई करना उचित नहीं। वर्ष 2018 में शुरू हुआ था हार्ट सेंटर - वर्ष 2018 में बीके अस्पताल में पीपीपी मोड पर मेडिट्रीना हॉस्पिटल्स प्राइवेट लिमिटेड को हार्ट सेंटर चलाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। वहीं, डॉ. पंकज मोहन शर्मा नियुक्ति जुलाई-2024 में हुई थी और फरवरी-2025 तक हार्ट सेंटर में नौकरी की। हार्ट सेंटर प्रबंधन पर आरोप है कि डॉ. पंकज मोहन के नाम पर बीपीएल, आरक्षित श्रेणी और आयुष्मान योजना के तहत बिल लगाकर प्रदेश सरकार के साथ भी धोखाधड़ी की है।

# दिल्ली सरकार दिव्यांगों के सहायकों को देगी 5000 रुपये महीना

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार अब दिव्यांगों की देखभाल करने वाले उनके सहायकों को भी आर्थिक मदद उपलब्ध कराएगी। यह सहायक उनके माता-पिता, भाई-बहन या कोई भी हो सकता है। हालांकि, यह उन पर ही लागू होगा जो 80 फीसदी दिव्यांग होंगे और पूरी तरह से किसी अन्य पर निर्भर हैं। सरकार का दावा है कि देश में दिल्ली पहला राज्य होगा, जो इस तरह की योजना पर काम कर रहा है।

समाज कल्याण विभाग मंत्री रविन्द्र इंद्राज ने बताया कि दिव्यांगों की बेहतर देखभाल के लिए जरूरी है कि सहायक को एक मानदेय मिले। हम उस योजना पर काम कर रहे हैं। पांच हजार रुपये मासिक आर्थिक मदद का एक प्रस्ताव तैयार किया गया है। इस प्रस्ताव पर कैबिनेट में एक बार चर्चा भी हो चुकी है। कुछ जरूरी बदलाव हैं, उन पर काम चल रहा है। जैसे ही वह पूरे होंगे, हम जल्द ही इसे दोबारा कैबिनेट में लाकर लागू करेंगे।

समाज कल्याण विभाग के मुताबिक, दिल्ली में करीब एक हजार परिवारों में ऐसे दिव्यांग हैं, जो पूरी तरह से दूसरों पर निर्भर हैं। यह प्राथमिक आंकड़ा है। इसे लेकर एक सर्वे भी किया जाएगा, जिससे वास्तविक आंकड़ा निकलकर आएगा। विभाग का कहना है कि इस योजना को लागू करने का मकसद है कि ऐसे दिव्यांग जो कमजोर वर्ग से आते हैं, उनकी देखभाल में कोई कोताही ना बरती जाए। वर्तमान में दिव्यांगों के लिए समाज कल्याण विभाग की पेंशन योजना है। 40 फीसदी से अधिक दिव्यांग व्यक्ति को प्रतिमाह ढाई हजार रुपये पेंशन दी जाती है। आंकड़ों के मुताबिक, करीब डेढ़ लाख दिव्यांगों को इस पेंशन योजना का लाभ मिल रहा है, मगर उनकी देखभाल करने वाले सहायकों को कोई सहायता नहीं मिलती है।



मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने शुक्रवार को नरेला में मानसिक रूप से दिव्यांगों के लिए तैयार हो रहे भवन का पीडब्ल्यूडी और समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि कैंपस के तैयार होने पर रोहिणी के आशा होम्स जैसे जिन शेल्टरों में क्षमता से अधिक दिव्यांग रह रहे हैं, उन्हें यहां शिफ्ट किया जाएगा। भवन में 220 दिव्यांगों के रहने की सुविधा होगी। इन्द्राज ने कहा कि मामूरपुर और दल्लूपुरा में भी दिव्यांगों के लिए भवन तैयार हो रहे हैं।

## दिल्ली-आगरा हाईवे पर दो कार के बीच भिड़ंत; 3 लोगों की मौत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** फरीदाबाद में दिल्ली-आगरा नेशनल हाईवे पर जेसीबी चौराहे के पास शनिवार तड़के करीब 3 बजे दो कारों के बीच हुई जबर्दस्त भिड़ंत तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। साथ ही कारों में सवार 2 लोग भी घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा जेसीबी कट के पास हुआ। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फरीदाबाद पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, हादसे में मरने वाले तीनों व्यक्ति जेसीबी कम्पनी के कर्मचारी थे। सभी नाइट ड्यूटी खत्म कर एक कार में सवार होकर पलवल जाने के लिए हाईवे पर बने कट से सड़क पार कर रहे थे।

इसी दौरान पलवल की ओर से आ रही तेज रफ्तार दूसरी कार ने उसमें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि एक कार के बोनट में आग लग गई, साथ ही दोनों कारों में सवार पांच लोग घायल हो गए। मामले की सूचना पर मौके पर पहुंची सेक्टर -58 थाना की पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कारों के अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला और नजदीक के एक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया। वहीं, दो घायल व्यक्तियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। वे एक अस्पताल के आईसीयू में भर्ती हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और हादसे के कारण की जानकारी जुटा रही है।

## कश्मीर को पीएम मोदी ने दिया चिनाब ब्रिज और वंदे भारत का तोहफा, बौखलाए पाकिस्तान ने फिर छेड़ा जम्मू-कश्मीर राग

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पहली बार पीएम मोदी शुक्रवार, 6 जून 2025 को जम्मू-कश्मीर के दौरे पर पहुंचे। इस दौरे के दौरान उन्होंने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल चिनाब ब्रिज का भव्य उद्घाटन किया और इसे देश को समर्पित किया। उद्घाटन के समय पीएम मोदी ने हाथ में तिरंगा लेकर चिनाब ब्रिज पर पैदल चलकर एक सशक्त संदेश दिया, जिसे पाकिस्तान के लिए सीधा जवाब माना जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में पाकिस्तान को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पहलगाम हमला न केवल कश्मीरियत पर, बल्कि इंसानियत पर भी शर्मनाक हमला था। उन्होंने साफ कहा कि जो भी कश्मीर के विकास को रोकने की कोशिश करेगा, उसे सबसे पहले नरेंद्र मोदी का सामना करना होगा। उन्होंने पाकिस्तान को गरीबों की रोटी और रोजगार का दुश्मन भी बताया।





पीएम मोदी के इस सख्त बयान के बाद पाकिस्तान में बौखलाहट देखने को मिली। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने भारत के प्रधानमंत्री के बयानों को झूठा और भ्रामक बताते हुए खारिज कर दिया। पाकिस्तान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का बयान असली मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश है और उनके पास हमले का कोई सबूत नहीं है।

पाकिस्तान ने एक बार फिर जम्मू-कश्मीर को अंतरराष्ट्रीय विवाद बताया और कहा कि इसका समाधान संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों और कश्मीर के लोगों की इच्छा के अनुसार होना चाहिए। उसने भारत पर आरोप लगाया कि वहां भारी सैन्य मौजूदगी है, लोगों की आजादी छीनी जा रही है और मनमानी गिरफ्तारियां हो रही हैं, जो अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन है।

पाकिस्तान ने दुनिया भर के देशों, संयुक्त राष्ट्र और मानवाधिकार संगठनों से अपील की है कि वे भारत पर दबाव डालें और यह सुनिश्चित करें कि कश्मीरियों को अपने भविष्य का फैसला खुद करने का अधिकार मिले। पाकिस्तान ने कहा कि वह कश्मीरी जनता के हक और सम्मान की लड़ाई में उनके साथ खड़ा रहेगा। यह घटना एक बार फिर भारत और पाकिस्तान के बीच जम्मू-कश्मीर को लेकर जारी तनाव को उजागर करती है।

## ऑपरेशन सिंदूर पर अमेरिका में बोले थरूर- आतंकवाद और लोकतंत्र की तुलना नहीं हो सकती

**वाशिंगटन एजेंसी।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव को खत्म करवाने में बड़ी भूमिका निभाई। इस पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कड़ा जवाब दिया है। थरूर ने साफ कहा कि दोनों देशों की स्थिति बिल्कुल अलग है और उनके बीच मध्यस्थता की कोई गुंजाइश नहीं है।

थरूर ने कहा, मध्यस्थता ऐसा शब्द है जिसे हम मानने को तैयार नहीं हैं। जब आप मध्यस्थ या ब्रोकर जैसे शब्दों का इस्तेमाल करते हैं, तो आप यह मान लेते हैं कि दोनों पक्ष समान हैं, जबकि ऐसा नहीं है। उन्होंने आगे कहा, एक तरफ वह देश है जो आतंकवाद को पनाह देता है और दूसरी ओर भारत है - एक मजबूत लोकतंत्र जो शांति से जीना चाहता है। ऐसे में दोनों के बीच कोई तुलना नहीं हो सकती।

थरूर ने यह भी कहा, भारत अपने तरीके से अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन करता है, जबकि पाकिस्तान 75 साल पुरानी सीमाओं और राजनीतिक व्यवस्था को बदलना चाहता है। ऐसे दो बिल्कुल अलग देशों के बीच मध्यस्थता की बात करना बिल्कुल गलत है। बता दें कि शशि थरूर इस समय अमेरिका के दौरे पर हैं और वे ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारतीय सांसदों के एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने यह बयान अमेरिका की काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस में एक सवाल के जवाब में दिया।

ट्रंप ने कई बार दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रोकने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि 10 मई को भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम हुआ और इसमें अमेरिका की मध्यस्थता ने बड़ी भूमिका निभाई। ट्रंप का दावा है कि उन्होंने दोनों देशों से कहा, अगर तुम लड़ते रहोगे और परमाणु हथियार दिखाते रहोगे, तो अमेरिका तुम्हारे साथ व्यापार नहीं करेगा।

ट्रंप ने जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के साथ बातचीत में भी यही बात दोहराई और कहा, मैंने वह युद्ध रुकवाया। क्या मुझे इसका श्रेय मिलेगा? नहीं मिलेगा। लेकिन सच ये है कि और कोई ऐसा नहीं कर सकता था। भारत सरकार ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम का फैसला दोनों देशों की सेनाओं के सैन्य संचालन महानिदेशकों के बीच सीधे बातचीत से हुआ था।



इससे पहले, 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में एक आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की मौत हुई थी। इसके जवाब में भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान-अधिकृत कश्मीर में मौजूद आतंकी ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए थे। चार दिन तक चली इस कार्रवाई के बाद, 10 मई को युद्धविराम पर सहमति बनी।

**थरूर ने अमेरिकी प्रयासों को सराहा, लेकिन भूमिका सीमित बताईन** जब थरूर से पूछा गया कि वह अमेरिका की भूमिका को कैसे देखते हैं, तो उन्होंने कहा, कुछ कॉल्स हमारी सरकार को अमेरिका की ओर से जरूर आईं। हम उनकी चिंता और बातचीत की पहल की सराहना करते हैं। लेकिन मेरा अनुमान है कि अमेरिका ने पाकिस्तान से ज्यादा बात की होगी और शायद वहीं असर हुआ। उन्होंने यह भी कहा, हम मानते हैं कि पाकिस्तान को ही समझाने की सबसे ज्यादा जरूरत थी। लेकिन यह मेरा निजी अनुमान है, मैं नहीं जानता कि उन्होंने वहां क्या बातचीत की।

## बांग्लादेश से आई बड़ी खबर, मोहम्मद यूनुस ने कर दिया चुनाव का ऐलान

**ढाका एजेंसी।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने शुक्रवार को घोषणा की कि देश में आम चुनाव अगले साल अप्रैल की पहली छमाही में होंगे। यह घोषणा पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की ओर से इस साल दिसंबर तक चुनाव कराने की मांग को लेकर हाल ही में किए गए विरोध-प्रदर्शनों के बीच की गई है। 'ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर के मुताबिक, टेलीविजन पर राष्ट्र के नाम संबोधन में यूनुस ने कहा कि निर्वाचन आयोग समय आने पर विस्तृत रूपरेखा पेश करेगा। उन्होंने कहा, चुनाव के समय को लेकर जनता और राजनीतिक दलों में काफी उत्सुकता है। जैसा कि मैंने पहले भी कहा है, चुनाव दिसंबर से जून के बीच होंगे। सरकार इस समय सीमा में विश्वसनीय तरीके से चुनाव कराने के लिए अनुकूल माहौल सुनिश्चित करने के वास्ते लगातार काम कर रही है। यूनुस ने पिछले साल अगस्त में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार के पतन के बाद अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के रूप में कार्यभार संभाला था। उन्होंने कहा कि एक स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और समावेशी चुनाव कराना सरकार की मुख्य जिम्मेदारी है। यूनुस (84) ने कहा, हमारा लक्ष्य भविष्य में संभावित संकट को रोकना है। इसके लिए संस्थागत सुधार की जरूरत है।

# गरगा नदी की साफ-सफाई व अतिक्रमण मुक्त कराने निर्देश



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** शनिवार को डीसी सह डीएम अजय नाथ झा ने बीएस सिटी के सेक्टर वन सी - भर्रा बस्ती को जोड़ने वाली पुल का भी जायजा लिया। जहां पूर्व में मवेशियों के करंट लगने से दो पक्षों में विवाद हो गया था। डीसी ने उपस्थित एसडीओ, बीडीओ/ सीओ से पूर्व की घटना की जानकारी ली। इस क्रम में उन्होंने गरगा नदी में जल कुंभी व गंदगी देख नाराजगी जताई। उन्होंने गरगा नदी की साफ - सफाई को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया। कहा कि नदियों की साफ - सफाई केवल पव- त्योहार के समय ही करना सही नहीं है। इसकी साफ-सफाई नियमित होनी चाहिए। उन्होंने नगर निगम चास प्रशासन को अतिरिक्त मानव बल लगाकर गरगा नदी की साफ - सफाई कराने एवं नदियों को गंदा नहीं करने के लिए आस - पास के इलाकों में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने को कहा।

डीसी ने इस क्रम में नदियों के किनारे अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई को लेकर चास अंचलाधिकारी को जरूरी दिशा - निर्देश दिया। उन्होंने इस मुद्दे पर सीओ को शक्ति से पेश आने, सभी अतिक्रमणकारियों को तामिला कर कार्रवाई करने को कहा। मौके पर एसडीओ प्रांजल ढ़ांडा, डीटीओ वंदना शेजवलकर, बीडीओ डा. प्रदीप कुमार, सीओ दीवाकर दूबे, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## डीसी एसपी ने बोकारो परिसदन परिसर में किया पौधारोपण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** उपायुक्त अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने बोकारो परिसदन परिसर में पौधारोपण किया।

मौके पर उपायुक्त ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़ - पौधे जरूरी है। ये हमें जीवन के लिए ऑक्सीजन, खाने के लिए फल और गर्मी में छांव देते हैं। धरा को हरा झ भरा करने एवं जीवन को बचाने के लिए सबको पौधारोपण का संकल्प लेने की जरूरत है। उन्होंने जिलावासियों से इस बार अपने आस-पास कम से कम एक पौधा लगाने का अपील किया।

वहीं, पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पौधारोपण करना सबकी जिम्मेदारी है। हम सबको अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। पर्यावरण स्वच्छ है तभी जीवन स्वस्थ्य है। पौधे जब बड़े होते हैं तो यह हमें फल, फूल व छाया सहित जीवन जीने के लिए ऑक्सीजन देते हैं। उन्होंने भी आम जनों से बढ़-चढ़ कर पौधारोपण करने का अपील किया।

# प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को जनता दरबार लगाएंगे बीडीओ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** जिले के सभी सीओ प्रतिदिन कार्यालय दिवस पर अपराह्न एक बजे से दो बजे तक अंचल कार्यालय में ही राजस्व से संबंधित सभी तरह के मामलों की सुनवाई करेंगे और मामलों का समाधान करेंगे। वहीं, विशेष रूप से सभी अंचलाधिकारी - प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन कर आम जनों के सभी तरह के मामलों की सुनवाई करेंगे। उक्त दिनों में विशेष परिस्थिति को छोड़कर किसी भी पदाधिकारी/कर्मी का अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा। यह बातें उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहीं। वह शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में पदाधिकारियों को निर्देश दे रहें थे। उपायुक्त ने कहा कि जिला स्तरीय जनता दरबार में ज्यादातर मामले भूमि एवं राजस्व से संबंधित प्राप्त हुए हैं। प्रतिदिन अंचल स्तर पर ही अंचलाधिकारियों द्वारा ऐसे मामलों की सुनवाई हो जाने से जिला स्तर पर ऐसे मामले नहीं आएंगे। बेवजह आमजनों को परेशान नहीं होना होगा। उन्होंने मौके पर उपस्थित पदाधिकारी को इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उधर, आयोजित जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर उपायुक्त ने क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 26 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं/शिकायतों पर सुनवाई किया। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। इसके अलावा कई मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया।

उन्होंने उपस्थित जिला जनसंपर्क पदाधिकारी एवं जिला नजारत उप समाहर्ता को जिले में भव्य पुस्तक मेले का आयोजन करने का निर्देश दिया। इस दौरान साहित्यिक गतिविधियां भी आयोजित करने को कहा।

जनता दरबार में बीएसएल प्रबंधन, नगर निगम चास, आपूर्ति विभाग, भूमि विवाद, राजस्व, बेरमो अंचल, जिला ग्रामीण विकास विभाग, सामाजिक सुरक्षा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी शिक्षा विभाग आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त से शुक्रवार को विभिन्न सामाजिक संगठनों/पंचायत प्रतिनिधियों ने मुलाकात किया। उनके पदस्थापन को लेकर उन्हें बधाई दी। साथ ही, अपनी समस्याओं को भी उपायुक्त के समक्ष रखा। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, जिला जन संपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

## दो दिनों में दो महिलाओं से छिनतई

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के परसुडीह थाना क्षेत्र में दो दिनों के भीतर दो अलग-अलग छिनतई की घटनाएं सामने आई हैं। पहली घटना गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे परसुडीह बाजार के पास हुई, जहां चांदनी चौक निवासी कनिका गोप अपने घर से बाजार जा रही थीं। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक उनका मोबाइल और पर्स छीनकर फरार हो गए। वारदात के दौरान महिला सड़क पर गिर पड़ीं। पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है।

दूसरी घटना शुक्रवार शाम 4 बजे हलूदबनी के सिद्धू कानू चौक के पास हुई। यहां सिंटू मुखर्जी की पत्नी बाजार जा रही थीं, तभी एक बाइक पर सवार तीन युवकों ने उनका मोबाइल, पर्स और दस हजार रुपये छीन लिए। छीना-झपटी के दौरान महिला को गंभीर चोटें आईं, खासकर आंख के पास गहरी चोट लगी। फिलहाल उनका इलाज सदर अस्पताल में जारी है। परसुडीह थाना पुलिस दोनों मामलों में छानबीन कर रही है। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

# ठेकेदारों के लिए सेवा अनुबंध प्रावधानों पर जागरूकता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में आज सेवा अनुबंध के विभिन्न पहलुओं की समझ विषय पर 70 से अधिक ठेकेदारों के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बीएसएल में कार्यरत ठेकेदारों को सेवा अनुबंध की प्रमुख शर्तों, वैधानिक अनुपालनों की सटीक जानकारी प्रदान करना था, जिससे आउटसोर्स कार्य का निष्पादन कुशल, पारदर्शी एवं विधिसम्मत ढंग से सुनिश्चित किया जा सके। आज के औद्योगिक परिदृश्य में जब अनुपालन, पारदर्शिता एवं जोखिम प्रबंधन अत्यंत महत्वपूर्ण हो गए हैं यह पहल संविदात्मक जोखिमों को कम करने ठेकेदारों के साथ सहयोगात्मक संबंध सुदृढ़ करने तथा बीएसएल के परिचालन मानकों एवं दीर्घकालिक रणनीतिक लक्ष्यों के अनुरूप कार्य निष्पादन को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम में शुभम वर्मा, वरीय प्रबंधक (ठेका प्रकोष्ठ - संकार्य) एवं सुजय दत्ता, उप महाप्रबंधक ने बतौर संकाय सहभागिता करते हुए सेवा अनुबंध प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपने बहुमूल्य अनुभव साझा किए। यह कार्यक्रम बीएसएल की उस प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है जिसके अंतर्गत एक सजग, कानूनी रूप से सक्षम एवं सुरक्षा के प्रति संवेदनशील ठेकेदार कार्यबल का निर्माण किया जा रहा है, जो बीएसएल की संचालन उत्कृष्टता की दिशा में सहायक सिद्ध हो रहा है। कार्यक्रम का समन्वयन अमित आनंद, सहायक महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के ऋषिकेश रंजन, पर्यवेक्षक एवं सिधो चरण मुर्मू, प्रशिक्षक का सराहनीय योगदान रहा।

## घायल की मौत के बाद हंगामा

**बोकारो।** बोकारो के सिटी थाना क्षेत्र के शिमला कॉलोनी में चाकूबाजी की घटना के बाद जख्मी हुए युवक जॉर्ज बरला की आज इलाज के दौरान मौत हो गई। यह वारदात 4 जून की रात करीब 10 बजे की है, जब किसी बात को लेकर जोखिम तिर्की ने जॉर्ज बरला पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया था।

जख्मी जॉर्ज को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया और बाद में बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर किया गया था। लेकिन आज उनकी मौत हो गई।

जैसे ही जॉर्ज बरला का शव उनके आवास शिमला कॉलोनी पहुंचा, इलाके में हंगामा शुरू हो गया। गुस्साए परिजनों और स्थानीय लोगों ने आरोपी जोखिम तिर्की के घर पर पथराव कर दिया और जमकर नारेबाजी की।

सूचना मिलते ही सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। पुलिस ने आरोपी के परिजनों को सुरक्षा की दृष्टि से थाने ले जाया है।

सिटी थाना प्रभारी सुदामा दास ने कहा कि स्थिति को नियंत्रण में कर लिया गया है, शव को दाह-संस्कार के लिए भेज दिया गया है।

# जंगलों में दिखे मोर, प्रकृति प्रेमियों के लिए बना आकर्षण का केंद्र



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी के जंगलों में राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौजूदगी से जैवविविधता और नैसर्गिक सुंदरता बढ़ गई है। खूंटी जिले के घने जंगलों में राष्ट्रीय पक्षी मोर की चहलकदमी इन दिनों प्रकृति प्रेमियों और वन्यजीव विशेषज्ञों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। जिले के खूंटी प्रखंड स्थित फूदी पंचायत के जंगल इलाकों में और सिरकापिड़ी तथा मुरहू प्रखंड स्थित पतकी ईकिर, घघारी, जाते और कोनवा गांव के बीच फैले जंगलों से लेकर अड़की प्रखंड के बेड़ाहातू, कोचांग, मदहातू जैसे इलाकों में मोर और मोरनी की अच्छी संख्या हो गई है।

राज्य के विशेष कार्य पदाधिकारी एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) अर्जुन बड़ाईक ने बताया कि खूंटी और सिमडेगा के जंगल मोरों के लिए अत्यंत अनुकूल हैं। यहां की जलवायु और जैव विविधता उन्हें पर्याप्त भोजन और सुरक्षित आश्रय प्रदान करती है। मोर दाना, कीड़े-मकोड़े, सांप, बिच्छू, छिपकली, घास के बीज, चिरौंजी, फल और केंचुए आदि खाते हैं। उनकी भोजन प्रणाली पर्यावरण के संतुलन में भी मददगार होती है।

मोरनी जमीन पर बने छोटे गड्ढों में सूखे पत्ते इकट्ठा कर अंडे देती है। एक बार में वह 10 से 12 अंडे देती है और उन्हें 28 से 30 दिनों तक सेती है। चुजे निकलने के बाद मोरनी उनकी देखभाल करती है। यह प्रकृति का एक अनूठा दृश्य होता है।

मोर वन्य प्राणी (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची-1 के तहत संरक्षित प्राणी है। इसे मारना, पकड़ना, अंडे नष्ट करना, पंख उखाड़ना या व्यापार करना अपराध की श्रेणी में आता है, जिसके लिए अधिकतम दो साल की जेल या एक लाख रुपये जुमार्ना अथवा दोनों की सजा हो सकती है।

# बेटियों - महिलाओं को आगे आने के लिए उपायुक्त ने किया प्रोत्साहित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** जनता दरबार में पहुंची बेटियों/महिलाओं को उपायुक्त अजय नाथ झा ने आगे आने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि बेटियां किसी भी मायने में बेटों से कम नहीं है। आज सभी क्षेत्रों में बेटियों ने अपना लोहा मनवाया है। हर क्षेत्र में बेटों के साथ बेटियां भी कदम ताल कर रही है, इसलिए बेटियां - महिलाएं अपने आप को कमजोर नहीं समझें, समाज में ऊर्जा के साथ आगे बढ़ें।

उपायुक्त ने कहा कि बेटियां बचपन में भाई/पिता, विवाह होने पर पति और मां बनने पर अपने बच्चों पर निर्भर हो जाती है। इस परिपाटी को हमें तोड़ना है। उन्होंने जनता दरबार में पहुंची महिलाओं को स्वयं को कमजोर नहीं समझ, किसी बैशाखी का सहारा नहीं लेने। स्वयं पर भरोसा करते हुए अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने को कहा।

उल्लेखनीय हो कि, जनता दरबार में कई महिला पंचायत प्रतिनिधि अपने परिवार के सदस्यों के साथ एवं एक कालेज की छात्रा अपने भाई के साथ उपायुक्त से मिलने आई थी। इस दौरान उन्होंने उक्त बातों को कह कर उनका हौसला अफजाई किया।

# धूमधाम से मनाई गई बकरीद, मस्जिदों में पढ़ी गई नमाज



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बड़कागांव, हजारीबाग।** वैश्विक पर्व बकरे ईद काफी हर्षोउल्लास के साथ पूरे बड़कागांव प्रखंड में शांतिपूर्वक मनाई गई। शनिवार को लोग अहले सुबह उठकर बकरे ईद की तैयारी में जुट गए थे। और सुबह होते ही समयानुसार अपने-अपने निकटतम मस्जिदों में जाकर बकरीद की नमाज अदा की। सामूहिक रूप से नमाज अदा कर अपने परिवार, करीबियों और देशवासियों के लिए अमन चैने की दुआ मांगी। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। बादम जामा मस्जिद, बलिया जामा मस्जिद, बड़कागांव जामा मस्जिद, चट्टी मस्जिद, मोकद्दस मस्जिद बादम, सिरमा मस्जिद, महुदी मस्जिद, महुगाई मस्जिद, सीकरी मस्जिद, चंदौल मस्जिद, पंजतन पाक वाली उल उलोम मस्जिद, डाड़ी कलां, चेपा मस्जिद, सिंदूवारी मस्जिद, हाहे मस्जिद, छवनिया मस्जिद, कनोदा मस्जिद, रुद्दी मस्जिद के अलावा अन्य मस्जिदों में बकरे ईद की अकीदत के साथ नमाज अदा की गई। बच्चे, बूढ़े, जवान, महिला, पुरुष में त्योहार को लेकर उत्साह देखा गया। नमाज के बाद लोग कुबार्नी के फरीजे को अंजाम दिया। त्योहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन के द्वारा मस्जिदों एवं संवेदनशील क्षेत्र स्थान में मजिस्ट्रेट के साथ मजिस्ट्रेट के साथ सशस्त्र पुलिस बल तैनात किए गए थे । विधि व्यवस्था में एसडीपीओ पवन कुमार ,बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, सीओ मनोज कुमार, पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार, थाना प्रभारी नेमधारी रजक की अगुवाई में दिनभर मॉनिटरिंग करते नजर आए, ताकि बकरीद शांतिपूर्वक संपन्न हो सके। मौके पर हाजी तबस्सुम, मुखिया तकरीमुउल्ला खान, पंचायत समिति सदस्य राजा खान,जीप प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम, मोहम्मद अली, अख्तर हुसैन, इकराम उल हक, मोहम्मद अली रजा, शमशेर आलम, मोहम्मद सहीम, जुबेर खान, मोदस्सर खान, जानेसारे अंसारी, फिरोज खान, असीम अरशद, शब्बू खान, मोहम्मद आसीन, नसीब खान, जमाल सगीर, सेराज अंसारी, मोकितुल्लाह खान, मोहम्मद शहंशाह, गुड्डू खान, पिंटू खान, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद आफताब आलम, डाड़ीकला सेक्रेटरी साहब मोहम्मद कुतुब रब्बानी, मोहम्मद जकीउलल्लाह, मोहम्मद मोइनुद्दीन अंसारी, मोहम्मद इम्तियाज, मोहम्मद आशिक के अलावा हजारों लोगों ने ईद की नमाज पढ़ी एवं एक दूसरे से गले मिलकर ईद मनाई।

## भारत विकास परिषद ने निकाली गौरवशाली तिरंगा यात्रा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** शनिवार को भारत विकास परिषद धनबाद मुख्य शाखा की ओर से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।तिरंगा यात्रा का शुभारंभ आईएसएम परिसर से हुआ, जो पुलिस लाइन, कंबाइंड बिल्डिंग, सिटी सेंटर, सिंफर गेट होते हुए सिंफर कॉलोनी तक पहुँची। यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र भारत माता की जय,वंदे मातरम और जय हिंद के नारों से गुंजायमान हो उठा।आईएसएम और सिंफर के सैकड़ों छात्र, कर्मचारी व नागरिकों ने हाथों में तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक इस यात्रा में भाग लिया।इस आयोजन का उद्देश्य देश की तकनीकी शक्ति,ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुँचाना था।इस अवसर पर सोमनाथ पृथी,पूर्व अध्यक्षकिशन गोयल,अध्यक्ष सुदीप चक्रवर्ती सचिव,पवित्र तुलस्यान कोषाध्यक्ष,पंजक कुमार,पूर्व सचिव संजय अग्रवाल पर्यावरण प्रमुख एवं अनेक सदस्यगण उपस्थित थे।साथ ही,आईएसएम से डी. डायरेक्टर धीरज कुमार,खेल विभाग अध्यक्ष, संजय मंडल,स्पोर्ट्स ऑफिसर, अभिषेक वैश्य, सुश्री अनिता कुमारी तथा सिंफर से डायरेक्टर अरविंद कुमार मिश्रा,डॉ. आदित्य राणा एवं अन्य वैज्ञानि सादस्यगन की गरिमामयी उपस्थिति रही।यह यात्रा राष्ट्रप्रेम, एकता और तकनीकी गौरव का अद्वितीय प्रतीक बनकर धनबाद वासियों के दिलों में अमिट छाप छोड़ गई।

# शिशु सृजन वाटिका के बच्चों के साथ स्नेह मिलन का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** सामाजिक संस्था संकल्प सृजन समाज में एक सेतु की भूमिका निर्वह्न करता है। स्नेह -मिलन उसी सेतु की एक कडी है जो स्नेह के डोर से दो विषम समाज को जोडती है। यह डोर संभ्रात समाज के सुधि व परहितचिंतक जनों को अभिवंचित समाज से जोडने का प्रयास करती है। उक्त बातें कौशल किशोर राय ने अरूणोदय आश्रम में आयोजित स्नेह मिलन कार्यक्रम में बतौर अभिभावक कहे।

संचार संयोजिका ईंदू देवी ने स्नेह मिलन के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि संभ्रात समाज के सुधि जन अपने घर में होने वाले मांगलिक या प्रसन्नता के अवसर सहित अपने पुण्यात्मा पुर्वजों की जयंती अथवा पुण्यतिथि के अवसर पर स्नेह-मिलन का आयोजन करते हैं। आयोजन का मूख्य उद्देश्य अभिवंचित वर्ग के बच्चों के साथ कुछ समय बिताना और उनके अनुकूल प्रतियोगिता आयोजित कर बच्चों का उत्साह बढाना होता है। कार्यक्रम संयोजिका अनिता देवी ने बताया कि स्नेह मिलन की आज 171वीं कडी है, जिसमें हमारे साथ विशिष्ट सेवाभावी नितीन त्रिपाठी, प्राची त्रिपाठी एवं परिजन उपस्थित होकर बच्चों के साथ पूरी तरह घूलमिलकर खेल और दोहा वाचन प्रतियोगिता से बच्चों को भरपूर स्नेह देने के साथ ही ज्ञान-दर्शन भी कराए। कार्यालय प्रभारी नेहा देवी ने बताया कि नितीन त्रिपाठी अपने पिता स्मृतिशेष नारायण त्रिपाठी की पुण्य तिथि पर यहाँ उपस्थित हुए और बच्चों के बीच भोजन के साथ ही फल, मिठाई एवं पुरस्कार स्वरूप पठन-पाठन सामग्री भेंट किए।

त्रिपाठी परिवार की पुत्रवधु प्राची त्रिपाठी ने क्वीज एवं दोहा, कविता-वाचन प्रतियोगिता करवाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

नितीन त्रिपाठी ने संस्था कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहे कि बच्चों के बीच संस्कार रूपी रस भरने का जो काम संकल्प सृजन के माध्यम से हो रहा है, वह अतुलनीय तो है किंतु अनुकरणीय भी है। समाज को उदार हृदय से आगे बढकर संस्था के साथ हाथ से हाथ मिलाकर चलने का उत्तम प्रबंध करना चाहिए।इस अवसर पर जिला संयोजक आर के चौधरी एवं अन्य आगंतुक सहित नेहा, अनिता, ईंदू, मोनी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्वामी दिव्यज्ञान को कुछ हुआ तो भाजपा संगठन जिम्मेदार :हृदयानंद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** वरिष्ठ अधिवक्ता और हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य हृदयानंद मिश्र ने वरिष्ठ पत्रकार स्वामी दिव्यज्ञान (सौम्य मिश्र) की सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र भेजा है। उन्होंने यह पत्र पलामू उपायुक्त के माध्यम से सौंपा, जिसमें उन्होंने आशंका जताई कि स्वामी दिव्यज्ञान को जान का खतरा हो सकता है और यदि ऐसी कोई घटना घटती है तो इसकी नैतिक व राजनीतिक जिम्मेदारी भाजपा संगठन और उसके वर्तमान संगठन मंत्री की होगी।

मिश्र ने कहा, स्वामी दिव्यज्ञान ने भाजपा के संगठनात्मक ढाँचे, प्रवासहीन नेतृत्व और कार्यकर्ता उपेक्षा पर जो वैचारिक लेखन किया है, वह संगठन के अंदर की असुविधाजनक सच्चाइयों को सामने लाता है। उनके पोस्टों के बाद जिस तरह की प्रतिक्रियाएँ फेसबुक पर आई हैं—चाहे वे सार्वजनिक कमेंट्स हों या संकेतात्मक बातें—वह एक चिंताजनक स्थिति की ओर इशारा करती हैं।

हृदयानंद मिश्र ने यह भी जोड़ा कि, स्वामी दिव्यज्ञान ने विचारों के स्तर पर जो बातें रखीं, उनका जवाब वैचारिक नहीं, बल्कि व्यक्तिगत स्तर पर दिए जाने लगे—यह किसी स्वस्थ राजनीतिक संस्कृति का संकेत नहीं है। उन्होंने सरकार से माँग की कि पत्रकार की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए, क्योंकि यह सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, बल्कि असहमति की स्वतंत्रता की सुरक्षा का प्रश्न है।

## जनजातीय समुदाय की स्थिति चिंताजनक : दास

बोकारो। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास शनिवार को दुमका पहुंचे. उन्होंने भाजपा कार्यकताओं से मुलाकात की। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए रघुवर दास ने कहा कि झारखंड में जनजातीय समुदाय की स्थिति काफी दयनीय हो चुकी है। हेमंत सरकार अपने वोट बैंक के खातिर इसे पिछड़ा अवस्था में ही रखना चाहती है। राज्य के आदिवासी, पिछड़ा और दलित समाज ठगा महसूस कर रहा है।

# जिले में शांतिपूर्ण तरीके से अदा की गई बकरीद की नमाज



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** ईद-उल-जोहा (बकरीद) के अवसर पर जिले के सभी ईदगाह और मस्जिदों में शांतिपूर्ण तरीके से ईद की नमाज अदा की गई। इस अवसर पर नमाजियों ने देश की खुशहाली, बरकत, अमन और चैन की दुआ मांगी।

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने बताया कि सभी जगह उल्लास पूर्वक और पूरे अकीदत के साथ त्योहार मनाया गया। उन्होंने बताया कि शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये थे। सभी थाना क्षेत्र में पुलिस बल के साथ मेजिस्ट्रेट की तैनाती की गई थी। सुबह 6:00 बजे से कंट्रोल रूम कार्यरत रहा। कंट्रोल रूम में कहीं से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। नगर निगम की टीमों ने साफ-सफाई और पुलिस ने ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर विशेष व्यवस्था की थी।

वहीं सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने न्यू स्टेशन, नया बाजार, वासेपुर व भूली समेत अन्य इलाकों में जाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उनके साथ अंचल अधिकारी धनबाद शशि कान्त सिंकर, बैंक मोड़ थाना प्रभारी प्रवीण कुमार व भूली ओपी प्रभारी अभिनव कुमार व पुलिस के अन्य जवान मौजूद थे।

धनबाद के रेलवे ग्राउंड में सबसे बड़ी नमाज अदा की गई। यहां हजारों की संख्या में लोगों ने एक साथ सजदा कर ईद-उल-जोहा की नमाज अदा की। नमाज के दौरान सामाजिक सौहार्द्र और भाईचारे का अद्भुत नजारा देखने को मिला। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। रेलवे ग्राउंड के अलावा गोविंदपुर, झरिया, कुसुंडा, भुली, बलियापुर, लोयाबाद, सरायढेला और बैंक मोड़ सहित जिले के विभिन्न इलाकों की मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई।

# श्रावणी मेला की तैयारी में जुटा जिला प्रशासन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**देवघर।** विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला में अब कुछ ही दिन शेष है। ऐसे में देवघर पहुंचने वाले कांवरिया की सुविधा के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियों को जोर शोर से करने में जुट गई है जिसको लेकर आज देवघर डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने श्रावणी मेला की तैयारी को लेकर समस्त जिला प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ कांवरिया पथ रूट लाइन का निरीक्षण किया। इस दौरान डीसी ने साफ तौर पर निर्देश दिया कि श्रावणी मेले में देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए बेहतर सुविधा, स्वच्छता, सुरक्षा और समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।निरीक्षण के क्रम में उन्होंने रास्तों की साफ-सफाई, लाइटिंग व्यवस्था, पेयजल, मेडिकल सुविधा, शौचालय, ट्रैफिक कंट्रोल तथा नियंत्रण कक्ष की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि श्रावणी मेला में लाखों श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथधाम पहुंचते हैं, ऐसे में प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है कि हर स्तर पर व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रहें।

## अनीता मजूमदार दुबई के फैशन मैगजीन के कवर पेज पर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** दुबई के होटल ट्री हिल्टन में मशहूर फैशन मैगजीन लॉन्च हुआ। इसके कवर पेज में धनबाद की मॉडल और अभिनेत्री अनीता मजूमदार को कवर गर्ल बनाया गया। साथ ही अनीता मजूमदार के लाइफस्टाइल, खूबसूरती बरकरार रखने के लिए डाइट, मुकाम तक पहुंचने के लिए कठिन प्रयास-संघर्ष और हर एक अचीवमेंट को दशार्या गया। मैगजीन में अनीता का पेरिस में हर साल दो बार आयोजित प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मॉडल रैंप वॉक में परफॉर्म करने का गौरवपूर्ण मौका मिला।

अनीता मजूमदार ने बताया कि धनबाद वासियों ने हमेशा मुझे बेटी की तरह प्यार और समर्थन दिया है इसके लिए मैं सदा आभारी रहूंगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी.कॉर्प.लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक: मनोज विशाल फोन नंबर: 9431145865, 8210783623, आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या: JHAHIN/2017/72655, Email : bokaronbt@gmail.com